e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 160
मंगलवार
13.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

यदि आपके पास ज्ञान है तो उससे आप अपने पास की व्याख्या मत करिये, इससे अपना भविष्य और भी बेहतर बनाइये।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 37⁰
न्युनतम 23⁰

## क्विक न्यूज

### सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर को अपराधियों ने जलाया

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के जोन्हा के जरवाडीह गांव में रांची-मुरी सड़क निर्माण कार्य में लगी जय माता दी कस्ट्रंक्शन कंपनी के रोड रोलर में बदमाशों ने आग लगा दी। रोड रोलर के अलावा गांव की पेयजल टंकी, सोलर प्लेट और बिजली के तार भी पूरी तरह से जल गये, जिसकी वजह से जरवाडीह गांव में पेयजल और बिजली आपूर्ति ठप हो गयी है। ग्रामीणों के एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह सोसो गांव की ओर से एक बाइक पर सवार होकर दो युवक कंपनी के साइट पर पहुंचे। रोड रोलर को स्टार्ट कर आगे पीछे किया। इसके बाद डीजल डालकर आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही अनगड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को उग्रवादी संगठन, आपराधिक गिरोह या असमाजिक तत्वों ने अंजाम दिया है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### बरेली में भीषण सड़क हादसा, मां-बेटी समेत तीन की मौत

**लखनऊ** : बरेली के देवरनियां क्षेत्र में सोमवार को नैनीताल हाईवे पर सेमीखेड़ा के पास गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्रैक्टर की सामने से आते टेंपो से टक्कर हो गई। हादसे मे मां- पुत्री समेत टेंपो चालक की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। सभी एक ही परिवार के थे। कस्बा मुंडिया जागीर उर्स के कुल शरीफ में शामिल होने जा रहे थे।देवरनियां के कस्बा मुडिया जागीर में बैहरमशाह बाबा का उर्स का सोमवार को कुलशरीफ के साथ समापन था। थाना सीबीगंज के गांव तिलियापुर के रहने वाले हाजी रफीक अपने परिवार के साथ कुलशरीफ में शामिल होने जा रहे थे। इसके लिए सीबीगंज के ही रहने वाले खादिम का टेंपो बुक किया था।

### सरकार ने डेटा लीक पर दी सफाई, कहा कोविन पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली** : डेटा लीक होने की खबरों का खंडन करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि कोविन पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। नागरिकों का डेटा सुरक्षित करने के लिए कई तरह के इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कोविन पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित है। वेब एप्लिकेशन फ़ायरवॉल, एंटी-डीडीओएस, नियमित भेद्यता मूल्यांकन, पहचान और एक्सेस प्रबंधन आदि के साथ कोविन पोर्टल पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। केवल ओटीपी प्रमाणीकरण-आधारित डेटा एक्सेस प्रदान किया जाता है। उल्लेखनीय है कि ट्विटर की कुछ पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है वैक्सीन ले चुके नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी टेलीग्राम बॉट पर सार्वजनिक हो चुकी है। इनमें नागरिकों का नाम, जन्मतिथि, आधार नंबर, पासपोर्ट नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारी लीक होने का दावा किया गया है।

### भोपाल के सतपुड़ा भवन में लगी भीषण आग

**भोपाल** : मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित सतपुड़ा भवन में सोमवार को भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग की तीसरे मंजिल पर स्थित आदिम जाति क्षेत्रीय विकास परियोजना के ऑफिस में भीषण आग लगी। बताया जा रहा है कि द्वितीय मंजिल पर स्थित जनजातीय कार्य संचालनालय के एसी में आग लगी थी। जिसके बाद यह लगातार बढ़ता गया। अग्निकांड में स्वास्थ्य विभाग के कई महत्वपूर्ण शाखाओं के दस्तावेज खाक होने की आशंका जताई जा रही है। फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची।

### बिपरजॉय तूफान 15 जून को मचाएगा तबाही, गुजरात से पाकिस्तान तक हाई अलर्ट जारी

# संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित निकाला जाए : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवात बिपारजॉय से निपटने के लिए केंद्र और गुजरात के मंत्रालयों व एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संवेदनशील स्थानों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रूप से निकाला जाए और बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य, पेयजल आदि जैसी सभी आवश्यक सेवाओं का रखरखाव सुनिश्चित किया जाए और उन्हें हुई क्षति की घटना तुरंत बहाल किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नियंत्रण कक्षों के 24 घंटे कार्य करने का भी निर्देश दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवात बिपारजॉय के 15 जून की दोपहर तक मांडवी (गुजरात) और कराची (पाकिस्तान) के बीच जखाऊ पोर्ट (गुजरात) के पास सौराष्ट्र और कच्छ को एक बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार करने की उम्मीद है। 125-135 किमी प्रति घंटे की अधिकतम निरंतर हवा की गति के साथ 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार।

इससे गुजरात के तटीय जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है, जिसमें कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर में अत्यधिक भारी वर्षा और 14-15 को गुजरात के पोरबंदर, राजकोट, मोरबी और जूनागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रधानमंत्री को यह भी बताया गया कि गृह मंत्रालय 24 घंटे स्थिति की समीक्षा कर रहा है और राज्य सरकार और संबंधित केंद्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। एनडीआरएफ ने 12 टीमों को पहले से ही तैनात कर दिया है, जो नावों, पेड़ काटने वालों, दूरसंचार उपकरणों आदि से लैस हैं और 15 टीमों को स्टैंडबाय पर रखा है।

### एनडीआरएफ की 12 टीमें तैनात, 15 टीमें स्टैंडबाय पर



### राहत व बचाव कार्यों के लिए जहाज व हेलीकाप्टर तैनात

भारतीय तट रक्षक और नौसेना ने राहत, खोज और बचाव कार्यों के लिए जहाजों और हेलीकाप्टरों को तैनात किया है। सेना की वायु सेना और इंजीनियर टास्क फोर्स इकाइयां, नावों और बचाव उपकरणों के साथ, तैनाती के लिए स्टैंडबाय पर हैं। निगरानी हुई विमान और हेलीकॉप्टर तट पर लगातार निगरानी कर रहे हैं। आपदा राहत दल (डीआरटीएस) और सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के चिकित्सा दल (एमटीएस) स्टैंडबाय पर हैं।

### बिपरजॉय के कारण पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनें रद्द

अहमदाबादः चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रद्द ट्रेन में ओखा-राजकोट (13 से 16 जून), राजकोट-ओखा (12 से 15 जून), वेरावल-ओखा व ओखा-वेरावल (12-15 जून), ओखा-दिल्ली सराय रोहिल्ला (13 जून, दिल्ली सराय रोहिल्ला-ओखा (14 जून), भावनगर-ओखा व ओखा-भावनगर (12 से 14 जून), वेरावल-राजकोट व राजकोट वेरावल (12 से 15 जून), अहमदाबाद वे वेरावल व वेरावल से अहमदाबाद (12 से 15 जून), पोरबंदर-वेरावल (13 से 15 जून), वेरावल-पोरबंदर (12 से 15 जून), राजकोट-वेरावल व वेरावल से राजकोट (12 से 15 जून), वेरावल- इंदौर (14 जून), इंदौर-वेरावल (13 जून)। इसके अलावा पोरबंदर-दादर, भाणवड-पोरबंदर, कनालूस-पोरबंदर, राजकोट-पोरबंदर, पोरबंदर-दिल्ली सहाय रोहिल्ला, पोरबंदर-शालीमार आदि ट्रेने शामिल हैं। इसके अलावा कई ट्रेनों को सुरेन्द्रनगर, राजकोट और अहमदबाद तक के लिए शॉट टर्मिनेट किया गया है।

## पहली बार पटना से रांची पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस


छाया : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : पटना से रांची के लिए चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार सुबह रवाना हुई और करीब 12.48 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंची। हालांकि ट्रेन में यात्री सवार नहीं थे, यह केवल ट्रायल रन था। यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 6:55 बजे के करीब खुली थी। पटना से रांची के बीच छह स्टेशनों पर इसका ठहराव हुआ। जहानाबाद, गया, कोडरमा, बरकाकाना, हजारीबाग, मेसरा में इस ट्रेन का ठहराव दिया गया था। हालांकि, शुरुआत में गया और बरकाकाना जंक्शन पर ही केवल ठहराव का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन शेष चार स्टेशनों पर भी इसका ठहराव कुछ देर के लिए हुआ।

रेलवे की ओर से जारी ट्रायल के समय सारणी के मुताबिक पटना जंक्शन से यह सुबह 6.55 खुलकर 8.20 बजे गया पहुंची। गया में इसका दस मिनट के करीब ठहराव हुआ। सुबह 8.30 बजे गया से खुलकर यह ट्रेन दोपहर 11.30 बजे तक बरकाकाना पहुंची। रांची में यह ट्रेन दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर पहुंची। रांची से पटना जाने के क्रम में यह ट्रेन दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर रांची से खुलेगी। रात आठ बजकर 25 मिनट पर पटना पहुंचेगी।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया था कि वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल की तारीख तय कर दी गयी है। 12 जून को ट्रेन पटना जंक्शन से रवाना होगी। ट्रायल सफल होने के बाद इसे यात्रियों के लिए भी शुरू कर दी जायेगी।

इसके पूर्व वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हजारीबाग टाउन स्टेशन पर सुबह 10 बजकर 21 मिनट पर पहुंची। ट्रेन पहुंचने के साथ ही भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे से रेलवे स्टेशन गूंज उठा। दो मिनट के स्टॉपेज के बाद ट्रेन आगे के लिए निकल गयी। लेकिन वंदे भारत के प्रति हजारीबाग के लोगों की दीवानगी देखते ही बनी। इस दौरान कोई सेल्फी ले रहा था, तो कोई ट्रेन को चूम रहा था। महिला, पुरुष और बच्चे समाज के हर तबके ने वंदे भारत ट्रेन का दिल खोलकर स्वागत किया। आम जनता से लेकर राजनेता, समाजसेवी सभी में खासा उत्साह दिखा।

## नासिक में डिवाइडर से टकराई कार, चार की मौत




**मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई थी, जिनकी पहचान 55 वर्षीय रज्जाक अहमद शेख, सत्तार शेख लाला शेख (65) और 50 वर्षीय सुल्ताना सत्तार शेख के रूप में हुई।**

एजेंसी

**मुंबई** : महाराष्ट्र के नासिक में सोमवार तड़के एक बड़ी सड़क दुर्घटना हुई। दरअसल, मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर नासिक के पास एक कार के डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टोयोटा इनोवा कार में सवार लोग मुंबई से शिरडी जा रहे थे। घटना सिन्नर तालुका के खंबाले शिवर में रात एक बजे के बीच की है।

पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि कार का टायर फट गया था, जिससे गाड़ी बेकाबू हो गई और डिवाइडर से टकरा गई।अधिकारी ने बताया कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई थी, जिनकी पहचान 55 वर्षीय रज्जाक अहमद शेख, सत्तार शेख लाला शेख (65) और 50 वर्षीय सुल्ताना सत्तार शेख के रूप में हुई। वहीं, अस्पताल में उपचार के समय 40 साल के फैयाज दगुभाई शेख की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि कार में सवार चार अन्य यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं।

उनमें से एक को इलाज के लिए नासिक ले जाया गया है। बाकी शिरडी के अस्पताल में भर्ती हैं। बता दें, घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही वावी पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## नर्मदा पूजन कर प्रियंका गांधी ने एमपी में किया चुनावी शंखनाद

एजेंसी

**भोपाल** : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को जबलपुर की शहीद स्मारक मैदान से कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हम पुरानी पेंशन को लागू करेंगे, 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रति महान नारी सम्मान निधि दी जाएगी। इससे पूर्व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जबलपुर के गौरीघाट में नर्मदा पूजन किया. ब्राह्मणों ने प्रियंका गांधी की नर्मदा पूजा और आरती संपन्न कराई. इस दौरान पूर्व सीएम कमलनाथ और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा समेत कई सीनियर नेता मौजूद रहे.जब प्रियंका गांधी नर्मदा की आरती कर रही थीं, उसी दौरान बजरंगबली की वेषभूषा में मौजूद शख्स ने भी नर्मदा आरती की और इस पूरे कार्यक्रम के दौरान गदा उठाए हुए बजरंगवली बना शख्स आकर्षण का केंद्र रहा. नर्मदा पूजन कर प्रियंका गांधी और एमपी कांग्रेस चीफ जबलपुर के शहीद स्मारक गोलबाजार पहुंचे व जनसभा को संबोधित किया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश का महाकौशल इलाका हमेशा से ही बीजेपी-कांग्रेस के लिए खास रहा है. अगर राज्य में सरकार बनानी है तो महाकौशल में 38 सीटें आती हैं. विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस के खाते में 38 में से 24 सीटें आई थीं, जबकि भाजपा को 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था. इससे पहले 2013 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 24 सीटों पर जीत मिली थी. दोनों ही दल महाकौशल के जरिए विंध्य और बुंदेलखंड को भी साधने की कोशिश में हैं.बता दें कि एमपी में कांग्रेस ने कर्नाटक की तरह ही कई फ्री योजनाओं की घोषणाएं की हैं. कांग्रेस ने दावा किया है कि अगर मध्य प्रदेश में उनकी सरकार बनी तो वह नारी सम्मान योजना की शुरुआत करेगी. नारी सम्मान योजना में हर पात्र महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह के साथ 500 रुपये में गैस सिलेंडर भी दिया जाएगा. यही नहीं कमलनाथ ने ऐलान किया है कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो 100 यूनिट तक बिजली का बिल माफ कर दिया जाएगा. जबकि 200 यूनिट तक बिजली का बिल आधा कर दिया जाएगा.




**विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस के खाते में 38 में से 24 सीटें आई थीं, जबकि भाजपा को 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था.**

### गोधन न्याय योजना शुरू, कार्यशाला के माध्यम से जैविक कृषि की दी गई जानकारी

# झारखंड को जैविक राज्य बनाना है : श्री बादल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में राज्य के कृषि मंत्री श्री बादल ने गोधन न्याय योजना का का लोकार्पण किया। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसानों और दुग्ध उत्पादकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में गोवंश के गोबर से हम जैविक कृषि के क्षेत्र में झारखंड की पहचान बना सकते हैं। आज हम केमिकल फर्टिलाइजर पर आश्रित हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पांच जिलों से गोधन न्याय योजना की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो रही है। इस प्रोजेक्ट की सफलता की समीक्षा के उपरांत पूरे राज्य में इसे चलाने की योजना बनाएंगे, इसलिए सभी गोपालकों से निवेदन है कि वह राज्य को जैविक झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। श्री बादल ने कहा कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद्य पदार्थों का उपयोग हो, हमारे उत्पादों को जैविक की मान्यता मिले, इसके लिए एजेंसी और सेंटर बनाने की तैयारी सरकार कर रही है। वर्मी कंपोस्ट के लिए हमने 10 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है, अगर यह सफल रहा, तो 100 करोड़ की योजना भी बनाई जाएगी। इस योजना के तहत राज्य के किसानों को 8 रुपए किलो वर्मी कंपोस्ट उनके इलाके में ही उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही गोपालकों से 2 रुपए किलो गोबर सरकार लेगी और प्रसंस्करण के बाद किसानों को वर्मी कंपोस्ट के रूप में उपलब्ध कराएगी।



### सभी सभ्यताओं में गोवंश का स्थान प्रमुखः महालिंगा शिवाजी

ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ़ झारखंड के सीईओ श्री महालिंगा शिवाजी ने कहा कि जितना गोवंश जहां होता है, वहां उतनी ही समृद्धि और संपन्नता आती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक हर काल में गोवंश का स्थान प्रमुख रहा है। उन्होंने कहा कि गोबर में पोषक तत्व होते हैं, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं। इसीलिए इस योजना से 504 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जित गोबर को नाइट्रोजन के रूप में कन्वर्ट किया जा सकेगा और इस कन्वर्जन से राज्य को 22000 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह योजना पारंपरिक कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### क्या है गोधन न्याय योजना ?

इस योजना का उद्देश्य झारखंड राज्य में उपलब्ध गोवंश के द्वारा उत्सर्जित गोबर का उपयोग वर्मी कंपोस्ट तैयार करते हुए कृषक की रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करने एवं कृषकों की आय में वृद्धि करना है। साल 2019 के आर्थिक सर्वे के अनुसार राज्य में 12.57 मिलियन गोवंश हैं। एक अनुमान के तौर पर गोवंश के द्वारा 504 लाख टन गोबर का उत्सर्जन प्रति वर्ष किया जाता है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य रूप से कृषि निदेशक चंदन कुमार, उद्यान निदेशक, सीईओ ओफाज महालिंगा शिवाजी, निदेशक हॉर्टिकल्चर नेसार अहमद, संयुक्त निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी भविष्यानंद सहित जिला कृषि पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कृषक और कृषक मित्र उपस्थित थे।

### झारखंड,बिहार समेत कई राज्यों में गंभीर हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली** : कई राज्यों में लोगों को अभी और भीषण गर्मी और उमस से जूझना पड़ेगा. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार 12 जून को आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के लिए गंभीर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है, जोकि अगले 5 दिनों तक जारी रहेगा. वहीं, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में हीटवेव की कोई संभावना नहीं है.



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरे

### आधार निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति के संयोजक परितोष प्रियदर्शी ने सोमवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की। बैठक में संयोजक श्री प्रियदर्शी ने जिले के सुदूर क्षेत्र में आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दस वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता और पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड एम-आधार या आधार केंद्रों के माध्यम से करने के निर्देश दिए.उन्होंने आधार में बच्चों का मैट्रिक अपडेट अनिवार्य रूप से कराने पर बल दिया। जिले में अतिरिक्त आधार केंद्रों की आवश्यकता पर भी चर्चा की गयी। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक, यूआईडीएआई के परियोजना पदाधिकारी उदय सिंह, सीएससी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

# अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारी गोली इलाज के दौरान मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी संजय राम के पुत्र छोटू कुमार उर्फ ननकू कुमार उम्र 22 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार छोटू कुमार रविवार की रात 12:00 अपने घर से खाना पीना खाकर लेस्लीगंज अपने दुकान में सोने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात अपराधियों ने उसे गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया जहां इलाज के दौरान छोटू की मौत हो गई।वही इस घटना की जानकारी मिलने पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

# आग लगने से घर समेत कई सामान जले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ढकचा गांव में सुनेश्वर यादव के घर में आग लग गई। जिससे खप्परैल घर तथा बरामदा जल गया। अगलगी की इस घटना में घर में ढलाई के लिए रखे 60 हजार नकद, जेवरात, कपड़ा, अनाज, बर्तन सहित कई सामान जल गये। इससे पीड़ित परिवार को करीब दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है ।बताया जाता है कि खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर के लीक होने के कारण यह आग पकड़ लिया। आग की लपट देख आसपास के लोगों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया तब तक घर में रखे कई समान जल गये। वहीं भुक्तभोगी ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## किसी बड़ी घटना के इंतजार में बिजली विभाग, हाथ ऊपर उठाने से छू जाते हैं नंगे तार



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत मझिगावँ के वार्ड नंबर 5 स्थित वीआइपी गली में बिजली के तारों के यह जाल लोगों में अक्सर भय का माहौल पैदा कर दे रहे हैं। बिजली के यह नग्न तार गली से महज इतनी ऊंचाई पर हैं कि कोई व्यक्ति सही से अपने हाथ ऊपर करे तो छू जाएं। ऐसे हालात में अगर कोई वाहन इस गली के प्रवेश कर जाए तो स्थिति का अंदाजा आप बखूबी लगा सकते हैं। घटना से भी सबक नही ले रहे बिजली विभाग के अधिकारी।बीते शनिवार को ही एक युवक 11000 वोल्ट की तार के चपेट में आने से घायल हो गया था। जिसे आनन फानन में रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। **शिकायत पर भी नही होती सुनवाई :** स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी तारों को व्यवस्थित करने के लिए बिजली विभाग को बोला जाता है। या दूरभाष द्वारा सूचित किया जाता है। विभाग के कर्मचारियों के द्वारा खाना पूर्ति के नाम पर कुछ तारों को टाइट कर दिया जाता है। अंततः स्थिति ज्यों की त्यों है। तो क्या विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में है।

## प्रखंड समन्वयक ने सभी स्वयंसेवकों के साथ आवास को लेकर किया समीक्षा बैठक



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह ने सभी स्वयंसेवको के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड समन्वयक ने सभी स्वयंसेवकों के साथ ग्रामवार प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लाभुकों से सम्पर्क कर आवास निर्माण के कार्य मे तेजी लावें। उन्होंने हरहाल में प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कार्य आगामी 30 जून तक पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में स्वयंसेवक सोमू उरांव, देवाशीष उरांव, कृष्ण मुरारी सिंह, विपिन कुमार, सत्येन्द्र कुमार, नारद प्रजापति, रविन्द्र कुमार, सीमा देवी, संजय कुमार, ओमप्रकाश, अमित कुमार सिंह, आशिष कुमार सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## हिरणों का मौत का जिम्मेदार कौन

# 20 दिनों में 8 हिरण को कुत्तों ने नोच डाला, दो शिकारी गिरफ्तार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के मुर्मा कला मे इन दिनों शिकारियों का भय कुत्तों का हमला प्यास की सिद्दत बेजुबान जंवरों के जान पर बन आई है, ज्ञात हो की बीते 20 दिनों में आठ हिरण को कुत्तों ने नोच कर मार डाला है, जानकारी के अनुसार पहाड़ किनारे बना तालाब सुख जाने से पानी की तलास में आए दिन हिरण गाँव की ओर आ रहे हैं ग्रामीणो ने बताया की जंगल में शिकारियों के डर से भी हिरण गाँव में आते है और कुत्तों का शिकार होते है, कल सोमवार को भी एक हिरण शिकारियों के डर और प्यास की सिद्दत से गाँव आ गया जिसे कुत्तों ने नोच डाला, सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने हिरण का इलाज करवा कर प्राथमिक स्वस्थ केंद्र मुर्मा में रखा है हिरण फिलहाल स्वस्थ है, वहीं ग्रामीणो की सूचना पर जंगल से दो शिकारि रामलाल पासवान और शंकर भुंईयां को एक हथियार के साथ दबोचा है जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, वन कर्मियों से बात करने पर उन्होंने बताया की जल्द ही पानी का उचित व्यवस्था कर दिया जायेगा। मौके पर प्रमुख अलका कुमारी, वन कर्मी अभिषेक पांडे, मिथुन कुमार, ग्रामीण वरुण वर्मा, राजा कुमार, पवन कुमार, के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थिति थे।

# शिमला में पलामू के सैकत बेस्ट एक्टर व मुनमुन बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के रहने वाले झारखंड के मशहूर अभिनेता सैकत चटर्जी को शिमला में ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में बेस्ट एक्टर का प्रथम पुरस्कार मिला है. यह पुरस्कार उन्हें मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक राधा की नौटंकी में राधाकृष्ण तिवारी की भूमिका में बेहतरीन अभिनय के लिए दिया गया. इसी नाटक में रुक्मिणी की भूमिका में अभिनय के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का द्वितीय पुरस्कार दिया गया. साथ ही मासूम ने इस प्रतियोगिता में पांच पुरस्कार जीत कर झारखंड का नाम बुलंद किया. मासूम ने आईआ द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सैकत चटर्जी लिखित व निर्देशित नाटक राधा की नौटंकी प्रस्तुत किया जिसे द्वितीय सर्वश्रेष्ठ नाटक का पुरस्कार मिला. संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर मुंबई व इंदौर की टीम रही. मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता शिमला के प्रसिद्ध गेटी थियेटर हॉल में किया गया था जिसमे 25 राज्यों की नाट्य संस्थाएं भाग ली थी. आइआ के अध्यक्ष भाभी जी घर पर है सीरियल के तिवारी जी की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता रोहिताश्व गौड़ व मुख्य आयोजक डॉ रेखा गौड़ है। पोस्टर केटेगरी में मासूम ने बेस्ट पोस्टर का प्रथम पुरस्कार हासिल किया. मासूम ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान सारे मानकों पर खड़े उतरते हुए बेस्ट ओवरऑल ट्रॉफी भी अपने नाम किया. इस तरह मासूम ने देश के इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल पांच पुरस्कार जीता. इसके अलावा मासूम के सैकत चटर्जी, कामरूप सिन्हा, अमर कुमार भांजा व कमलकांत कुमार को उनके योगदान के लिए आईआ द्वारा अलग से सम्मानित किया गया. कलाकारों को रोहिताश्व गौड़ व रेखा गौड़ ने सम्मानित किया। पुरस्कार विजेता नाटक दल में सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती, कामरूप सिन्हा, अमर कुमार भांजा, कमलकांत कुमार, राज प्रतीक पाल, गिरेंद्र यादव, आसिफ खान मौजूद थे। म्यूजिक अरेंजर राजा सिन्हा थे।

## हरिहरगंज में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं तो होगा आंदोलन : राजीव



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गई है। बिजली की समस्या में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएगी। उक्त बातें भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती शुरू कर दी जाती है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों मे भी बिजली की स्थिति बद से बदतर हो जाती है। बिजली कटौती को लेकर क्षेत्र मे हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हरिहरगंज के लिए जो बिजली आपूर्ति की जा रही है उसे विभागीय अधिकारियों के द्वारा कटौती करते हुए क्रेशर प्लांटों में सप्लाई की जा रही है। हरिहरगंज के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए दूसरे क्षेत्रों में बिजली दी जा रही है जिससे बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो विभागीय अधिकारी आगामी 15 जून से जन आक्रोश के सहन के लिए तैयार रहें। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, शंभू यादव, कृष्ण साव, अखिलेश यादव, राजू शौंडिक, बलराम ठाकुर, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, अभय, विक्की, शशि शेखर, छोटू, आदित्य कुमार, जीतवहन, अमित आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में नप का सफाईकर्मी घायल, हालात नाजुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर - रेहला मुख्य पथ पर गोदरमा गांव के पास सड़क हादसा में विश्रामपुर नगर परिषद का सफाईकर्मी नीरज डोम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार शाम लगभग चार बजे की है। जानकारी के अनुसार नप का सफाईकर्मी नीरज मोटरसाइकल से श्रामपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच एक तेज रफ्तार आ रही एक कार जेएच 01 डी - 5749 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे मेदिनीनगर पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जिस कार ने उसे टक्कर मारी थी वह विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मो. प्रवेज की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में मो प्रवेज खुद बैठे भी हुए थे। घटना के बाद वे और उनका चालक गाड़ी छोड़कर वहां से चले गए। जिससे सफाईकर्मियों सहित स्थानीय लोगों में आक्रोश भी व्याप्त हैं।

# जमीन विवाद को लेकर थाने में दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अमहर गांव निवासी मनोज राम उर्फ मंजू राम ने विशुनपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग कि है। आवेदन में दर्शाया गया है कि राज राजेंद्र प्रताप देव के आदेश पर विशुनपुरा ग्रामीण बैंक के पीछे रैयती जमीन पुराना खाता संख्या 92 प्लॉट 787 की मापी अमीन राम जी मेहता और दो अमीन तथा विजय देव, साकेत सिंह एवं गणेश देव की उपस्थिति में कराई जा रही थी। जिसका डिमांड रजिस्टर टू के मुताबिक भवानी देवी के नाम से दर्ज है।इसी दौरान विशुनपुरा संध्या गांव के कमलेश शर्मा, विक्रम शर्मा, आकाश शर्मा, विकास शर्मा सहित दस महिलाओं ने मापी स्थल पर आकर जमीन मापी को रोक दिया। साथ ही इनसभी पर खून खराबा हो जाने, गलत केस में फसाने, रंगदारी करने का आरोप मनोज राम ने लगाया है।इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी निमिर हेस्सा ने बताया कि मनोज राम उर्फ मंजू के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है जिसकी जांच की जा रही है दोषी व्यक्ति पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नहीं रहे सेवानिवृत्त शिक्षक सह मुर्धन्य लोकगायक विद्वान मानस प्रवक्ता रामस्वरूप शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के चर्चित लोक गायक सह सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप शुक्ला का आकस्मिक निधन 11 जून 2023 को अपने पैतृक आवास ग्राम पाल्हे-खुर्द (पाटन) में हो गया।उनके निधन की खबर सुनते ही पलामू प्रमंडल के कलाकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। सभी कलाकारों को अपने चर्चित और कला के प्रति समर्पित साथी को असमय खोने का मलाल है।प्रमंडल के कई लोक कलाकार उनके पैतृक गांव पाल्हे- खुर्द में पहुंचकर न सिर्फ श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी बल्कि उनके शव यात्रा में भी शामिल हुए।पलामू जिला लोक कला मंच के जिला अध्यक्ष शिशिर कुमार शुक्ला ने बताया कि चाचा श्री रामस्वरूप शुक्ला एक सफल शिक्षक के साथ-साथ मुर्धन्य लोक गायक एवं सामाजिक धार्मिक कार्यों में भी काफी रुचि रखते थे। उनके मृदुल व हंसमुख स्वभाव के सभी लोग कायल थे।उनके निधन की सूचना पाते ही पलामू प्रमंडल के समस्त कलाकार, शिव कुमार चौधरी, मासूम आर्ट ग्रुप के अध्यक्ष विनोद पांडेय , डाल्टनगंज दूरदर्शन कार्यक्रम अधिशासी सुशील कुमार, लल्लू मिश्रा, शिशिर कुमार शुक्ला, नागेन्द्र सिंह, उमाशंकर मिश्रा, रामजस कुमार, दयानंद तिवारी विजय विश्वकर्मा चंदन विश्वकर्मा जुगनू कुमार सूरज मिश्रा, राम श्याम पांडे,कमलेश सिंह ,मिनी पवन सिंह, मंटू सिन्हा, आशुतोष पांडे, दीपक पांडे, राजमणि ब्यास, सुनील सिंह उमेश कुमार नागेंद्र सिंह राम बोला बम आदि कलाकारों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की दुआ मांगी है।

## विश्रामपुर सीओ के पद पर दंडाधिकारी विक्रम आनंद ने दिया योगदान



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** मेदिनीनगर सदर के दंडाधिकारी विक्रम आनंद ने सोमवार को विश्रामपुर अंचल में सीओ के पद पर अपना योगदान दिया। उन्हें निवर्तमान प्रभारी सीओ सह बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने पदभार ग्रहण कराया। योगदान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय के कार्यो का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। मौके पर कई अंचल सह प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

## पीएम किसान ई केवाईसी लैंड सीडिंग और आधार सीडिंग हेतु अमहर खास पंचायत में की गई कैंप का आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि निदेशक झारखंड रांची के पत्रांक 3390 दिनांक 08 जून 2023 के आलोक में पीएम किसान के तहत् 14 वीं किस्त जारी करने केलिए भारत सरकार ने सभी लाभार्थियों केलिए पीएम किसान/जेकेआरएमवाई योजना के तहत् लाभ प्राप्त करना जारी रखने केलिए ई केवाईसी लैंड सीडिंग और आधार सीडिंग करना अनिवार्य कर दिया गया है। प्राप्त निर्देशानुसार सभी शेष लाभुकों का 12 जून से 23 जून तक पंचायतवार जागरूकता एवं ई केवाईसी शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके आलोक में सोमवार को बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के अमहर खास पंचायत भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां पंचायत के सैकडों किसानों ने अपना पीएम किसान से सबंधित गड़बड़ी का जांच करवाते हुए आधार सीडिंग तथा जमीन से सबंधित लैंड सीडिंग का कार्य को पूरा किया। वहीं आपको बताते चलें की पीएम किसान से सबंधित लैंड सीडिंग और आधार सीडिंग का कार्य बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के सारांग पंचायत में 13 जून, पतिहारी पंचायत में 14 जून, बिशुनपुरा पंचायत में 15 जून तथा पिपरी कला पंचायत में 16 जून को करना सुनिश्चित किया गया है। वहीं आज अमहर खास पंचायत में पीएम किसान से सबंधित कार्य हेतु बीटीएम राकेश कुमार, सीएससी संचालक जितेंद्र कुमार, अमहर पंचायत समिति सदस्य भरदूल चंद्रवंशी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, ले जाकर नदी किनारे फेंका

## बहुत जल्द पकड़े जाएंगे अपराधी : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप पंचायत के कजरूखुर्द टोला शिवनडीह में लगे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को रविवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने उखाड़ कर नदी किनारे फेंका. सूचना पाकर पांडू थाना से छोटा बाबू पप्पू मेहता पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली एवं इसकी सूचना डीएसपी सुरजीत कुमार को दिया। सूचना पाकर सुरजीत कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचे एवं मामले की पूरी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों एंव जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर मामले को शांत कराया. कहा इस प्रतिमा को पुनः उसी स्थान पर पूजा अर्चना के पश्चात धूमधाम से लगाया जायेगा एवं इस मामले में दोषी पाए जाने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा जांचों उपरांत इसमें संलिप्त लोगों को बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस प्रतिमा को लगाने के लिए डीएसपी साहब ने 5100 सौ रुपए, राजेस्वर पासवान ग्यारह हजार रुपय एंव भाई गोविंद सिंह ने भी ग्यारह हजार रुपय सहयोग राशि देने की बात कही। बताते चलें कि यह प्रतिमा पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील जी के द्वारा लगवाया गया था। मौके पर पांडू बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, समाजसेवी भाई गोविंद सिंह, भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष साकेत पासवान, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, मुखिया मदन राम, पंसस नंदू बैठा,राजेश्वर पासवान, अजय राम, सतीश पासवान, सुरेंद्र पासवान, संजय सिंह, मनोज राम, पिंटू राम, मनोज यादव, जलेश्वर राम, प्रमोद राम, निर्भय कुमार, के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सूर्य मंदिर से निकाला गया भव्य कलश शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर से सेट बाकी नदी के तट पर स्थित अतिप्राचीन सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य का विशाल प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा व बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने अपने माथे पर कलश धारण कर कलश यात्रा की शुरुआत की। इस कलश यात्रा में गेरुआ व रंग-बिरंगे वस्त्र धारण व माथे पर कलश लेकर सैकड़ों महिला - पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान कलश यात्रियों ने कलश लिए भगवान का जयघोष करते हुए कलश यात्रा में चल रहे थे। कलश यात्रा विद्वान आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार व शंख ध्वनि के साथ निकला गया। वही विधिवत पूजन के पश्चात कलश में जल उठाया गया। कलश यात्रा सुबह 8:00 बजे सूर्य मंदिर परिसर से निकलकर बंशीधर मंदिर तक गया। वहा से जल भरकर पुनः मंदिर के परिक्रमा करते हुए पंचमुखी महादेव तक गया। वापसी में हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद सूर्य मंदिर में आकर समाप्त हुआ। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा आदित्य भास्कर व सूर्य भगवान के विभिन्न नामों से लगाए जा रहे जयकारे से पूरा इलाका गूंजायमान रहा। कलश यात्रा गाजे बाजे व ढोल नगाड़े से निकाला गया था। कलश यात्रियों के लौट के बाद विद्वान आचार्यों के द्वारा तीन दिनों तक चलने वाली भगवान सूर्य के विधिवत पूजा पाठ शुरू हो गया। इस अवसर पर विद्वान आचार्य श्रीकांत मिश्रा उर्फ बबलू ने बताया कि 12 जून को कलश यात्रा के साथ ही तीन दिनों का विशेष धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया। प्रथम दिन मंडप प्रवेश, मंडल पूजन, जलाधिवाश, दुग्धाधिवाश, फलाधिवाश पूरा प्रतिमा का किया गया। शेषधिवास वही 13 जून को नेत्रौन्मिलन, आवश्धि स्नान, महास्नान किया जाएगा। वही 14 जून को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चाकू गोदकर ऑटो चालक की हत्या

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के सरकारी बस डिपो के पास अहले सुबह 3 बजे चुटिया कृष्णापूरी रोड नम्बर 1 के रहने वाले रोहित कुमार झा उर्फ पंडित की चाकू गोदकर घायल कर दिया गया। गुरुनानक अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि रोहित ऑटो चालक था और इसकी मां स्टेशन के पास अखबार बेचने का काम करती है और रोहित देर रात अपने दोस्त निखिल के साथ स्टेशन रोड की तरफ निकला था । इसी बीच मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए दोनों में बातचीत हुई और उसमें एक ने चाकू से वार कर दिया, जिसमें रोहित पंडित घायल हो गया। आनन-फानन में उसे पीसीआर पुलिस गुरु नानक अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस सीसीटीवी फुटेज माध्यम से छानबीन शुरू कर दी, पुलिस का कहना है कि आरोपी पकड़े जाएंगे।

### ब्राउन शुगर और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**रांची ।** एयरपोर्ट थाना अंतर्गत लगातार ब्राउन शुगर के और हथियार सप्लाई को लेकर हटिया डीएसपी राजा मित्रा को सूचनाएं मिल रही थी। इस संबंध में उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारियों को जानकारी दी और एक टीम गठित कर इस पर अभियान चलाया । जिसमें 200 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर और करीब 50 चक्र कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरे मामले में हटिया डीएसपी राजा और एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार लगातार छापामारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसी लगातार इस तरह के हथियार सप्लाई की भी मामले सामने आ रहे हैं, पुलिस गंभीरता पूर्वक इसमें जांच पड़ताल कर रही है।

# डीजीपी ने की बैठक, अपराध रोकने को दिया निर्देश

**पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अजय सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई आयोजित**



**अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान एवं पुलिस महानिरीक्षक, अभियान के द्वारा राज्य के विधि-व्यवस्था के संबंध में दिया गया प्रस्तुति**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में बकरीद, आसन्न पर्व त्योहार एवं श्रावणी मेला को देखते हुए विधि-व्यवस्था के संधारण में आ रही कठिनाईयों एवं उसके निराकरण को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अजय सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड द्वारा राज्य के विधि व्यवस्था, वारन्ट / कुर्की का निष्पादन. अन्वेषणों की अद्यतन स्थिति, अपराध नियंत्रण, सर्टिफिकेट केश की अद्यतन स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ / अवैध शराब एवं पुलिस के आधारभूत संरचनाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चायें की गई।बैठक में सर्वप्रथम अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड द्वारा राज्य के वर्तमान अपराधिक परिदृश्य जिसमें राज्य में लंबित वारंट / कुर्की की अद्यतन स्थिति, पुराने लंबित काण्डों की अद्यतन स्थिति, पोक्सो एक्ट, हत्या, मानव तस्करी, साईबर अपराध, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध उत्खनन, एवं अनुसूचित जाति / जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज काण्डों के संबंध में प्रस्तुति दी गई। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने राज्य में लंबित वारंट / कुर्की के त्वरित निष्पादन करते हुये अपराध नियंत्रण हेतु संगठित अपराधिक गिरोहों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा संगठित अपराधिक गिरोह के फरार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार करने एवं उसपर अपराध नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उन्होंने पुराने लंबित काण्डों एवं राज्य में महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध यथा- बलात्कार, पोक्सो एवं महिला उत्पीड़न के काण्डों का त्वरित गति से निष्पादन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में डायन प्रथा जैसे कुरूतियों को दूर करने के लिए ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने सर्टिफिकेट केस में निर्गत वारंट का तामिला करने, राज्य में अवैध उत्खनन , गोवंशीय पशुओं की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी करने तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिवेदित काण्डों की संख्या, अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई, उसके तहत की गई गिरफ्तारी और बरामदगी के संदर्भ में जानकारी ली तथा उसकी रोकथाम के लिये बनाये गये रोडमैप के क्रियान्वयन एवं अवैध शराब की रोकथाम हेतु की गई कार्रवाई, प्रतिवेदित काण्डों की संख्या, अवैध शराब से संबंधित गिरफ्तारी, देशी एवं अन्य शराब की बरामदगी तथा अवैध शराब के रोकथाम हेतु दिशा-निर्देश भी दिया। बैठक के दौरान महानिदेशक के द्वारा साईबर अपराध पर लगाम लगाने हेतु चर्चा की गई, जिसमें डायल- 1930 को सुदृढ़ करने तथा उस पर आने वाले कॉल पर त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। अभी तक डायल- 1930 पर स समय सूचना प्राप्त होने पर कुल चार करोड आठ लाख सत्तासी हजार रूपयों को फिज कराते हुए साईबर अपराधियों से सुरक्षित बचा लिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान एवं पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, द्वारा राज्य के विधि-व्यवस्था के संबंध में प्रस्तुति दिया गया। साथ ही पूर्व में घटित साप्रादायिक घटनाओं से संबंधित दर्ज काण्डों की समीक्षा की गई एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह, भड़काऊ भाषण एवं झुठी सूचना नहीं फैलाया जा सकें। बैठक में उपस्थित पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षकों से राज्य के सभी जिलों में पुलिस के आधारभूत संरचनाओं के संबंध में पृच्छा की गई एवं आधारभूत संरचनाओं यथा- महिला / पुरुष बैरक, नवीन थाना भवन, पिकेट्स, टीओपी के नव-निर्माण / मरम्मति एवं अन्य कार्यो हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया ताकि उस पर पुलिस मुख्यालय स्तर से कार्रवाई की जा सके। इस बैठक में अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, अपअनुवि, झारखण्ड, मुरारी लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, टी कंडासामी, अपर पुलिस महानिदेशक, रेल, झारखण्ड, अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, मानवाधिकार प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपअनुवि तमिल वानन, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपअनु विभाग कार्तिक एस, पुलिस अधीक्षक, अपअनुविभाग, सुरेन्द्र झा, पुलिस अधीक्षक, एटीएस. झारखण्ड, किशोर कौशल वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण राँची, ने भाग लिया ।

## सीसीएल अध्यक्ष ने सीएम से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पी.एम. प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को द अर्नड लाइफ पुस्तक भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पी.एम. प्रसाद को कोल इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पद्मभूषण कड़िया मुंडा को प्रदेश भाजपा ने किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रदेश भाजपा की ओर से सोमवार को महा जनसंपर्क अभियान के तहत पद्मभूषण कड़िया मुंडा को उनके खूंटी स्थित आवास पर अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह तथा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने पद्मभूषण मुंडा को सम्मानित किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि कड़ियाजी महान व्यक्तित्व के धनी हैं। केंद्रीय मंत्री, लोकसभा उपाध्यक्ष, लंबे समय तक क्षेत्र के सांसद एवं विधायक के रूप में इन्होंने भारतीय लोकतंत्र की



मजबूती एवं जनसेवा के लिए अपना योगदान दिया। जनजाति बहुल क्षेत्र में इन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अलख जगाई। भाजपा की मजबूती और सफलता कड़िया जी जैसे कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम का ही परिणाम है। सुदूर वनवासी क्षेत्र के लाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्मभूषण सम्मान से विभूषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी के ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाज के विशिष्ट जन को सम्मानित करना प्रदेश भाजपा का कर्तव्य है।

## राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ और लव जिहाद के मामले बढ़े हैं : राम शिंदे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची पहुंचे महाराष्ट्र विधानपरिषद के सदस्य राम शिंदे ने झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कलम से अपने, पत्नी और भाई के नाम जमीन और माइंस आवंटित की। उनके प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में जब झामुमो जनता के बीच जायेगी, तब लोग उनसे हिसाब करेंगे। राम शिंदे ने सोमवार को रांची में विधायक नवीन जायसवाल के आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा की ओर चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार की उपलब्धियां और हेमंत सरकार की नाकामियां गिनायीं। शिंदे ने कहा कि झारखंड सरकार काम नहीं कर रही है। जब से यह सरकार सत्ता में आयी है, राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ और लव जिहाद के मामले बढ़े हैं। धर्मांतरण के मामलों में वृद्धि हुई है। सरकार तुष्टिकरण की नीति के तहत इन्हें बढ़ावा दे रही है। इस सरकार की नीति और नीयत दोनों ठीक नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार ने स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर युवाओं को धोखा दिया। महिलाओं और किसानों के लिए रघुवर सरकार के समय बनी योजनाओं को बंद कर दिया। केंद्र सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं को भी झारखंड में लटका रहे हैं।

## बरसात से पहले नालियों की सफाई जरूरी : नगर आयुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आने वाले मानसून को लेकर रांची नगर निगम पूरी तरह से तैयार हो गई है। मानसून के दौरान होने वाली समस्याओं से लोगों को कैसे निजात मिले, इसको लेकर सोमवार को नगर निगम के आयुक्त शशि रंजन ने अपने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और गहन चर्चा किया। सभी सफाई कर्मियों को भी दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि मानसून अब आने वाला है इसको लेकर नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्डो



के जितने भी नालियां जहां जहां जाम है, सफाई अभियान के तहत युद्ध स्तर पर काम किया जाए और सभी नालियों को जाम मुक्त बनाया जाए, ताकि बरसात के दिनों में पानी से जलजमाव ना हो सके । सड़कों पर पानी नहीं बहे। साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त नालियों को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया है । इसके अलावा शहर में साफ-सफाई को लेकर अभियान चलाने को कहा गया है। कूड़ा कचरा इधर-उधर फेंका हुआ नजर नहीं आए, इस पर भी ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही साथ स्ट्रीट लाइटें, नि शुल्क पेयजल की व्यवस्था, गंदगी वाले एवं नालियों के जगह पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सहित अन्य बातों पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया । इस मौके पर अपर नगर आयुक्त कुवंर सिंह पाहान, उप नगर आयुक्त , सहायक नगर आयुक्त एवं स्वास्थ्य पदाधिकारी सहित सभी नगर निगम के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## नागपुरी फीचर फिल्म नासूर का हुआ पोस्टर रिलीज़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू स्थित यूके डांस एकेडमी में नागपुरी फीचर फिल्म नासूर का पोस्टर रिलीज़ किया गया। फिल्म के निर्देशक राजीव सिन्हा ने बताया कि इस फ़ल्मि का टीजर कुछ दिनों पहले रिलीज़ किया जा चुका है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फिल्म नासूर 23,06,2023 को जेडी हाई स्ट्रीट मॉल में स्थित कार्निवल सिनेमा में रिलीज़ होगी।फिल्म सस्पेंस मर्डर थ्रिलर फिल्म है, जो पब्लिक को एक सोशल मैसेज देने के साथ साथ



एंटरटेन भी करती है।इस फ़ल्मि में झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, बंगाल आदि के कलाकारों ने अभिनय किया है।इस फिल्म के कलाकार, झारखंड के विवेक नायक, शिवानी गुप्ता, मनोज वर्मा, आरपी मिश्रा, रीना सहाय,बंगाल की चित्रा मुखर्जी , छत्तीसगढ़ के विनय अंबास्था आदि है। फिल्म के पोस्टर रिलीजिंग में फिल्म के कलाकारों के साथ साथ डायरेक्टर राजीव सिन्हा,कोरियोग्राफर उमेश सिंह, कैमरा मैन पंकज गोस्वामी , साउंड डिजाइनर मनोज प्रेमी, म्यूजिक डायरेक्टर श्रीकांत इंदरवार, उपेंद्र पाठक, एडिटर प्रह्लाद, इक़बाल, प्रशांत महतो, ओम प्रकाश, प्रकाश पाठक, सिंगर ज्योति साहू, सुमन झा, मृदुला, वर्षा नायक, दया शंकर, राजू रंजन, दीपक चौधरी, शंकर पाठक, सनी लक्की, रॉय इत्यादि मौजूद रहे।

## कोलकाता के व्यवसायी अमित और दिलीप की रिमांड अवधि पूरी, भेजे गए जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बरियातू रोड स्थित सेना के जमीन घोटाले मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने सोमवार को अदालत में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि बीते नौ जून को अदालत ने ईडी को इन दोनों से तीन दिनों तक रिमांड पर पूछताछ की अनुमति दी थी। दोनों की गिरफ्तारी सात जून को देर रात कोलकाता से हुई थी । रांची के बड़गाई अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में अब तक ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## फिलहाल गर्मी और लू से राहत नहीं

**रांची :** झारखंड को फिलहाल गर्मी और लू से राहत मिलती नहीं दिख रही। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। कई जिलों का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पास है। सुबह से शाम पांच बजे तक सड़कों में सन्नाटा रहता है। रांची मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले पांच दिन तक मौसम में किसी तरह के परिवर्तन का संकेत नहीं है। 18 से 20 जून के बीच फुहारों की उम्मीद की जा सकती है। पिछले 24 घंटे के तापमान की बात करें तो सबसे अधिक अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस गोड्डा का रहा।

## उत्कृष्ट विधायक चुने गए डॉ इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 15 जून से 18 जून तक मुंबई में चलने वाली राष्ट्रीय विधायक महासम्मेलन में जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी को पेट्रोनस एंड गवर्निंग काउंसिल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। काउंसिल के सदस्य पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल हैं। पूरी कमेटी द्वारा जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी के पूरे कार्यकाल का आकलन कर उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो को देखकर उत्कृष्ट विधायक का चयन किया गया है। विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी का अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता, अनुभव, वक्तव्य कौशल, जनहित के मुद्दों के बारे में जागरूकता, उठाए गए मुद्दों की प्रासंगिकता और उनकी



गंभीरता, सदन में विषय का प्रस्तुतीकरण, सदन के अंदर और सदन के बाहर सार्वजनिक जीवन में आचरण एवं सदन में उपस्थिति को देखते हुए काउंसिल द्वारा यह निर्णय लिया गया है। विधायक बड़े ही बेबाकी से अपनी बातों को रखते हैं और सभी धर्म एवं जाति के लोगों के बीच काफी पैठ है और लोकप्रिय हैं।

जैसा कि मालूम हो की जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी विधायक के साथ-साथ एक डॉक्टर भी हैं और कोविड-19 के दौरान 24 घंटा अपनी जान की परवाह किए बिना लगातार मरीजों का मुफ्त इलाज किया और उनकी जान बचाई।इस खबर से पूरे क्षेत्र की जनता मे हर्ष का माहौल है और सभी विधायक जी को फोन कर मुबारकबाद देने का काम कर रहे हैं। सभी का मानना है की यह हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है की उनके विधायक को पूरे देश के लगभग 2500 विधायकों मे से उत्कृष्ट विधायक के लिए चुना गया है।

## पुलिस जवान के खिलाफ महिला ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला पुलिस बल के एक जवान आजाद खान के खिलाफ एक महिला राजभवन के पास धरना दी और इंसाफ की गुहार लगाते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी दी है।

महिला ने आजाद खान और इसके भाई अरशद पर भी 13 लाख रुपये की डिमांड और प्रताड़ित सहित धमकी देने की शिकायत आवेदन के माध्यम से की है।

महिला का कहना है कि वह नर्स के तौर पर शहर के एक अस्पताल में काम कर चुकी है,इसकी मुलाकात आजाद खान से जीएनएम कोर्स के दौरान नामकुम थाना में पदस्थापित आजाद से हुई थी। धीरे धीरे दोस्ती और फिर प्यार हुआ और एक मई 2019 को शादी हुई फिर गर्भवती होने के बाद आजाद खान पीछा छुड़ाने लगा और मारपीट भी करने लगा ।

इसके बाद आजाद के खिलाफ मामला महिला थाना में पहुंचा । यह मामला 2019 -20 से चला आ रहा है ।

इस मामले की जानकारी वरीय



पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल को भी दी गई है।बताया गया कि शुरुआती दौर में आजाद को सस्पेंड किया गया था, लेकिन आजाद के भाई अरशद द्वारा भी धमकी दी जाने लगी। क्योंकि आजाद पहले से भी शादी शुदा है।

महिला का कहना है कि अब आजाद का जो बच्चा मेरे गर्भ में पल रहा है उसका क्या होगा , इन सब को देखते हुए राजभवन के समक्ष धरना दे रही हूं उम्मीद है कि मेरा समाधान होगा और आने वाले बच्चे को इंसाफ मिलेगा और आजाद को कानूनी तौर पर कड़ी सजा मिलेगी।

## ट्रैफिक पुलिस के लिए सेन्टेवीटा अस्पताल ने चलाया बीट द हीट अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची।** सेन्टेवीटा अस्पताल ने राँची पुलिस के समर्थन में ''बीट द हीट'' अभियान चलाया है। जिसके तहत राँची शहर में ड्यूटी में तैनात राँची पुलिस, राँची ट्रैफिक पुलिस के जवानों को रेडी टू ड्रिंक ओ. आर.एस. के साथ थैंक्यू कार्ड भी दिया गया। जिससे ड्यूटी पर तैनात जवानों में ताड़गी, स्फूर्ति एवं उत्साह बनी रहे। प्रत्येक वर्ष गर्मियों के मौसम में चलाया जाने वाले ''बीट द हीट''




अभियान इस वर्ष भी चलाया जा रहा है, इस अभियान में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवानों को अस्पताल समय-समय पर सहयोग करता रहेगा। इस अभियान के माध्यम से सेन्टेवीटा अस्पताल यह सन्देश भी देना चाहता है कि ''मुश्किल परिस्थितियों में हम सब के साथ खड़े हैं''।

## केके चतुर्वेदी को बनाया गया आरकेएमयू का एरिया अध्यक्ष

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी केके चतुर्वेदी को राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन का पिपरवार एरिया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।यूनियन के रीजनल सचिव सह जेसीएससी सदस्य ललन प्रसाद सिंह ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक केके चतुर्वेदी इससे पूर्व यूनियन के अशोक परियोजना शाखा अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे।युनियन के प्रति उनके बेहतर कार्य को देखते हुए उन्हें यूनियन का एरिया अध्यक्ष बनाया गया है।इस संबंध में केके चतुर्वेदी ने बताया कि यूनियन के द्वारा जो जिम्मेवारी उन्हें दी गई है उन्हें वह पूरी इमानदारी के साथ निभाएंगे।कोयला मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाने और समस्याओं का समाधान करने के लिए कार्य करेंगे। यूनियन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।इधर केके चतुर्वेदी को एरिया अध्यक्ष बनाए जाने पर यूनियन के एरिया सचिव भीम प्रसाद मेहता सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।



## रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केडीएच के नवनियुक पीओ से शिष्टाचार मुलाकात किया



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केडीएच के नवनियुक परियोजना पदाधिकारी से शिस्टाचार मुलाकात किये। केडीएच परियोजना पदाधिकारी का मुलाकात महाप्रबंधन सभागार में किया गया। इस दौरान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर हार्दिक अभिनंदन किया गया। रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने केडीएच पीओ से मुलाकात कर सकारात्मक सहयोग दैने का भरोसा दिया है। नवनियुक्त परियोजना पदाधिकरी ने भी ग्रामीण, रैयत विस्थापित, श्रमिकों व श्रमिक प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर जटिल परियोजना का विस्तार करेंगे। मौके पर जालीम सिंह ,ललन प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, विनय खालको, दामोदर गझू, शिपता गंझू, सहीत अन्य ग्रामीण उपस्थित है।

## संडे कटौती किये जाने के विरोध में पुरनाडीह परियोजना ठप

### प्रबंधन के आश्वासन के बाद 6 घंटे के बाद चालू हो पाया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया के पूर्णाडीह परियोजना में रविवार को संडे काटे जाने के विरोध में कोयला कामगारों ने परियोजना का काम बंद करा दिया। प्रथम पाली में जब कामगार पहुंचे और हाजरी बनाने गए तब कामगारों का पता चला कि प्रबंधन कुछ को छोड़ कर बाकी लोगो को संडे देने के पक्ष में नहीं है। इसके बाद सभी कामगार आक्रोशित हो गए और एकजुट होने लगे।जानकारी मिलने पर स्थानीय मजदूर यूनियन से जुड़े लोग भी परियोजना पहुंच गए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों के गोलबंद हों कर उत्पादन और परिवहन को टप्प करा देने से प्रबंधन भी मजदूरों संग वार्ता करने को तैयार हुआ। इसके बाद यूनियन प्रतिनिधियों, कामगारों और अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमे कामगारों ने एक सुर में मांग किया की पूर्व में जिस तरह से सभी को संडे मिलता था। उसी प्रकार सभी को संडे मिलना चाहिए, अन्यथा मजदूर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बातचीत के बाद प्रबंधन ने फिलहाल सभी को संडे देने का आश्वासन दिया तथा वरीय अधिकारियों से विचार विमर्श करके संडे के मामले का स्थाई समाधान निकलने के लिए यूनियन प्रतिनिधियों के संग पुनः वार्ता करने की बात कही।प्रबंधन के आश्वासन के बाद लगभग 6 घंटे के बाद परियोजना का काम काज पुनः चालू हो पाया।

## रांची-मुरी सड़क निर्माण में लगे वाहन को अज्ञात अपराधियों ने की आगजनी

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची - मुरी सड़क निर्माण कार्य में लगी जय माता दी कंस्ट्रक्शन कंपनी का रोड रोलर को को अज्ञात अपराधियों ने जला दिया । यह मामला जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र के जोन्हा के जरवाडीह गांव का है । रोड रोलर के अलावा गांव की पेयजल टंकी सोलर प्लेट और बिजली के तार भी पूरी तरह से जल गयें । जिसकी वजह से जरवाडीह गांव में पेयजल और बिजली आपूर्ति ठप हो गयी है । बताया जाता है कि सोमवार की सुबह सोसो गांव की और से एक बाइक पर सवार होकर दो युवक कंपनी के साइट पर पहुंचे । रोड रोलर को स्टार्ट कर आगे पीछे किया । इसके बाद डीजल डालकर आग लगा दी । घटना की जानकारी मिलते ही अनगड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला विकास शाखा)

### निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–631 / 2023

चतरा जिला के लिए जिला स्तर पर DMFT अन्तर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं के लिए आवश्यक तकनीकी सहयोग प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर DMFT-PMU का गठन किया जाना है। इसके लिए इच्छुक फर्म / संस्था से निविदा की माँग की जाती है । निविदा संबंधी मुख्य सूचनाएँ निम्नवत् है :–

1. निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.06.2023
2. निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :– 24.06.2023 (अपराहन 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति स्थान :– जिला विकास शाखा, (DMFT) विकास भवन, चतरा ।
4. निविदा खुलने की तिथि :– 26.06.2023 (पूर्वाहन 11:30 बजे)
5. निविदा खुलने का स्थान :– समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा ।
6. निविदा तकनीकी एवं वित्तीय बिड में अलग–अलग तैयार कर एक तीसरे लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा ।
7. निविदा से संबंधित Request For Proposal (RFP) कार्यालय अवधि में जिला विकास शाखा, (DMFT) चतरा से प्राप्त किये जा सकते है अथवा जिले के Website- www.chatra.nic.in से download किये जा सकते है ।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, चतरा ।

PR.NO.299783 District(23-24):D


## कोयला मजदूरों की कई समस्या को लेकर सीसीएल प्रबधंन और जनता मजदूर संघ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर श्रमिक संगठन जनता मजदूर संघ और स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के बीच एजेंडा मिटिंग हुई।इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया।बैठक मे कोयला कामगारों की ज्वलंत समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई।जिसमे पिपरवार और अशोका यूनिट के मेन पावर को एक साथ करने,कामगारों के बकाया 13 दिन की मजदूरी का भुगतान करने, जीएम ऑफिस में कार्यरत कामगारों को संडे ड्यूटी देने, सीएचपी परियोजना में संवेदनशील पदों पर कार्यरत कामगारों का स्थानांतरण करने,खदानों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने,असंगठित मजदूरों को 25 दिन का हाजिरी देने और फार्म डी में हाजिरी बनाने, दीपावली से पूर्व असंगठित मजदूरों को



बोनस देने, कॉलोनियों में चल रहे सीएएमसी कार्यों की देखरेख करने सहित आवास आवंटन, आवास मरम्मति,प्रमोशन, शुद्ध पेयजल सहित कोयला कामगारों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रबंधन के द्वारा क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया गया। बैठक में जीएम सीबी सहाय, सीएचपी पीओ धनजयं कुमार,एसओपी आलोक मनीष सोय,सुरैश करमाली,टीडी सिंह सहित कई सीरियल अधिकारी और यूनियन के लोग मौजूद थे।

## सारजमड़ीह में डायन बिसाही का आरोप लगाकर बुजुर्ग महिला को तेज धारदार हथियार से घायल किया

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह स्थित देवी मंदिर के समीप रहने वाली एक बुजुर्ग महिला उर्मिला देवी को उसी के भतीजा ने तेज धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया । घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है । घायल उर्मिला देवी ने बताया की रात को वह खाना खाकर गर्मी के कारण अपने घर के बाहर सो रही थी । देर रात को शराब के नशे में धुत्त योगेश्वर सेठ ने तेज धारदार हथियार लेकर उसके ऊपर हमला कर दिया ।और ताबड़तोड़ बार करने लगा ।इस दौरान वह कहने लगा की तुम डायन हो तुम्हे आज जिंदा नहीं छोड़ेंगे । पीड़ित महिला ने बताया की किसी तरह वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकली और रात भर घर के बाहर छिपी रही । अहले सुबह उसने घटना की जानकारी मुखिया धनसिंह मुंडा और जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ को दिया ।दोनो के प्रयास से महिला को एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए तमाड़ हॉस्पिटल भेजा गया ।

## रेड़ जोन में तब्दील हुआ जारंगा नदी मोड़ फिर एक्सीडेंट, टैंकर पलटी चालक उपचालक बुरी तरह घायल

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के खूंटी - तमाड़ पथ पर अवस्थित जारंगा नदी के समीप तीखे मोड़ पर प्रोपेन गैस भरी टैंकर असंतुलित होकर पलट गई । मिली जानकारी के अनुसार यह टैंकर हल्दिया पश्चिम बंगाल से संबलपुर जा रही थी। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह 5.40 बजे लम्बी गैस टैंकर तेज गति से तमाड़ से खूंटी की ओर जा रही थी इसी क्रम में सरना के समीप तीखे मोड़ पर चालक ने ट्रैंकर से अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी बुरी तरह से पलट कर खाई में गिर गई। चालक बिहार के छपरा निवासी ब्रजकिशोर यादव की बांयां पैर घुटना के ऊपर कटकर अलग हो गई और उप चालक गिरीडीह के निवासी हैं देवीचंद साहू टैंकर के पलटने से केबिन के अंदर सीट और लोहे के छड़ से दब गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा दुर्घटना की सूचना पास के गांव जारंगा के ग्रामीणों को दी गई सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे खलासी को बाहर निकाला गया।इधर दुर्घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई और घायलों को 108 एंबुलेंस से खूंटी सदर अस्पताल भेजा गया सूचना मिलते ही अड़की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क को दोनों ओर वाहन आवागमन के लिए रोक दिया गया क्योंकि टैंकर के पलटने से टंकी में छेद हो गई थी और उससे गैस निकल रही थी जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना थी ।




## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

पत्रांक–............./दिनांक–...................

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 22.06.23 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 02(दो) जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा। |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07. | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08. | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09. | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 9:00AM To 5:00 PM | |

दिनांक 22.06.23 को मेदिनीनगर नगर निगम को पूर्वाह्न 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह०/–
नगर आयुक्त,
–सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.299811 District(23-24):D



## कार्यालय–जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची।

ई०टी०सी०, परिसर, हेहल, राँची।
E-mail-dscoranchi.pmksy@gmail.com

**PMKSY 2.0** अन्तर्गत **Ranchi-WDC-01/2021-22** (बेड़ो परियोजना) एवं **Ranchi-WDC-02/2021-22)** (तमाड़ व सोनाहातु परियोजना) में अनुबंध के आधार पर ''जलछाजन विकास दल के सदस्यों'' की नियुक्ति की सूचना।

### WALK – IN – INTERVIEW

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची–सह– परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी (**PIA**) के अधीन केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (**WDC-PMKSY 2.0**) के तहत् राँची जिले के बेड़ो, तमाड़ व सोनाहातु प्रखण्ड में अवस्थित जलछाजन क्षेत्रों के सफल संचालन हेतु अनुबंध के आधार पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर जलछाजन विकास दल (**WDT**) के सदस्य की आवश्यकता है।

| क्रं0 सं0 | परियोजना का नाम | पदनाम | पद की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | **Ranchi-WDC-01/2021-22** (बेड़ो परियोजना) | **WDT** | 01 |
| 2 | **Ranchi-WDC-02/2021-22)** (तमाड़ व सोनाहातु परियोजना) | **WDT** | 01 |

अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु निम्न शर्ते निर्धारित की गई है।

1. शैक्षणिक योग्यता :–
**W.D.T.** हेतु उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक एवं **W.D.T.** के रूप में कार्य करने का कम से कम 2 (दो) वर्षो का अनुभव। उम्मीदवार को अनुभव के आधार पर योग्यता एवं आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
2. मानदेय :– 20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र
3. आयुसीमा :– अधिकतम 40 वर्ष।

सेवा शर्ते :–

1. नियुक्ति पूर्णतया मानदेय के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का विभाग का कोई दायित्व नही होगा।
2. प्रारंभिक चरण मे ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी, तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। अन्यथा ऐसी नियुक्ति स्वतः रद्द समझी जाएगी।
3. यदि नियुक्त व्यक्ति स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे एक माह पूर्व लिखित सूचना देनी होगी। कार्यरत कर्मी के सेवा की आवश्यकता नहीं होने पर एक माह की लिखित सूचना देकर कार्यरत कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा समाप्त कर दी जाएगी।
4. सरकारी विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी परन्तु कार्य असंतोषप्रद पाए जाने पर ऐसे कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी समय समाप्त कर दी जाएगी।
5. क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान निर्धारित यात्रा–भत्ता अलग से देय होगा।
6. नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
7. उक्त परियोजना अन्तर्गत पी0आई0ए0 के प्रशासनिक मद में उपलब्ध राशि से मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन–पत्र जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची, ई0टी0सी0 परिसर हेहल, पोस्ट–हेहल जिला राँची पिन कोड़–834005 के पते पर दिनांक–13.06.2023 से दिनांक–17.06.2023 तक कार्यालय अवधि में जमा लिये जायेगें। दिनांक–17.06.2023 के पश्चात कोई भी आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। नियुक्ति पर दिनांक–21.06.2023 को जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची, ई0टी0सी0 परिसर, हेहल, राँची (C.I.P.E.T. कैम्पस के अन्दर) के कार्यालय–कक्ष में साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाण पत्र के साथ 11:00 बजे पूर्वाहन में उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार हेतु आवेदक को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

कार्यालय पता :–
जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची
ई0टी0सी0 परिसर, हेहल, **C.I.P.E.T** कैम्पस के अन्दर राँची।

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
राँची

PR 299812 Agriculture(23-24)D


## मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आदर्श बालिका विद्यालय, खूंटी के ऑडिटोरियम में मंत्री, योजना एवं वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर उपायुक्त द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में



जानकारी दी गयी। इस दौरान योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति व क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्यकर तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोगता मामले विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा बताया गया कि मूल रूप से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के बाद ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है।

## किरीगढ़ा दामोदर पर बने उच्च स्तरीय पुल का विधायक अंबा प्रसाद ने किया उद्घाटन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के हफुआ से किरीगढ़ा बचरा पहुंच पथ में मुख्यमंत्री ग्राम शेतू योजना के अंतर्गत दामोदर नदी पर बनाये गये उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।उद्घाटन समारोह में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक ढोल नगाड़े बजाकर एवं माला पहनाकर विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया गया।जिसके बाद विधायक ने नारियल फोड़कर,फीता काटकर और शिलापट से पर्दा हटाकर पुल का उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग एवं जरुरतों को देखते हुए मेरी मां पुर्व विधायक निर्मला देवी की अनुशंसा पर शासन द्वारा इस पुल की स्वीकृति मिली थी।




## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।

### (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

लापता पुरूश अनिल कन्डुलना (उम्र करीब–42 वर्श), पे0–शरन कन्डुलना, सा0–ससनटोली झपला, थाना–कोलेबिरा, जिला–सिमडेगा (झा0) का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जो कि काम करने हेतु 29.05.2023 को तामिलनाडु जा रहे थे, दिनांक–01.06.2023, को पता चला कि वह लापता हो गया है, जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता पुरूश की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:–

नामः–अनिल कन्डुलनाा
पिता का नामः–शरन कन्डुलना
ग्रामः–ससनटोली झपला
थानाः–कोलेबिरा।
जिलाः–सिमडेगा (झा0)
भाशाः–सादरी एवं हिन्दी।
पहचान–मानसिक स्थिति खराब है।
आधार नं0–341539017458



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता पुरूश अनिल कन्डुलना के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगामोबाइल नं0–9431116444
कोलेबिरा थाना, प्रभारी मोबाइल नं0–6207971504
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 299799 Police(23-24)D



## जिला स्वास्थ्य समिति, राँची सदर अस्पताल परिसर, राँची

**हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर एवं अन्य स्वास्थ्य विभागीय कार्यकम हेतु योग प्रशिक्षको/Yoga Instructors को प्रोत्साहन राशि के आधार पर सूचीबद्ध करने हेतु Merit List का प्रकाशन**

**विज्ञापन संख्याः– 01/2023** **साक्षात्कार की तिथि :– 31.05.23**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर एवं अन्य स्वास्थ्य विभागीय कार्यकम हेतु योग प्रशिक्षक/Yoga Instructor को प्रोत्साहन राशि के आधार पर सूचीबद्ध करने हेतु दिनांक 31.05.23 को Interview Cum Yoga Skill आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में योग–प्रशिक्षक/Yoga Instructor को सूचीबद्ध करने हेतु अभ्यर्थियों के चयनित एवं प्रतीक्षा सूची का विवरण निम्नवत है :–

| Sl No | Roll No | Name | Date of Birth | Category ST/SC/OBC | Total Marks -50 | Result |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 143 | BANTI KUMARI | 02.04.1986 | GEN | 46.75 | Selected |
| 2 | 139 | RUPESH KUMAR | 14.01.1992 | OBC | 46.25 | Selected |
| 3 | 134 | VIJAY KUMAR | 25.04.1997 | OBC-2 | 45.70 | Selected |
| 4 | 137 | KALYANI KUMARI | 18.4.1988 | OBC | 45.10 | Selected |
| 5 | 101 | CHITRANJAN KUMAR MAHTO | 16.01.1997 | OBC-1 | 42.60 | Selected |
| 6 | 146 | UTTAM PRAKASH | 28.09.1997 | BC-1 | 42.50 | Selected |
| 7 | 144 | SHALINI KUMARI | 20.5.1983 | GEN | 42.45 | Selected |
| 8 | 23 | MADHU PRADHAN | 14.10.1976 | GEN | 42.00 | Selected |
| 9 | 27 | POONAM PRASAD | 08.01.1973 | OBC | 42.00 | Selected |
| 10 | 40 | NAKUL MAHTO | 04.05.1995 | OBC(BC-1) | 42.00 | Selected |
| 11 | 145 | ANUP KUMAR THAKUR | 28.07.1995 | OBC-1 | 42.00 | Selected |
| 12 | 138 | MARIYAM TIRKEY | 05.12.1990 | ST | 41.00 | Selected |
| 13 | 15 | KAMLESH ORAON | 04.02.1978 | ST | 41.00 | Selected |
| 14 | 135 | MUKESH PURAN | 20.8.1987 | ST | 41.00 | Selected |
| 15 | 20 | PARMESHWAR KOIRI | 22.03.1992 | OBC | 41.00 | Selected |
| 16 | 71 | RAHUL RANJAN | 12.04.1994 | SC | 40.00 | Selected |
| 17 | 16 | GAYTRI KUMARI | 18.7.1992 | SC | 40.00 | Selected |
| 18 | 147 | ASHISH KUMAR RANJAN | 30.11.1986 | GEN | 40.00 | Selected |
| 19 | 141 | CHANDNI KUMARI | 17.01.1990 | OBC-1 | 40.00 | Selected |
| 20 | 148 | SHAILESH SUMAN | 29.04.1996 | OBC | 40.00 | Selected |
| 21 | 140 | ANITA LAKRA | 24.02.1986 | ST | 39.60 | Selected |
| 22 | 142 | DIPIT KUMARI | 06.10.1983 | GEN | 39.50 | Selected |
| 23 | 26 | PRIYANKA KUMARI | 25.08.1990 | OBC | 39.40 | Selected |
| 24 | 54 | BIRASMANI TIRKEY | 04.06.1991 | GEN | 39.30 | Selected |
| 25 | 156 | CHANDRA DEV YADAV | 04.01.1988 | OBC | 38.75 | Selected |
| 26 | 89 | PUJA SINGH | 30.03.1985 | Gen | 38.75 | Selected |
| 27 | 109 | CHAND RANI CHAND NAGPAL | 6.10.1968 | GEN | 38.50 | Selected |
| 28 | 98 | PRIYANKA SINGH | 20.03.1997 | Gen | 38.00 | Selected |
| 29 | 29 | PUJA TIWARY | 02.08.1980 | GEN | 38.00 | Selected |
| 30 | 33 | RAJENDRA KUMAR | 17.11.1990 | OBC | 38.00 | Selected |
| 31 | 65 | SUMAN LINDA | 11.01.1993 | ST | 38.00 | Selected |
| 32 | 47 | MAMTA KUMARI | 02.02.2002 | GEN | 38.00 | Selected |
| 33 | 157 | PUJA | 05.11.1990 | GEN | 38.00 | Selected |
| 34 | 3 | JAGDISH SINGH | 21.01.1975 | GEN | 38.00 | Selected |
| 35 | 161 | PRIYADARSHANI | 28.02.1982 | GEN | 37.00 | Selected |
| 36 | 36 | SANDHYA KUMARI | 03.12.1996 | GEN | 37.00 | Selected |
| 37 | 62 | ANAND KACHHAP | 12.07.1989 | ST | 37.00 | Selected |
| 38 | 132 | NUPUR KUMARI | 11.03.1988 | OBC | 37.00 | Selected |
| 39 | 57 | VIKASH KUMAR GOPE | 03.10.1994 | OBC (BC-2) | 37.00 | Selected |
| 40 | 01 | NUTAN SINGH | 21.01.1980 | GEN | 37.00 | Selected |
| | | **Waiting List** | | | | |
| 1 | 11 | SHEETAL MAHTO | 08.02.1996 | OBC | 36.00 | Waiting |
| 2 | 72 | SONALI SARKAR | 27.07.1991 | Gen | 33.00 | Waiting |
| 3 | 12 | INDU KUMARI MAHTO | 25.10.1994 | OBC | 33.00 | Waiting |
| 4 | 13 | SINDHU KUMARI MAHTO | 19.11.1996 | OBC | 33.00 | Waiting |
| 5 | 149 | SOURABH SUMAN | 08.05.1993 | OBC | 33.00 | Waiting |
| 6 | 59 | POOJA CHANDRA | 11.3.1982 | OBC | 33.00 | Waiting |
| 7 | 28 | KUMARI BABY | 11.08.1990 | OBC | 32.00 | Waiting |
| 8 | 10 | SUJEET KUMAR | 25.10.1995 | OBC | 31.00 | Waiting |
| 9 | 17 | SAURABH SAHU | 09.07.1994 | OBC | 30.00 | Waiting |
| 10 | 118 | SMITA JAYASWAL | 01.01.1974 | GEN | 29.00 | Waiting |
| 11 | 130 | ANURAG KUMAR | 13.06.1983 | OBC | 28.50 | Waiting |
| 12 | 96 | SHIVESH KUMAR | 02.01.1996 | Gen | 28.00 | Waiting |
| 13 | 30 | RAHUL PODDAR | 19.07.1993 | OBC | 28.00 | Waiting |
| 14 | 51 | SWETA KUMARI | 06.12.1978 | OBC | 28.00 | Waiting |
| 15 | 04 | RAMJIT MAHTO | 03.07.1980 | OBC | 28.00 | Waiting |
| 16 | 151 | SHELUKAR KAVITA MUKRAM | 02.04.1987 | GEN | 27.00 | Waiting |
| 17 | 25 | PREM PRABHAT ORAON | 10.11.1995 | ST | 27.00 | Waiting |
| 18 | 64 | TARUN KUMAR MAHTO | 12.09.1994 | OBC | 27.00 | Waiting |
| 19 | 63 | AJAY KUMAR | 19.09.1994 | OBC | 26.00 | Waiting |
| 20 | 131 | AMIT KUMAR | 09.02.1977 | GEN | 26.00 | Waiting |

उपरोक्त सूची राँची जिला के बेवसाईट www.ranchi.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति राँची कार्यालय के सूचना –पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

चयनित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि दिनांक 18.06.23 तक योगदान प्रकिया को पूर्ण करने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति राँची के कार्यालय मे कार्यावधि में उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

**असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**

**PR 299800 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D**

## जय प्रकाश उद्यान में में तीन दिवसीय भागीरथवंशी शहीद आत्मा शांति महायज्ञ 14 से

**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के विभाजन में शहीद हुए पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तीन दिवसीय भागीरथवंशी शहीद आत्मा शांति महायज्ञ का आयोजन खरकई तट स्थित जय प्रकाश उद्यान में 14 से 16 जून तक आयोजित होगी. अध्यक्ष ने बताया कि यह अनोखा यज्ञ है जो राजा भगीरथ और भगवान परशुराम के बाद इस पृथ्वी पर हो रहा है. 14 जून को सुबह साढ़े 7 बजे झंडोत्तोलन होगा. 8 बजे 501 महिलाओं के द्वारा चित्रकूट घाट के लिए कलश यात्रा के लिए निकलेगी. संध्या चार बजे से चित्रकूट धाम से पधारे श्रीश्री 108 स्वामी सीताराम शरण महाराज का गीता महाग्रंथ का प्रवचन होगा. 15 जून को प्रातः आठ बजे से हवन यज्ञ, तर्पण और संध्या चार बजे से प्रवचन जबकि 16 जून को सुबह नौ बजे से गीता पाठ, सिख समुदाय के लोग अंतिम अरदास करेंगे और अंत में गायत्री परिवार की ओर से हवन के साथ महायज्ञ का समापन होगा और दोपहर एक बजे से महाप्रसाद का वितरण होगा. शाम में अंतिम प्रवचन के साथ महायज्ञ का समापन होगा. इस अवसर पर संरक्षक हरि बल्लभ सिंह आरसी, अध्यक्ष रामेश कुमार, आदि में शामिल थे ।

## अधूरे बने नाली को पूरा बनाने के लिए कांग्रेस नेता अंसार ने दिया ज्ञापन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी



अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव एवं पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में कबीर नगर कपाली के बस्ती वासियों का प्रतिनिधिमंडल कपाली नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। अंसार खान ने बताया कबीर नगर मजार गली रोड नंबर 3 में बन रहा नाली का कार्य अधूरा है। उस नाली का निर्माण पूरा करते हुए उसे नाला से जोड़ा जाए ताकि बस्ती का पानी रोड में ना फैले। कहा कार्यालय से आश्वासन मिला है बचे हुए नाली को जल्द से जल्द बनवा दिया जाएगा। आज ज्ञापन सौंपने में मोहम्मद अली इमाम, रेशमी निगार, रुखसाना परवीन, मोहम्मद इकबाल, ताबिश इकबाल, मोहम्मद दानिश परवेज, मोहम्मद शमसी, मोहम्मद आरिस अहमद, मोहम्मद नेहाल कमर मौजूद थे।

## टांगराईन लैंम्पस में धान बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन, दर 17.80 रू किलो

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड अंतर्गत टांगराईन



ग्राम पंचायत के टांगराईन बृहद बहुधन्दी सहयोग समिति में पंचायत के मुखिया असित सरदार, पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर पात्रों, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राखल साहू , प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक राजु सरदार के द्वारा संयुक्त रूप से बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने कहा यहां के किसानों को समृद्धिशाली एवं स्वावलंबी बनाने के लिए लैंम्पस से जुड़ना पहली प्राथमिकता होगी। जैसे ही किसान लैम्पस के साथ जुड़ जाएंगे वैसे ही उन्हें कृषि से संबंधित हर सुविधा मुहैया कराया जाएगा। प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक राजु सरदार ने सभी किसानों को धान बीज क्रय करने हेतु रजिस्ट्रेशन करने को कहा। धान बीज का सरकारी विक्रय मूल्य 17.80 रूपया प्रति किलो रखा गया है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण शिविर 16 जून को

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर गम्हरिया प्रखंड तथा आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी बीएलओ के लिए आगामी शुक्रवार,16 जून को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। छोटा गम्हरिया स्थित सामुदायिक भवन में पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से आयोजित शिविर में सभी बीएलओ को उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडलाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा दी गई है।

## 25 प्रशिक्षुओं को पीएनबी आरसेटी में दिया गया वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सरायकेला द्वारा वित्तीय साक्षरता के बारे में 25 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया । जिसमे दीदीयों को समूहों में वित्तीय साक्षरता के बारे में गुर सिखाया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक बीरेंद्र कुमार सीट, जे एस एल पी एस के डी पी एम आशियाना मोडको, तथा संकाय सदस्य शैलेन्द्र गोप, गोविन्द कुमार रॉय कार्यालय सहायक दिलीप आचार्या , इंद्रजीत कैबर्ट द्रौपदी महतो एवम गुरुचरण महतो भी उपस्थित रहे।

## एमजीएम अस्पताल में बिजली गुल होने से मचा अफरा तफरी, पावर बैकअप नही होने की खुली पोल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को साकची स्थित एमजीएम अस्पताल में सुबह अचानक बिजली गुल हो गई। इस दौरान अस्पताल में अफरा-तफरी का महौल बना रहा। अस्पताल में पावर बैकअप नहीं होने के कारण मरीजों के परिजन मोबाइल का टॉर्च चालू कर रौशनी करते दिखे। हालांकि इस दौरान गर्मी से लोगों का हाल बेहाल दिखा। बर्न वार्ड में भी मरीज कमरे से बाहर टहलते नजर आए सुबह 10 बजे अस्पताल की बिजली गुल हो गई जो दोपहर 12 बजे के आस पास आई। बिजली गुल रहने से कई काम ठप रहे। इधर, बिजली गुल होने से अस्पताल के सर्जरी वार्ड के लिफ्ट में दो लोग फंस गए। दो घंटे बाद जब बिजली आई तो दोनों को लिफ्ट से बाहर निकाला गया।

## सोनारी शांति समिति ने दी पूर्व अध्यक्ष आर के गुजराल को श्रद्धांजली




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सोनारी थाना में सोनारी शांति समिति की ओर से शांति समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय आरके गुजराल की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा की गई। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक कमल किशोर, सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत, शांति समिति के सम्मानित सदस्य डॉक्टर अमल पात्रों, डॉक्टर केके चौधरी, अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, त्रिभुवन यादव, सरबजीत सिंह, चरणजीत सिंह, मनदीप सिंह, संजय यादव, संजय पांडे, बंटी शर्मा, संतोष सिंह, मोहम्मद आजाद, बब्बन शुक्ला, कविंद् बहरा पंडित एवं अन्य सदस्यों के द्वारा स्वर्गीय आरके गुजराल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## नीमडीह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लायाडीह में झालसा के निर्देशानुसार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने जानकारी देते हुए कहा 14 वर्ष तक के आयु के बच्चों को किसी भी जोखिम भरे कार्य में नही लगाया जा सकता। कोई भी व्यक्ति जिनमें बाल मजदूरी की पाबंदी है उसमें काम कराता है तो उसे तीन महीने और अधिक से अधिक एक वर्ष की जेल हो सकती है। इसके अतिरिक्त पीएलवी ने मन का मिला पखवाड़ा अभियान को लेकर जानकारी दी । इस अवसर पर सुमित्रा दास, बासन्ती सिंह सरदार, आशा वाला सिंह उपस्थित हुए ।

# बिष्टुपुर सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट प्रिंसिपल के खिलाफ दुर्व्यवहार का आरोप लेकर थाना पहुंचे अभिभावक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को बिष्टुपुर थाना में अभिभावक संघ के साथ अतनु बंगमास के साथ पत्नी दुर्बा चटर्जी थाना प्रभारी से मिलने पहुंची है. वहीं उन्होंने बताया कि वे बिष्टुपुर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है. इसमें वे सेक्रेट हार्ट कान्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि सेक्रेट हार्ट कान्वेंट स्कूल की छात्रा आद्रिजा बंगमास को स्कूल से टीसी दिया जा रहा है. इसकी शिकायत लेकर आद्रिजा के माता पिता स्कूल की सिस्टर से मिलने पहुंचे थे. वहीं सिस्टर ने स्कूल की प्रिंसिपल से बात करने को कहा. जिसके बाद अभिभावक स्कूल की



प्रिंसिपल से मिलने पहुंचे. वहीं उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल को बताया कि उनकी बेटी सत्र 2022-23 में चौथी कक्षा में पढ़ रही थी. तभी उसे टाइफाइड हो गया. जिसके बाद स्कूल की को-ऑर्डिनेटर सिस्टर मीरा ने स्कूल में दूसरे बच्चे को बीमारी का संक्रमण का हवाला देते हुए उनकी बेटी को घर पर रहकर पूरी तरह स्वस्थ्य होने की सलाह दी गयी थी. इसके बाद उनकी बेटी स्वस्थ्य हो गयी तो उसके माता-पिता को-ऑर्डिनेटर से मुलाकात करने गये. तभी को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि स्कूल की अधिकांश पढ़ाई समाप्त हो चुकी है, इसलिए वे स्कूल बच्ची को अगले सत्र से भेजे. वहीं जब नये सत्र में बच्ची को उसी कक्षा में रख दिया गया तो अभिभावक स्कूल पहुंचे, उन्होंने को-ऑर्डिनेटर से बातचीत करनी चाही. तभी सिस्टर टाल-मटोल करने लगी और प्रिंसिपल से बात करने को कहा. जब वे प्रिंसिपल रश्मिता एसी के पास गये तो उन्होंने पूरी बात उन्हें बतायी. जिसके बाद को-ऑर्डिनेटर को बुलाया गया तो वे अपने बात से मुकर गयी. तभी आक्रोशित प्रिंसिपल ने उनकी बेटी को टीसी लेने और किसी अन्य स्कूल में दाखिला लेने की बात कही. वहीं उसके साथ स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है. इसी संदर्भ में सोमवार को वे लोग बिष्टुपुर थाना में इसकी शिकायत को लेकर पहुंचे है. वहीं उन्होंने प्रिंसिपल पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है.

## महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे का जमशेदपुर आगमन आज, कई प्रोग्राम में करेंगे शिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि मंगलवार को महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रोफेसर राम शिंदे एकदिवसीय प्रवास पर जमशेदपुर आ रहे हैं। जहां वे, जुगसलाई विधानसभा के संयुक्त मोर्चा सम्मलेन में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही, संध्याकाल में पश्चिम विधानसभा की टिफिन बैठक में हिस्सा लेंगे एवं सम्पर्क से समर्थन अभियान में कार्यकर्ताओं व आमजनों के संग संवाद करेंगे। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि प्रोफेसर राम शिंदे के आगमन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर राम शिंदे रात्रि विश्राम जमशेदपुर परिसदन में करेंगे।

# आईएससी के जिला टॉपर सागर सहिस को विधायक ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिले का आईएससी टॉपर सागर सहिस को उनके गांव लावा स्थित हरि मंदिर पहुंचकर दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने लड्डू खिलाकर बधाई दी एवं आगे की पढ़ाई हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्हें एक कलाई घड़ी का उपहार देकर सम्मानित भी किया। लावा के ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने कहा कि सागर ने जैक बोर्ड की परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर गांव का नाम रौशन किया है और इनसे अन्य बच्चों को भी सीखने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, देवनाथ दास, तपन गोराई, महेश्वर दास, दीपक गोराई, सुशांत मल्लिक, संजय सिंह, प्रदीप कुंभकार, मंगल सिंह, सुजीत महतो, विजय कुमार



पंडित, श्रीपति कुंभकार, पूर्णचन्द्र गोराई, कालीपद सहिस व श्यामल गोराई के अलावे काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थे। इस दौरान गांव के युवा क्लब से जुड़े खिलाड़ियों को विधायक ने बैट खरीदने के लिए 3 हजार रुपये का आर्थिक सहायता की। जबकि गांव में युवाओं द्वारा एक क्लब भवन निर्माण की मांग करने पर विधायक ने मुख्य सड़क के किनारे रामकृष्ण मंदिर के समीप स्थल निरीक्षण करते हुए विधायक निधि से भवन

# पटमदा में ग्राम प्रधान संघ भवन निर्माण का भूमि पूजन 19 को, विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड़ बिरसा चौक स्थित जर्जर हो चुके तहसील कचहरी भवन को तोड़कर भव्य ग्राम प्रधान संघ भवन पटमदा का निर्माण विधायक निधि से किया जाएगा। जिसका विधिवत भूमि पूजन 19 जून को विधायक मंगल कालिंदी के हाथों में किया जाएगा। सोमवार को विधायक ने ग्राम प्रधानों के साथ स्थल निरीक्षण करते हुए जेई विजय भूषण के साथ जगह का मापी करवाया। इस संबंध में विधायक ने बताया कि ग्राम प्रधान संघ का बहुप्रतीक्षित मांग को मैंने पूरा करने जा रहा हुँ। उन्होंने बताया कि भवन



का निर्माण हो जाने से ग्राम प्रधानों का विभिन्न प्रकार कार्यक्रम अब भवन में ही संपन्न होगा। विधायक ने बताया कि भवन निर्माण के लिए पटमदा सीओ चंद्रशेखर तिवारी के साथ मिलकर जगह का एनओसी ले लिया गया है। जेई ने बताया कि भवन का लागत 15 लाख से कम होगा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास, सचिव मृत्युंजय महतो, सुधीर चंद्र माझी, शंभु नाथ हेम्ब्रम, टीकाराम माझी, किंकर महतो, सुभाष सिंह, अनिल महतो, काशीनाथ महतो आदि मौजूद थे।

## गम्हरिया गुरुद्वारा में मना श्री हरगोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया गुरुद्वारा में सिखों के छठे गुरू श्री हरगोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्रातःकाल में अरदास के पश्चात कथावाचन और कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। तत्पश्चात, गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, वरीय उपाध्यक्ष सरदार चंचल सिंह और स्त्री सत्संग सभा की प्रधान उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में गम्हरिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान इंद्रजीत सिंह, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह, पाल सिंह, निर्मल सिंह, सौदागर सिंह, बाज सिंह, भूपेंद्र सिंह, आदि का योगदान रहा।

# एक्सएलआरआइ में हुई नये सत्र की शुरुआत, बीएम जीएम में छात्र तो एचआरएम में छात्राएं हैं अधिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 का उद्घाटन 12 जून 2023 को आयोजित किया गया. टाटा ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो समेत सभी नवागंतुक छात्र-छात्राओं के साथ ही शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे. इस दौरान एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर प्रो. फादर एस. जॉर्ज ने ऑनलाइन मोड में सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया. उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित




करते हुए कहा कि एक्सएलआरआइ इस साल अपनी स्थापना के 75 साल मनाने जा रहा है. सभी नवागंतुक छात्र इस खास मौके का गवाह बनेंगे. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आपस में एकता रखने, यथार्थवादी बनने का आह्वान किया. कहा कि जीवन के सफर में खुशी व समस्याएं दोनों आयेंगी, सफल वे हो पाते हैं जो दोनों को गले लगा कर आगे बढ़ते हैं. विषम परिस्थितियों में भी बेहतर तरीके से कार्य करने का आह्वान किया. इस अवसर पर डीन एडमिन प्रो. संजय पात्रो ने भी एक्सएलआरआइ से जुड़ी कई अहम बातें कही. मालूम हो कि इस बार एक्सएलआरआइ बिजनेस मैनेजमेंट व डबल मार्स्टस एलएससीएम कोर्स में कुल 240 उम्मीदवारों ने एडमिशन लिया है. जिसमें 26.70 प्रतिशत महिला जबकि 73.30 प्रतिशत पुरुष हैं. वहीं, इसमें 72 प्रतिशत इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के हैं. जबकि एचआरएम कोर्स के लिए 180 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया. इसमें 58 फीसदी छात्रा जबकि 42 प्रतिशत छात्र हैं. एचआरएम में 45 प्रतिशत इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के हैं. जेनरल मैनेजमेंट में कुल 115 ने एडमिशन लिया है. इसमें 25.21 प्रतिशत छात्रा जबकि 74.78 प्रतिशत छात्र हैं. जेनरल मैनेजमेंट कोर्स में 72.17 प्रतिशत इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के हैं.

# रिफ्यूजी कालोनी गुरुद्वारा साहिब में 5 दिवसीय गुरमत ट्रेनिंग कैंप का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पिछले पांच दिनों से चल रहे सिख बच्चे बच्चियों का विशेष गुरमत ट्रेनिंग कैंप का समापन आज रिफ्यूजी कालोनी गुरुद्वारा साहिब में सम्पन्न हुआ। ट्रेनिंग कैंप में रिफ्यूजी कालोनी के अलावा सोनारी बिस्टुपुर साकची के करीब 150 बच्चों ने हिस्सा लिया। 5 दिवसीय गुरमत ट्रेनिंग कैंप में बच्चों को सिख रहत मर्यादा की जानकारी दी गयी। नितनेम पाठ एवं गुरबाणी किर्तन के गुर सिखाए गये तथा बच्चों को पगड़ी बांधने और पगड़ी की सिखों



के लिए क्या अहमियत है बताया गया। समापन समारोह में ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को उनके मेंटोर बीबी अंजू कौर गंभीर ने प्रोत्साहित करने के लिए मोमेंटो (यादगार चिन्ह ) देकर सम्मानित किया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं गुरुतेग बहादुर सेवक जत्था का भी योगदान रहा। कार्यक्रम में कमेटी प्रधान स. हरमिंदर सिंह मिंदी भी मौजूद रहे।

# मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा का दोबारा अध्यक्ष बने पंकज छावछरिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा की आम सभा मे शाखा अध्यक्ष पंकज छावछरिया के पिछले कार्यकाल को देखते हुए एक बार पुनः सर्वसम्मति से सत्र 23-25 के लिये अध्यक्ष चुना गया। मालीराम अग्रवाल को महासचिव मनोनीत किया गया। आम सभा में भालूबासा शाखा के 21 सदस्य उपस्थित थे, जिनमे 20 को मतदान का अधिकार प्राप्त था। मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रिंगसिया, जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल, समाजसेवी उमेश शाह, जगदीश मुनका, महावीर अग्रवाल की मौजूदगी में भालूबासा शाखा के 19 सदस्यों ने खड़े होकर एवं हाथ उठाकर पंकज छावछरिया को अपना समर्थन देने की घोषणा की। इस आम सभा मे प्रमुख रूप से सीए किशन चौधरी, सीए पवन अग्रवाल, गगन रुस्तगी, श्रीराम



सरोज, रामरतन खंडेलवाल, सुरज्ञान डंगबाजिया, रामोतार बेगराजका, शंकर प्रसाद अग्रवाल, पायल रुस्तगी, रानी अग्रवाल, पिंकी छावछरिया, रतन अग्रवाल, मनोज खेमका, नवीन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, मनोज खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

# स्थानीय निति की मांग को लेकर सिल्ली पूर्व विधायक रोजाना लगा रहें हाफ मैराथन दौड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने अपने समर्थकों के साथ खतियान आधारित स्थानीय निति बनाने का मांग को लेकर एक अलग अंदाज में सरकार को अल्टीमेटम दे रहे हैं। पूर्व विधायक प्रतिदिन 21 किलोमीटर मैराथन दौड़ कर अपनी मांग पर सरकार को आगाह कर रहे हैं। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए सोमवार को सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के दारूदा से ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक



तक 21 किलोमीटर मैराथन दौड़ कर खतियान आधारित स्थानीय निति परिभाषित करने का मांग किया। पूर्व विधायक अमित महतो अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बीना रूके मैराथन दौड़ कर मिलन चौक पहुंचे । श्री महतो ने पत्रकारों को बताया कि प्रतिदिन 21 किलोमीटर किसी न किसी विधानसभा क्षेत्र में मैराथन दौड़ कर 1932 खतीयान आधारित स्थानीय निति बनाने के लिए आंदोलन किया जा रहा है और इसी कड़ी में आज ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में मैराथन दौड़ किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की गलत स्थानीय निति, नियोजन निति का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार भी रघुबर सरकार की नियोजन निति के अनुरूप चलने का कोशिश कर रहे हैं, जिससे हमारे यहां के स्थानीय युवाओं, शिक्षित बेरोजगारों को अपना सम्मान, अपना अधिकार नहीं मिल रहा है।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति आगामी चुनाव में उतारेगा अपना उम्मीदवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक अनिल महतो की अध्यक्षता में रामबाबा आश्रम में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से समिति के आंदोलनकारी नेता जयराम महतो उपस्थित थे। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि जेबीकेएसएस आगामी चुनावों में अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। इसके अलावा आगामी 17 व 18 जून को धनबाद के बलियापुर प्रखण्ड में आयोजित दो दिवसीय महासम्मेलन को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में सूरज महतो, मनोज कुमार महतो, विजय प्रताप महतो, प्रकाश महतो, दीपक महतो, दिनेश महतो, पिंटू महतो, आनंद महतो समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आरएसएस की नसीहत

**आरएसएस** के मुखपत्र 'ऑर्गेनाइजर' में छपे आलेख का सारांश यह है कि आखिर भाजपा कब तक 'मोदी के मैजिक' और हिंदूवाद के भरोसे रहेगी? प्रधानमंत्री मोदी का कथित करिश्मा और वैचारिक ताकत दोनों ही 'चरमोत्कर्ष' को छू चुके हैं। अब आगे के विस्तार की कोई संभावना नहीं है। स्थानीय, क्षेत्रीय नेतृत्व का विकल्प मोदी नहीं हो सकते, लिहाजा भाजपा को अपने क्षेत्रीय क्षत्रपों को मजबूत करना होगा, जो 'जनसंघ' के दौर से पार्टी की बुनियादी ताकत रहे हैं। बेशक आज वे सीमित और संकुचित लगते हैं। 'ऑर्गेनाइजर' और 'पांचजन्य' संघ के अंग्रेजी-हिंदी मुखपत्र हैं। संघ भाजपा को जो भी नसीहत या चेतावनी देना चाहता है, इन्हीं मुखपत्रों के आलेखों अथवा संपादकीय के जरिए कहता रहा है। संघ में सर्वेक्षण की कोई परंपरा नहीं है। संघ अपने स्थानीय प्रचारकों के जरिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और सामयिक सूचनाएं एकत्रित करता है और फिर भाजपा तक प्रेषित करता है। हालांकि संघ का यह बुनियादी एजेंडा भी नहीं है कि वह भाजपा की राजनीति की दिशा और दशा को दुरुस्त करे, लेकिन भाजपा संघ की सोच का ही एक अंतरंग हिस्सा है, लिहाजा महत्त्वपूर्ण चुनावों से पहले वह पार्टी को सचेत जरूर करता रहा है। संघ के मुखपत्र में छपे आलेख पर कर्नाटक चुनाव और उसके जनादेश की चिंताएं छाई लगती हैं। भाषायी पुनर्गठन के खतरों की चिंता और मुसलमान-चर्च की लामबंदी के समीकरण कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित थे। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन वे सभी चुनाव कर्नाटक की तर्ज पर होंगे, ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है। सबसे गौरतलब यह है कि अब देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी और उनके मुद्दों, आश्वासनों से ऊबने लगी है। हालांकि यह दीगर है कि अभी तक जितने भी सर्वेक्षण सामने आए हैं, उनमें प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता सबसे अधिक है, लेकिन राहुल गांधी भी स्वीकार्यता में आगे बढ़ते जा रहे हैं। संघ का विश्लेषण यह है कि जातिवाद, क्षेत्रवाद, धार्मिक पहचान और मोदी के देशव्यापी करिश्मे का जो 'गोंद' था, अब वह टूटने लगा है। संघ चिंतित लगता है कि भाजपा का जो 'यूएसपी' था, उसके काफी भीतर तक कांग्रेस सेंध लगा चुकी है। 'कल्याणवाद' के जरिए मोदी और भाजपा ने जो 'लाभार्थी' वोट बैंक तैयार किया था, वह कांग्रेस की 'गारंटियों' के प्रति भी लालायित हो रहा है, लिहाजा यह जरूरी नहीं है कि जिन 81.5 करोड़ भारतीयों को 'मुफ्त अनाज' बांटा जा रहा है और आम चुनाव तक यह जारी भी रहेगा, उनके वोट निश्चित तौर पर भाजपा के पक्ष में ही जाएंगे। दूसरे पक्षों की 'मुफ्त बिजली', मुफ्त शिक्षा, मुफ्त परिवहन, मुफ्त इलाज और अन्य भत्तों की 'रेवडियां' भी आकर्षित करती हैं, लिहाजा वोट बैंक बंट भी रहे हैं। बेशक जातिवाद एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, लेकिन राज्यों में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, प्रधानमंत्री मोदी ही उसका जवाब नहीं हो सकते। सिर्फ हिंदुत्व ही सत्ता-विरोधी लहर की भरपाई नहीं कर सकता। भाजपा धार्मिक ध्रुवीकरण कर वोट हासिल करती रही है। अब उसके भरोसे ही चुनाव नहीं जीते जा सकते। भाजपा को नए, स्थानीय, क्षेत्रीय मुद्दों की पहचान करनी होगी और उन पर समर्थक वोट बैंक बनाने होंगे। चुनावी लड़ाई क्षत्रप एकजुट होकर लड़ेंगे, मोदी उनकी लड़ाई को अधिक पुख्ता और भरोसेमंद विस्तार दे सकते हैं। संघ भाजपा को सचेत कर रहा है कि आगामी चुनाव आसान नहीं होंगे।

> संघ अपने स्थानीय प्रचारकों के जरिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और सामयिक सूचनाएं एकत्रित करता है और फिर भाजपा तक प्रेषित करता है। हालांकि संघ का यह बुनियादी एजेंडा भी नहीं है कि वह भाजपा की राजनीति की दिशा और दशा को दुरुस्त करे, लेकिन भाजपा संघ की सोच का ही एक अंतरंग हिस्सा है, लिहाजा महत्त्वपूर्ण चुनावों से पहले वह पार्टी को सचेत जरूर करता रहा है। संघ के मुखपत्र में छपे आलेख पर कर्नाटक चुनाव और उसके जनादेश की चिंताएं छाई लगती हैं। भाषायी पुनर्गठन के खतरों की चिंता और मुसलमान-चर्च की लामबंदी के समीकरण कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित थे। अब राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन वे सभी चुनाव कर्नाटक की तर्ज पर होंगे, ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है।

## कुछ अलग

# दिल्ली कभी लौट के आना

**दिल्ली** की जिन शर्तों पर हिमाचल की आर्थिक बेडियां कराह रही हैं, उनके आंचल में बैठे इस प्रदेश को काश! नजदीक से देखा होता। हिमाचल को दिखाने या दिल्ली से मिलाने का काम पथ परिवहन निगम बाखूबी कर रहा है। हर रोज एक हिमाचल, दिल्ली की ओर निकलता है, लेकिन बहुत सारा लौटता नहीं, क्योंकि केंद्र का बर्ताव आज तक हमारे भीतर एक स्थायी विस्थापन कर रहा है। पहले हम कोसते थे कि हमारा पानी और जवानी काम नहीं आती, अब तो ईमानदारी और भोलेपन की नादानी भी काम नहीं आती। कभी लौट के दिल्ली अगर एचआरटीसी की बस में आए, तो हिमाचल के रास्ते बता देंगे कि पहाड़ की जिद्द और जिरह कैसे संघर्ष के पड़ाव हैं। कितनी सर्द सदियां यहां से गुजरी होंगी तब कहीं यह प्रदेश अस्तित्व में आया और दिल्ली के हुक्मरानों से मुलाकात कर पाया। इसी सर्द आंचल में एक अनूठा सफर लेह से दिल्ली को जोडक़र बताता है कि एक ही आकाश की छत के नीचे कितने जहां गुजर जाते हैं। दुनिया के सबसे लंबे यानी 1026 किलोमीटर सफर पर दिल्ली को लेह तक ले जाने की प्रतिज्ञा से बंधी हिमाचल की सरकारी बस सिर्फ यात्रा नहीं कर रही, यात्रा की बुनियाद पर भौगोलिक और मौसम की विषमताओं की एक सदाबहार कहानी भी ढो रही है। यह पर्वतीय दुरूहता की प्रतीक बनी बस सेवा एक ही रूट पर अतीत को वर्तमान से मिलाना चाहती है। लेह से रोहतांग तक देश का अतीत राष्ट्र की नई प्राथमिकताओं के साथ भागना चाहता है। यह रोहतांग से नेरचौक तक बदलते हिमाचली परिदृश्य में बदलाव देखता है, लेकिन दिल्ली पहुंचते ही देश की सरकार के वर्तमान में अपना भविष्य देखना चाहता है। जिस दिन दिल्ली से निकली हिमाचल की यह बस आधुनिक भारत को वापसी में ले आई, मालूम हो जाएगा कि तीस घंटे के सफर में कितने मोड़, कितने खतरे, कितने अवरोध, कितने मौसम और कितने पड़ाव पार करने पड़ते हैं। हिमाचल में विकास एक साहस है और इसीलिए वित्तीय प्रबंधन पहाड़ खोदने जैसे अप्रत्याशित मजदूरी तथा मुकद्दमों की तरह हर सतह पर संघर्षशील है। दिल्ली अगर हिमाचल की लेह जाती बस की यात्रा को समझ ले, तो मालूम हो जाएगा कि क्यों पर्वतीय राज्यों को केंद्र से वित्तीय उदारता चाहिए। जैसे ही दिल्ली-लेह बस को हिमाचल से लांघना पड़ता है, सडक़ के हर किलोमीटर पर चार गुना खर्च बढ़ जाता है। हिमाचल के हर मील को मापना मुश्किल है। जिन नदियों का पानी मैदान को मुफ्त चाहिए, उनके ऊपर से गुजरना सिर्फ रूह को ही नहीं कंपकपाता, बल्कि हर पुल हमारे बजट को निगल जाता। कभी देखना हिमाचल का हिमाचल के ही पानी के साथ संघर्ष। बाढ़ आए तो भगाए और बर्फ आए तो दबाए तथा गहरी होती नदी के ठीक ऊपर जिस ढलान पर हम सीढ़ीनुमा खेत में अनाज उगाते हैं, उसे पानी नहीं मिलता। हम जिसे बोते हैं, उसे काटना मुश्किल और जिसे काटना चाहते हैं, वही जंगल नसीब में नहीं। आजादी के बाद देश ने जो सोचा, जो किया, उसका भागीदार पर्वत सिर्फ विस्थापन की आहों में बना। हमने भाखड़ा बांध से मैदान को बाढ़ से बचाया, वहां के किसान को बिजली आपूर्ति से आगे बढ़ाया, लेकिन जब राज्य ने हक मांगा तो बीबीएन की तासीर बदल गई। शानन ने सौ साल हमारी जमीन दबा के रखी ताकि उसकी लीज पर मैदान का अधिकार रहे, लेकिन अब यह कैसा संघर्ष जिसकी वकालत हमारे चूल्हे या हमारे घर से नहीं हो सकती। हमारे सारे मामले उसी दिल्ली में जहां हम भी बैठ कर पहुंच जाते, सिर्फ एक यात्री बन कर। खुद को पहाड़ की वेदना से दूर ले जाकर भी अगर दिल्ली को नहीं बता पाए, तो यह हमारी भी कमजोरी रही। बरहाल एक रूट को दिल्ली तक पहुंचाने में ही अगर तीन बसें, तीन ड्राइवर और दो परिचालक लग जाते हैं, तो एक पूरे राज्य की बात को वहां तक पहुंचाने के लिए कितने मशक्कत चाहिए। हिमाचल के आर्थिक संघर्ष में तमाम पर्वतीय राज्यों का भविष्य भी नत्थी है, इसलिए पहाड़ को अपनी बात कहने की भाषा बदलनी होगी। यह इसलिए भी कि दिल्ली से लेह तक पहुंचती बस भी मैदानी, हल्के पहाड़ी और दुर्गम पहाड़ी इलाकों से गुजरते हुए आवाज बदलती है। आवाज बदलना भी कई बार चलने की सूचना है अतः केंद्र से गुजारिश रहेगी कि एक बार बस के बहाने पर्वत के आर्थिक ठिकाने देख ले।

## भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का खुलेआम जश्न भी मनाने लगे

# बेलगाम होते खालिस्तान समर्थक एक दिन कनाडा के लिए बड़ा खतरा बन जायेंगे

ललित गर्ग

> वोटबैंक के नाम पर लोगों को अलग-अलग खेमों में बांटने, तुष्टिकरण एवं उन्मादी काली शक्तियों को प्रोत्साहन देने एवं ज्वाला बनाने का काम देश के लिये घातक एवं नुकसानदेह है। वोटबैंक की राजनीति सभी देशों में होती है, पर ऐसा करते हुए भी मर्यादा एवं देश की एकता का ध्यान भी रखा जाता है। कानून का राज कायम रखने और विश्व शांति के खतरों को कमतर करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। जिन देशों में इसका ध्यान नहीं रखा जाता, वहां जल्दी ही लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है, टूट एवं बिखर कर रसातल में चला जाता है। धार्मिक कट्टरपंथियों एवं उन्माद के आगे नतमस्तक रहे पाकिस्तान को देखकर इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है।

**कुछ** शक्तियां देश के आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने में जुटी हैं, वहीं कुछ संकीर्ण, साम्प्रदायिक, उन्मादी एवं अलगाववादी शक्तियां देश को तोड़ने एवं धुंधलाने में लगी हैं। वोटबैंक के नाम पर लोगों को अलग-अलग खेमों में बांटने, तुष्टिकरण एवं उन्मादी काली शक्तियों को प्रोत्साहन देने एवं ज्वाला बनाने का काम देश के लिये घातक एवं नुकसानदेह है। वोटबैंक की राजनीति सभी देशों में होती है, पर ऐसा करते हुए भी मर्यादा एवं देश की एकता का ध्यान भी रखा जाता है। कानून का राज कायम रखने और विश्व शांति के खतरों को कमतर करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। जिन देशों में इसका ध्यान नहीं रखा जाता, वहां जल्दी ही लोकतंत्र भीड़तंत्र में बदल जाता है, टूट एवं बिखर कर रसातल में चला जाता है। धार्मिक कट्टरपंथियों एवं उन्माद के आगे नतमस्तक रहे पाकिस्तान को देखकर इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है। कनाडा में पिछले कुछ समय से और खासकर जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में, वहां बसे सिखों को साधने के लिए जिस तरह खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह भारत के लिए निश्चित रूप से चिंता की बड़ी वजह है, लेकिन यह कनाडा के लोकतंत्र के लिये भी बड़ा खतरा बनने का संकेत है। कनाडा में बेलगाम होते खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं, लेकिन अब उनका दुस्साहस इतना अधिक बढ़ गया है कि वे भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का खुलेआम जश्न भी मनाने लगे हैं। कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह एक परेड निकाली और उसमें इंदिरा गांधी की हत्या करते हुए दिखाया गया, इसमें दो सिखों सतवंत सिंह और बेअंत सिंह को गोली मारते दिखाया गया। वह बेहद त्रासद, शर्मनाक और घिनौना है। यह परेड करीब पांच किमी तक निकाली गई। स्पष्ट है कि कनाडा की पुलिस आतंक का महिमामंडन करने वाली इस घिनौनी परेड को चुपचाप देखती रही। आतंकवाद का ऐसा खुला, लज्जाजनक और नग्न समर्थन कनाडा के साथ सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है। निश्चित ही इससे दुनिया में पनप रहे आतंकवाद को बल मिलेगा। यह आज सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्न है। भारत में भी कनाडा की ही भांति वोट बैंक ही पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद एवं जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवाद पनपने का बड़ा कारण बना था। इस घटना के सामने आने के बाद भारत सरकार की तीखी प्रतिक्रिया



जायज है। ऐसी घटनाओं के कारण दोनों देशों के संबंधों पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस नेताओं ने भी घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। यह एक ऐसी घटना है जिसमें बगैर किसी राजनीति के पक्ष व विपक्ष दोनों के सुर का एक होना जरूरी है। ऐसा ही दिखा भी, दिखना भी चाहिए। पंजाब में खालिस्तानी स्वर उग्र हो रहे हैं, इसको उग्रता देने में कनाडा आदि देशों में रह रहे खालिस्तान समर्थक सिखों से मिल रही आर्थिक मदद एवं अन्य प्रोत्साहन बड़े कारण हैं। अब एक बार फिर खालिस्तान समर्थक तत्व देश के अंदर और बाहर सक्रिय हो रहे हैं। कनाडा उनके लिए एक बड़ा केंद्र एवं आश्रय-स्थल बनकर उभरा है। और यह वहां अपनी तरह का कोई पहला मामला नहीं है। पिछले साल भी वहां से एक अलग देश खालिस्तान बनाए जाने के सवाल पर जनमत संग्रह करवाए जाने की खबर आई थी। खालिस्तान समर्थक कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं, कभी भारतीयों पर हमले करते हैं और कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं। कनाडा सरकार हर बार इन खालिस्तानी चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहकर चुप्पी साध लेती है। सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे ताजा वीडियो को हालांकि सबसे पहले कांग्रेस नेताओं ने मुद्दा बनाया, लेकिन फिर सरकार भी इस पर जागरूक हुई है। ऐसी घटनाएं न तो भारत-कनाडा रिश्ते के लिए अच्छी हैं और न कनाडा के लिए। बहरहाल, इससे यह साफ हो जाता है कि कनाडा में हिंसा की वकालत करने वाले अतिवादी और अलगाववादी तत्वों पर कोई अंकुश नहीं रह गया है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने हालांकि इस घटना की निंदा की और कहा कि उनके देश में नफरत, द्वेष और हिंसा के महिमामंडन के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन ऐसे औपचारिक बयान जारी कर देना काफी नहीं है। उनका बयान लीपापोती के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि सच यही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की कट्टरता और नफरत को पालने-पोसने का काम बड़ी ही बेशर्मी से किया जा रहा है, वहां की सरकार खालिस्तान समर्थकों को बढ़ावा देने में लगी हुई है। इसी के चलते उनका दुस्साहस बढ़ता चला जा रहा है। वैसे तो उग्रपंथी खालिस्तान समर्थक दुनिया के कई देशों में सक्रिय हैं, लेकिन वे जितने कनाडा में बेलगाम हैं, उतने अन्यत्र कहीं नहीं। कनाडा को समझना होगा कि आतंकवाद, अलगाववाद, नफरत और हिंसा की आग सबसे पहले उन देशों को जलाती है जो इसे हवा देते हैं। ऐसे देशों की दुर्गति के उदाहरण सबके सामने है। उन देशों के अनुभव से समय रहते सबक लेना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थन का बड़ा कारण यह है कि कनाडा की वर्तमान सरकार उस राजनीतिक दल के समर्थन के भरोसे सत्ता में है, जिसमें खालिस्तान समर्थक भरे पड़े हैं। कनाडा की सरकार संकीर्ण राजनीतिक कारणों से खालिस्तान समर्थकों की भारत-विरोधी अराजक, घृणित और नफरत फैलाने वाली हरकतों की जानबूझकर अनदेखी कर रही है। यह अच्छा हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बिना किसी लाग लपेट कहा कि कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए हो रहा है और वहां खालिस्तान समर्थकों को मिल रहे समर्थन से दोनों देशों के संबंध खराब हो सकते हैं। चूंकि इसके आसार कम हैं कि भारत सरकार की आपत्ति के बाद कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थक अराजक तत्वों को समर्थन देने से बाज आएगी, इसलिए यह आवश्यक है कि उस पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाया जाए। भारत के लिये जरूरी है कि यहां सभी राजनीतिक दल इन अति-संवेदनशील एवं देश तोड़क मुद्दों पर एकमत हों। राजनीति के पोषण के बिना खालिस्तानी आतंक उग्र नहीं हो सकता, उनको भड़का कर राजनीति करने वाले दलों से सावधान होने की जरूरत है। खालिस्तान समर्थक अपनी आतंकवादी गतिविधियों एवं हरकतों से देश की एकता एवं अखण्डता को खंडित करना चाहते हैं, ये तत्व अपनी इस तरह की हरकतों के जरिए उस आतंकवाद की ओर से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिसकी वजह से ऑपरेशन ब्लू स्टार जैसे कदम उठाने पड़े और जिसके चंगुल में पंजाब आगे भी कई साल तक फंसा रहा, त्रासदी झेलता रहा, डरा एवं सहमा रहा। न जाने कितने परिवार इस चक्कर में बर्बाद हो गए, कितने लोगों को जान देनी पड़ी।

# नशे का मरकज बन चुकी रेव पार्टियां

> नशीले पदार्थों के व्यसन से दर्दनाक मौतें व जहरीली शराब से मातम का चित्कार जैसी खौफनाक खबरें जब अखबारों के पन्नों पर धूल उड़ाती हैं तो अभिभावकों की जिंदगी और भी तल्ख तरीन हो जाती है। लेकिन तरक्की की इबारत लिखने की बेचैनी पैदा करने वाली मेहनत का नशा यदि जुनून बनकर जीवन में शुमार हो जाए तो मुकद्दर के बंद पड़े दरवाजे भी खुल जाते हैं। मुनासिब मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत का जुनून किसी मशबरे का मोहताज नहीं होता। अपने पराक्रम के बल पर हिंदोस्तान को गौरवान्वित करने वाले सैन्य पृष्ठभूमि के गढ़ हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पूर्व तक नशाखोरी जैसी चीजें देखने सुनने को नहीं मिलती थी, मगर हर रोज नशीले पदार्थों का पकड़ा जाना राज्य में नशा माफिया के बेखौफ कारोबार व मजबूत नेटवर्क की तस्दीक करता है। पहाड़ की शांत शबनम पर उग रहे नशे के सजर व नशे की अवैध तिजारत देवभूमि की धरा पर इंतशार पैदा कर रहे हैं। देश के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल में पर्यटन के नाम पर देश विदेश के सैलानियों व प्रवासियों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में नशाखोरी व कई संगीन वारदातों की नई दस्तक महसूस हो रही है।

**किसी** भी क्षेत्र में इंकलाब लाने की सलाहियत रखने वाले मुल्क के मुस्तकबिल युवावेग के लब यदि नशे के तलबगार बन जाएं तो मुकाम जुर्म की दुनिया में ही तलाशा जाएगा। आगाज-ए-जवानी में अजीम मुस्सविर बनने का ख्वाब देखने वाली निगाहें यदि नशे के लिए बेताब रहें तो युवा ताकत का भविष्य जुल्मत के दौर में ही जाएगा। नशे की सुनामी के आगे अभिभावकों के अरमान जमींदोज हो रहे हैं। नशीले पदार्थों के व्यसन से दर्दनाक मौतें व जहरीली शराब से मातम का चित्कार जैसी खौफनाक खबरें जब अखबारों के पन्नों पर धूल उड़ाती हैं तो अभिभावकों की जिंदगी और भी तल्ख तरीन हो जाती है। लेकिन तरक्की की इबारत लिखने की बेचैनी पैदा करने वाली मेहनत का नशा यदि जुनून बनकर जीवन में शुमार हो जाए तो मुकद्दर के बंद पड़े दरवाजे भी खुल जाते हैं। मुनासिब मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत का जुनून किसी मशबरे का मोहताज नहीं होता। अपने पराक्रम के बल पर हिंदोस्तान को गौरवान्वित करने वाले सैन्य पृष्ठभूमि के गढ़ हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पूर्व तक नशाखोरी जैसी चीजें देखने सुनने को नहीं मिलती थी, मगर हर रोज नशीले पदार्थों का पकड़ा जाना राज्य में नशा माफिया के बेखौफ कारोबार व मजबूत नेटवर्क की तस्दीक करता है। पहाड़ की शांत शबनम पर उग रहे नशे के सजर व नशे की अवैध तिजारत देवभूमि की धरा पर इंतशार पैदा कर रहे हैं। देश के सबसे शांतमयी राज्यों में शुमार हिमाचल में पर्यटन के नाम पर देश विदेश के सैलानियों व प्रवासियों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में नशाखोरी व कई संगीन वारदातों की नई दस्तक महसूस हो रही है। दरअसल भारतीय सेना द्वारा चार युद्धों में शर्मनाक शिकस्त का अजाब झेलकर आलमी सतह पर जलील हो चुके पाक सिपहसालारों ने सरहदों पर आतंक व नशे की सप्लाई को भारत के खिलाफ अपना अचूक हथियार बना लिया है। देश के समृद्ध राज्य पंजाब में लगभग चार दशक पूर्व पाकिस्तान ने नशाखोरी का एक ऐसा नेटवर्क खड़ा किया जिसने युवा कौम को नशे के जाल में फंसाकर बर्बादी के मुहाने पर खड़ा कर दिया। पांच दरियाओं की धरती कहे जाने वाले पंजाब सूबे में छठा दरिया नशे का बहना शुरू हुआ। नशीले पदार्थों की खपत का एक बड़ा बाजार बनने के कारण ही पंजाब की शिनाख्त 'उड़ता पंजाब' के रूप में हुई। दहशतगर्दी के मरकज पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सरहद पर ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक से नशीले पदार्थों की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। पंजाब से लगते हिमाचल के जिलों में भी नशे की गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं। लेकिन सरहदों व समुद्री तटों पर नशा तस्करी के अलावा कुछ वर्षों से देश में रेव पार्टियों व हुक्का बार के रूप में नशे का एक नया प्रचलन शुरू हो चुका है। विडंबना है कि गरीब व मजदूर वर्ग जहरीली शराब का शिकार होकर मौत की आगोश में समा रहे हैं तथा बेहद महंगे नशे के लिए कुख्यात हाइप्रोफाइल रेव पार्टियों में धनकुबेरों के शहजादों की बज्म सजती हैं। रेव पार्टी यानि कई किस्म के महंगे नशे व मौज मस्ती से लबरेज जोशीली बज्म-ए-अंजुम। जहां अय्याशी के खुले इंतजाम में जिगर की ख्वाहिश केवल नशा होता है। चरम पर अश्लीलता के आगे नैतिकता, शिष्टाचार व गैरत भी शर्मसार होकर अपना वजूद तलाशने को मजबूर रहते हैं। डीजे की बुलंद आवाज में युवाओं को मदहोश करके मर्यादाओं से ज्यादा अदाओं को अहमियत देने वाली पश्चिम की इस बेमुरब्बत तहजीब ने युवावर्ग को संस्कार विहीन करके भारतीय संस्कृति से विमुख कर दिया है। चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों व समंदर के बीच में नशे से गुलजार होने वाली निशाचर रेव पार्टियों का क्रेज देवभूमि के पहाड़ों पर भी दस्तक दे चुका है। जांच एजेंसियों से महफूज रहने के लिए नशे के इस खेल को रेव पार्टियों के जरिए पहाड़ों पर खुफिया तरीके से अंजाम दिया जाता है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जैसी सुरक्षा एंजेसियां रेव पार्टियों पर छापा मार कर कई लोगों को हिरासत में लेती हैं, मगर धनबल व रसूखदारी के आगे व्यवस्था भी खामोश हो जाती है। देश के कई शहरों में हुक्का बार का प्रचलन भी तेजी से फैल रहा है। कई होटल व रेस्तरां में नशे के शौकीन युवक व युवतियों के हुक्का गुडगुड़ाने व सिगार का धुंआ उड़ाने की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। कई तरह के रसायन युक्त फ्लेवर पेश करके हुक्का बारों में युवाओं का इस्तकबाल पूरी शिद्दत से होता है। स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक मादक धुंआ हुक्का बारों के जरिए युवावर्ग को आकर्षित करके नशे की दलदल में धकेल रहा है। हुक्का बार व रेव पार्टियों का आयोजन इसके संचालकों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है, लेकिन देश की दशा व दिशा बदलने की काबिलियत रखने वाले युवा नशाखोरी के अवैध धंधे में मुल्लविश होकर खुद दिशाहीन हो रहे हैं। सभ्य समाज में फैल रही कई बुराइयों का श्रेय समाज का दर्पण कहे जाने वाले सिनेमा व बालीवुड के अदाकारों को भी जाता है। भारतीय संस्कृति व संस्कारों को दूषित करने वाली पश्चिमी तहजीब फिल्मों के जरिए ही समाज की दहलीज तक पहुंची है। ड्रग माफियाओं ने नशे की काली कमाई से करोड़ों रुपए का साम्राज्य खड़ा कर लिया है, मगर कई घरों के चश्म-ओ-चराग बुझ गए। नशा करने वालों के गुलशन उजड़ गए आशियाने बिक रहे हैं। नशे के बड़े सरगना कानूनी नुक्तों के लूपहोल से अक्सर बच निकलते हैं। नशाखोरी से बिगड़ रहे खौफनाक हालात मुल्क के निजाम से सवाल पूछने को मजबूर करते हैं। सवाल अक्सर जम्हूरियत की पंचायतों में विराजमान मुल्क के रहबरों से ही पूछे जाते हैं। बहरहाल इससे पहले कि मुल्क का भविष्य युवावर्ग नशे की परवाज में मफलूज हो जाए, जुल्मत-ए-शब की नशीली महफिल रेव पार्टियों व नशे का मरकज हुक्का बारों पर लगाम लगनी चाहिए। शौर्य पराक्रम के धरातल वीरभूमि व देवभूमि की शिनाख्त वाले सूबे हिमाचल को नशाभूमि बनने से रोकने के लिए हैरोइन व सिंथेटिक ड्रग जैसे जानलेवा नशे की चपेट में आ चुकी पहाड़ की जवानी को बचाना होगा।



## नागरिक बोध

# विज्ञापन, समाज सेवा, प्रसिद्धि और महानता

**महान** होते जा रहे प्रसिद्ध लोगों से मिलना मुश्किल होता है। बातें करना लगभग असंभव होता है। महानता और प्रसिद्धि मिलकर अगर अनगिनत वस्तुओं का विज्ञापन कर रहे यानी चीज़ें बेच रहे हों तो उनसे मिलना दिलचस्प होता है। एक बार ख्वाब में हमने उनसे मुलाक़ात कर ली, ख्वाब था इसलिए आराम से बात भी कर ली। अब यह तो सभी जानते हैं कि ख्वाब में ही सब मुमकिन है। हमने उनसे सवाल कम किए लेकिन उन्होंने ज़वाब दिल खोलकर दिए। यहां सिर्फ जवाब पेश हैं । उन्होंने कहा कि हम कलाकार हैं, हमारा कर्तव्य किसी भी तरह समाज की सेवा करना है। कलाकार ही समाज में बदलाव लाते हैं। हमारा मुख्य कर्तव्य विज्ञापन के माध्यम से समाज सेवा करना है। समाज सेवा करना तो वैसे भी महान कार्य माना जाता है। हमारा सबसे महत्वपूर्ण, मुख्य सामाजिक कर्तव्य, विज्ञापन फिल्में करना है। इस बहाने हम हमेशा चर्चा में भी रहते हैं। जीवन में इतना पैसा जुटाना बहुत ज़रूरी है कि पता न चले कि कितना पैसा कमाया है। उसे उचित तरीके से निवेश करना उससे ज्यादा ज़रूरी है। वो ज़माना चला गया जब ज्यादा पैसा और प्रसिद्धि हज़म और मैनेज नहीं होती थी। अब तो हर चीज़ और काम के विशेषज्ञ हाजिर हैं। भुगतान करो और प्रबंधन हो जाता है। ज़्यादा पैसा दो तो अपना सब फिट दूसरे का अनफिट करवा सकते हैं। उन्होंने अपनी बात को शहद में डुबो कर कहा, नकली मीठा बोलना बहुत ज़रूरी है। बगल में छुरी और मुंह में...। हम तो पूरा पैसा इसी के बल पर कमाते हैं। हमसे जो चाहे करवा लो। ठीक है, हम मनपसंद खा नहीं सकते, मनपसंद पहन तो सकते हैं। हां, हम पूरे नंगे नहीं हो सकते। शरीर के कुछ हिस्से दिखा सकते हैं। वैसे तो आजकल का ट्रेंड यही है, हिस्से दिखाते रहो और कमाते रहो। हम किसी के खिलाफ नहीं बोलते, हमें ऐसा करने की ज़रूरत भी क्या है। किसी को भी खत्म करने बारे सोचने की हमें ज़रूरत क्या है। यह सब राजनीति के फंडे हैं। हमने क्या लेना। हमने तो विज्ञापन कर समाज की भलाई के लिए काम करना है और हम अपना कर्तव्य निष्ठापूर्वक निभा रहे हैं। हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए, इस बारे हम ज़्यादा नहीं सोचते, इसके लिए हमने विशेषज्ञ रखे हुए हैं। वैसे कुछ काम जो हमें प्रसिद्ध व्यक्ति होने के कारण करने ही चाहिए वो हम नहीं करते, जैसे शासकों की नीतियों के खिलाफ या प्रशासकों के अनुचित क्रियान्वन के बारे कहना। हम चाहें तो बोलकर माहौल में हलचल ला सकते हैं और हमारी महानता में बढ़ोतरी भी हो सकती है। लेकिन हमें समझाया गया है कि जो भी बोलना है, सोच समझ कर बोलना है जिससे हमारी इमेज स्वच्छ, साफ और बढिया बने। जीवन में टैनजिबल एसेट्स' का भी बहुत फायदा होता है। हमने ज्योतिषीय नक्षत्रों के हिसाब से अपना काम करना है। स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखना है। अपना काम करते रहना हमारा कर्तव्य है।

## देश दुनीया से

# विपक्षी एकता पर भारी बिहार का भ्रष्टाचार

**विपक्षी** एकता के प्रयासों में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की पुल ढहने की घटना ने अच्छी-खासी किरकिरी करा दी। भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दलों को निशाना बनाने से भाजपा नहीं चूकती। भाजपा पूर्व में भी विपक्षी एकता के प्रयासों पर ऐसे प्रहार करती रही है। विपक्षी एकता के प्रयासों को भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठजोड़ बताती रही है। दरअसल भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अगुवानी घाट गंगा नदी पर 1710 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पुल का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 23 फरवरी 2014 को शिलान्यास किया था। यह पुल ढह गया। पुल की लंबाई 3.160 किलोमीटर थी। इसका निर्माण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका था। इससे पहले भी यह पुल 27 अप्रैल 2022 को तेज आंधी और बारिश के चलते ढह गया था। इस पुल का कम से कम 100 फीट हिस्सा गिर गया था। बिहार में घटिया निर्माण के कारण पुलों के ध्वस्त होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक साल में राज्य में 7 बार पुल गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नीतीश सरकार फिर भी नहीं जगी। विपक्षी एकता के सपने के बूते केंद्र में सत्ता पाने के प्रयास में जुटे नीतिश कुमार बिहार को नहीं संभाल पा रहे हैं। बिहार भ्रष्टाचार और अराजकता के लिए ही नहीं बल्कि अजीबोगरीब घटनाओं के लिए सुर्खियों में रहा है। यह बिहार में ही संभव है कि पुल जैसा मजबूत ढांचा महज आंधी से ढह जाए। इसके अलावा भी बिहार में भ्रष्टाचार और अराजकता की ऐसी हास्यास्पद घटनाएं हुई हैं। इनसे नीतिश सरकार के तौर-तरीकों पर सवालिया निशान लगते रहे हैं। किसी भी राज्य में भारी-भरकम रेल के इंजिन की चोरी की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बिहार में चोर ट्रेन के इंजिन को चोरी कर ले जाएं। बरौनी (बेगूसराय जिला) के गरहारा यार्ड में मरम्मत के लिए लाए गए ट्रेन के डीजल इंजन को एक गिरोह ने चुरा लिया। चोर एक सुरंग माध्यम से आते थे और इंजन के पुर्जों को चुरा लेते थे। इंजिन के पुर्जों को बोरियों में भरकर ले जाते थे। इंजिन का सिर्फ ऊपरी ढांचा ही रह गया। 'बिहार है तो ऐसी वारदातें संभव है' की तर्ज पर पंडौल से लोहट चीनी मिल की तरफ गई रेल लाइन से दो किलोमीटर पटरी चोरी हो गई है। चीनी मिल के बंद होने के बाद से ही इस ओर रेल सेवाएं बाधित थी। चोरों ने इसी का फायदा उठाया और वो रेल लाइन से दो किलोमीटर पटरी चोरी कर ले गए। बिहार के बांका जिले से एक लोहे का पुल गायब हो गया। चोरों ने इस पुल का दो-तिहाई हिस्सा गैस कटर से काटकर चुरा लिया। लाखों रुपए की लागत से पटनिया धर्मशाला से जोडने के लिए इस पुल का निर्माण किया गया था। पुल की लंबाई 80 फीट और चौड़ाई 15 फीट है। भागलपुर के सुल्तानगंज से देवघर में बैद्यनाथ धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों (कांवडियों) की सुविधा के लिए इस पुल को बनाया गया था। इससे पहले भी बिहार के रोहतास जिले में लोहे के पुल की चोरी हुई थी। यहां चोरों ने 60 फीट लंबे और 500 टन वजनी लोहे के पुल को गायब कर दिया था। बिहार में अपराधियों को इससे फर्क नहीं पड़ता है कि चोरी का माल कितना भारी और कहां पर स्थित है। भले ही वह स्थान राजधानी पटना ही क्यों न हो। चोरों की हिमाकत है कि मुजफ्फरपुर से मोबाइल का टावर चोरी कर ले गए। इससे पहले राजधानी पटना में भी चोरों ने मोबाइल टावर चोरी कर लिया था। बिहार दशकों से भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ को लेकर सुर्खियों में रहा है। बिहार हाईकोर्ट ने लालू यादव के शासन के दौरान बिहार में शासन को जंगल राज बताया था। इसकी झलक नीतिश सरकार में बाकी है। बाहुबली आनंद सिंह की जेल से रिहाई के मुद्दे पर नीतिश सरकार की छवि प्रभावित हुई है। बिहार सरकार ने जेल कानूनों में संशोधन करके जिला कलैक्टर की हत्या के आरोप में सजा काट रहे आनंद सिंह के रिहा करने का मार्ग प्रशस्त किया। राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराध का बिहार का पुराना इतिहास रहा है। बिहार की गुलाटी मारती गठबंधन वाली राजनीति में नीतीश ने कई बार गुलाटी खाई है।

> बिहार की गुलाटी मारती गठबंधन वाली राजनीति में नीतीश ने कई बार गुलाटी खाई है। वर्ष 2017 जुलाई में कलह की वजह को नीतीश ने भ्रष्टाचार के खिलाफ असहिष्णुता बताया था। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को वजह बताते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने राजद के साथ गठबंधन तोड़ते हुए कहा था कि उन्हें घुटन महसूस होती है। छह साल बाद उन्होंने राजद से फिर हाथ मिला लिया। तेजस्वी डिप्टी सीएम बने और तेज प्रताप यादव को मंत्री बनाया गया। नीतीश कुमार विपक्षी एकता के प्रयासों के जरिए भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरे

### पिकअप वैन और बाइक में टक्कर, तीन घायल, रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के टंडवा रोड स्थित खपिया मोड़ के पास सोमवार को पिकअप वैन और बाइक में जोरदार टक्कर हुई जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में टंडवा दुंदुआ गांव निवासी गोवर्धन महतो उनकी पत्नी कांति देवी और मां शनिचरी देवी शामिल हैं। तीनो घायलों को ग्रामीणों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां तीनो का प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल गोवर्धन महतो और उनकी पत्नी कांति देवी को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया जबकि मां का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गोवर्धन महतो अपनी पत्नी और मां के साथ शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान डाड़ी की ओर से आ रहे एक पिकअप वैन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे तीनो सड़क किनारे जा गिरे और घायल हो गये।

# जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बिजली बिल ब्याज माफी योजना एक मुश्त समाधान योजना 2023 के तहत आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गाँवो में घुम-घूम कर आम लोगों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के बारे में जागरूक करने का कार्य करेंगी। इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बकाये बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज माफ। बिजली बिल ब्याज माफी का भुगतान 5 आसान किश्तों में करने की सुविधा दी जा रही हैं। घरेलू (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी एवं कृषि व सिंचाई, निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी योजना से आच्छादित किया जाएगा। यह बिजली बिल माफी योजना 01 अप्रैल 2023 से 30 जुन 2023 तक लागू है। बकायेदार विच्छेदित (LD) लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलू उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र स्थित बांदु गांव स्थित मिडिल स्कूल के समीप माड़र के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गय। मृतक युवक लातेहार जिला के कलही टांड निवासी बिरजू गंझू का नाम सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार थाना क्षेत्र के हेडुम गांव निवासी 35 वर्षीय संतोष राम बाइक पर सवार होकर हेडुम चौक से लावालौंग की ओर जा रहे थे। इसी बीच बांदु गांव के माड़र के पास लगभग 30 वर्षीय बिरजू गंझू बाइक अपने वाइक पर सवार होकर सिमरिया लिपदा गाँव बहन के यहां जा रहा था । जिससे सीधे टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए। इस दौरान लावालौंग के तरफ से जा रहे उस युवक की कुछ देर बाद मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संतोष बुरी तरह से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों की सहायता से लावालौंग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज नहीं हो पाने के कारण संतोष अपने परिजनों के साथ बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग चला गया। वही मृतक का शरीर लावालौंग थाना की ओर से पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। **समय पर एंबुलेंस उपलब्ध होने पर बच सकती थी जान :** दुर्घटना के बाद मृत युवक लगभग आधे घंटे तक घटनास्थल पर ही तड़पता रहा। इस दौरान राहगीरों ने 108 नंबर एंबुलेंस पर फोन किया। लेकिन एंबुलेंस की सुविधा समय पर नहीं पहुंच पाई। जिसके कारण उस युवक की मौके पर मौत हो गई। और जब तक एंबुलेंस का व्यवस्था हो पाया तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। ज्ञात हो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लावालौंग को आवंटित हुआ 108 नंबर एंबुलेंस लगभग 1 वर्ष से रेफरल अस्पताल सिमरिया को दे दिया गया है। जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार सड़क दुर्घटना अति बीमार लोगों की मौत एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण हो जाती है। अगर समय रहते एम्बुलेंस मिल जाती तो सायद जान बच जाती

## एमएस महाबोधि इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का हुआ शुभारंभ



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर स्थित पानी टंकी आईडीबीआई बैंक के समीप दिन सोमवार को एमएस महाबोधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का सुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं पुरोहित त्रिभुवन पांडे द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करके इंस्टीट्यूट का सुभारंभ किया गया। वहीं संचालक कौशल्या कुमारी ने बताया कि कंप्यूटर बेसिक सर्टिफिकेट कोर्स, डाटा एंट्री वर्क सर्टिफिकेट कोर्स, डीटीपी वर्क सर्टिफिकेट कोर्स समेत विभिन्न प्रकार के कई कोर्स कराए जा रहे हैं। मौके पर जेई अंकित कुमार, शमशाद आलम राजदेव मेहता रविंद्र कुमार, छोटन यादव, रेखा देवी, लियाकत अंसारी,अमरावती देवी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क के किनारे बह रहा गंदा पानी, राहगीर परेशान

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाजार मुख्य सड़क के किनारे नाली की अभी तक साफ-सफाई नही कराई गई है। जबकि बरसात एकदम नजदीक आ गया है और बारिश कभी शुरू हो सकती है। नाली की सफाई नही होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर बहेगा। इससे दुकानदारो सहित राहगीरों को काफी परेशानी होगी। नाली में कूड़ा-करकट भर गया है। नाली को ऊपर से कई लोग ढंक दिए हैं। इससे नाली जाम भी हो गया है। पूर्व में जब बारिश हुई थी तो बारिश का सारा पानी सड़क पर ही बहता था। पूर्व से ही नाली की स्थिति खराब हो गई है। पहले दो-तीन बार नाली की सा -सफाई भी हुई थी,लेकिन ठीक ढंग से सफाई नही होने से कोई फायदा नहीं हुआ। पेट्रोल पंप एवम् बिरसा चौक के समीप रोड में घर का पानी एवम् नाली का पानी बहता है जो कि सरकार लाखो रुपया खर्चा कर नाली का निर्माण करवाती है आने जाने वाले काफी होते है परेशान।

# दो कोल वाहन के भीषण टक्कर में सुभाष चंद्र बोष प्रतिमा का गोलंबर क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक में सोमवार तड़के सुबह छह बजे दो कोल वाहनों में भीषण टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच निकले। इधर भीषण टक्कर से चौक पर लगाया गया सुभाष चंद्र बोष की प्रतिमा का गोलम्बर बिलकुल क्षतिग्रस्त हो गया और गोलम्बर में लगी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचा है। टक्कर के बाद दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को तो। पुलिस की ततपरता से हटा लिया गया है जबकि ट्रक अभी भी गोलम्बर में फंसा हुआ है। चौक के बीच ट्रक के इस तरह फंसे होने से आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार एक हाईवा कोयला लादकर आम्रपाली से लौट रहा था जबकि दूसरी साइड से एक ट्रक बगरा मोड़ की ओर से आ रहा था। इस दौरान सिमरिया चौक के बीच दोनों में टक्कर हो गई। गौरतलब इन दिनों उक्त पथों में कोल वाहनों का अंधाधुंध परिचालन हो रहा है जिससे आए दिन छोटी मोटी घटनाएं घट रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इन वाहनों को नियंत्रित करने का कोई उपाय नहीं किया गया है। अधिकांश चालक शराब के नशे में वाहन चला रहे हैं जो दुर्घटनाओं का सबब बन रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस अंधाधुंध परिचालन को नियंत्रित करने की मांग की है। आगे ग्रामीणों का कहना की कोयला सीसीएल का जानमाल की क्षति हमारी ऐसा नहीं चलने देंगे। आगे यदि कोल वाहन से किसी का जान जाती है तो सिमरिया प्रखण्ड वासी कोल कम्पनी को सबक सिखा कर दम लेगी।



# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने थंडरस्टॉर्म एवं लाईटनिंग से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बाहरी गतिविधियों में भाग लेने से पहले मौसम के पूर्वानुमान की जाँच करें। यदि आप आंधी और बिजली देखते हैं, तो घर के अन्दर ही रहें प्रतिकूल मौसम के दौरान विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने मवेशियों को चराने, मछली पकड़ने और नाव चलाने या सामान्य रूप से घर से बाहर न निकलें या यात्रा न करें। जब गर्जना गरजे तो सुरक्षित आश्रय के अंदर रहें। सुरक्षित आश्रयों में घर कार्यालय इत्यादि शामिल हैं, शॉपिंग सेंटर और हार्ड-टॉप वाहन जिनकी खिड़कियां लुढ़की हुई है। अगर आप बाहर फंसे हुए हैं, और पास में कोई सुरक्षित आश्रय नहीं है, तो तुरन्त वहां पहुंचें द्य पहाड़ियों, पर्वत श्रृंखलाओं या चोटियों जैसे ऊचे क्षेत्रों से दूर रहें।यदि आप किसी खुले क्षेत्र में फंस गये हैं, तो तुरंत वहां से खुद को खतरे से हटाने हेतु कार्रवाई करें। आदर्श रूप से निचले इलाके में एक आश्रय खोजें और सुनिश्चित करें कि चुने गये जगह में बाढ़ आने की संभावना नहीं हो। झुनझुनी के साथ आपकी गर्दन के पीछे खड़े बाल संकेत कर सकते हैं वह बिजली आसन्न है। तलाबों, झीलों और अन्य पानी से तुरंत बाहर निकलें और दूर रहें। बिजली का संचालन करने वाली सभी उपयोगिता लाइनों और वस्तुओं से दूर रहें (टेलीफोन बिजली, तार के बाड़, ओवरहेड तार, रेल-सड़क की पटरियां, पवन चक्कियां आदि) पेड़ और पहाड़ी की चोटी। रबर-सोल वाले जूते और कार के टायर बिजली गिरने से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं। यदि आप आंधी के दौरान एक समूह में हैं,तो जोखिम कम करने के लिए पर्याप्त दूरी बनाये रखें,प्रतिकूल मौसम के दौरान विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने, मवेशी चराने, मछली पकड़ने और नाव चलाने के लिए बाहर न जाएं। यदि आप वन क्षेत्र में हैं तो छोटे और बौने वृक्षों के नीचे आश्रय लें।बिजली या टेलीफोन के खंभे या पेड़ों के नीचे शरण न लें। ये बिजली को आकर्षित करते हैं। धातु की वस्तुओं का उपयोग न करें और बाइक, बिजली या अन्य चीजों से दूर रहें। टेलीफोन के खंभे, तार की बाड़, मशीन आदि। बिजली के उपकरण, तार वाले फोन इत्यादि का उपयोग न करें। यदि आप खुले मैदान/आउटडोर में काम कर रहे हैं और आपके पास सुरक्षित स्थान पर आश्रय लेने का समय पर्याप्त नहीं है, गेंद जैसी टक करके और जमीन के साथ न्यूनतम सी के साथ अपने कानों पर हाथ रखें और अपने आप को एक छोटा लक्ष्य बनाएं। बिजली चमकने के दौरान कभी भी मोबाईल फोन का इस्तेमाल न करें।लोहे की छड़ वाले छाते का प्रयोग न करें।

## हाथियों के झुंड ने डेंबू नदी टोला में किया घर ध्वस्त

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर पंचायत के डेम्बू नदी पार टोला क्षेत्र में हाथियों के झुंड ने घर को किया ध्वस्त मिली जानकारी के अनुसार बीती रात हाथियों के झुंड ने डेम्बू टोला पहुँचा जहाँ रमेश टाना भगत पिता स्व परमेश्वर भगत के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया व घर में रखे चावल, चना, गेहूं, राहड़, बटुरा, आलू समेत घर मे रखे कई चीजों को पूरी तरह से चट कर गए साथ ही धनेश्वर टाना भगत के खेत में लगे मकई के खेती को पूरी तरह बर्बाद कर दिया वही रमेश टाना भगत, धनेश्वर टाना भगत का 4 पेड़ो में सैकड़ों कटहल को खा गए जिससे गरीब परिवारों को करीब लाखो रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग से उचित मुआवजा की मांग करते हुए कहा की नदी पार टोला एक अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र है आजादी के 75 वर्ष बाद भी आज तक इस टोला में बिजली की सुविधा एव रोड का निर्माण तक नहीं हुआ है। दूसरी तरफ ग्रामीणों पर हाथियों का आंतक बदस्तूर जारी है आगे लक्ष्मण कुशवाहा ने वन बिभाग से मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हाथियों के आंतक से ग्रामीणों को मुक्त किया जाय साथ ही नुकसान हुवे चीजों का मुवावजा जल्द से जल्द दिया जाय क्यों कि बीते 3 वर्षा से लगातार इस क्षेत्र में सैकड़ों घटनाएं हाथियों के द्वारा हो चुकी है कइयों की मौत हो चुकी है फिर भी वन विभाग चुपी साधे हुवे है। मौके पर रघुनंदन सोनी, गजेंद्र, हिमांशु, कुलेश्वर प्रजापति, रमेश टाना भगत, धनेश्वर टाना भगत, महेंद्र टाना भगत, सुरेंद्र टाना, रूपेश यादव, रामजीत यादव, अमित भगत, सुमित भगत, समेत कई ग्रामीणों मौजूद रहे।

## लातेहार में नप चुनाव की तैयारियां शुरू बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर सभी 19 बूथों में बिखंडीकरण कार्य को लेकर पंचायती राज पदाधिकारी बजरंगी प्रसाद द्वारा दिन सोमवार को प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ, पर्यवेक्षकों व अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी कर्मी अपने अपने वार्ड में जाकर धरातल पर उक्त कार्य को आगामी दो दिनों में करते हुए प्रखंड निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे उसके बाद समेकित रिपोर्ट जिला निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भाग लेने वालो में अतुल कुमार, पवन यादव, रॉबर्ट टोपनो, अमेरिका प्रसाद, सुशील तिवारी, मीना देवी, मोहन प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, मीना देवी, ज्ञान प्रभा मिंज, रेनू देवी, उषा जायसवाल, कालिंदी कुमारी, सुनीता देवी, कुंती कुमारी, मनोरमा कुमारी, नीलेश कुमार, सोपान सिंह, अनुपम मिश्र, अमित कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# मयूरहंड के मझगावां से गुजरी वंदे भारत एक्सप्रेस कुरहागडा स्टेशन पर मौजूद रेलवेकर्मी दिखे उत्साहित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल से 6:55 पर खुली वंदे भारत एक्सप्रेस मयूरहंड के मझगावां से करीब 10:04 मिनट पर गुजरी और कुरहागड्डा स्टेशन 10:05 पर पर पहुंची। कुरहागड़ा स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी और वंदे भारत एक्सप्रेस सीटी बजाते हुए आगे निकल गयी। स्टेशन मास्टर, प्वाइंटसमैन, आरपीएफ जवान, रेलयात्रियों के लिए टिकट काटने वाले रेलवे कर्मचारी इंद्रदेव यादव ने संयुक्त रूप से प्रभात मंत्र से कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से पटना और पटना से रांची चलाए जाने से आसपास के लोगों में काफी हर्ष है और आनेवाले दिनों में वंदे भारत एक्सप्रेस रूके ना रूके लेकिन इसके बाद की जो अन्य ट्रेनें होगी यहां यात्रियों की सुविधा के लिए जरूर रुकेगी। रेबर पंचायत के अंतर्गत आनेवाले कुरहागडा स्टेशन को लेकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव ने बताया विधायक मनीष जायसवाल की अथक प्रयास से झारखंड और बिहार को वंदे भारत एक्सप्रेस का सौगात मिला है और आनेवाले दिनों में निश्चित तौर पर विधायक महोदय अन्य सुपर फास्ट ट्रेनों को चलाने को लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ रेलवे के उच्चाधिकारियों से बात कर अन्य नई ट्रेनें इस रूट पर चलाने की मांग करेंगे और यह आम जनों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी।हलधर यादव ने बताया कि कुरहागड़ा स्टेशन तक रेल यात्रियों के जाने के लिए सड़क मार्ग नहीं था लेकिन विधायक मनीष जायसवाल के प्रयास से संभव हो सका और अब करोड़ों रुपए की लागत से कुरहागड़ा स्टेशन तक सुगम मार्ग बनाया जा रहा है। गौरतलब हो कि मयूरहंड के मझगावां वासी अगर चाहे तो अपनी जमीन में स्टेशन तक जाने के लिए सुगम मार्ग का निर्माण कर सकते हैं लेकिन अभी तक इस गांव के लोगों ने सोचा तक भी नहीं है। अगर मझगावां वासी रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए रास्ता दे देते हैं तो ऐसे में मझगावां के साथ-साथ कई गावों के लोगों का आने जाने का सिलसिला शुरु हो जाएगा और यहां रोजगार के नए अवसर भी खुल जाएंगे और यह सारा श्रेय मझगावां को ही जाएगा।



## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का बैठक प्रखण्ड सभागार में किया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास के अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का बैठक प्रखण्ड सभागार में किया गया। बैठक में 2024 चुनाव में बीएलए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक में 2024 के चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, प्रखण्ड कर्मी, सभी मान्यता प्राप्त राजनितिक दल के अध्यक्ष सचिव तथा जन प्रतिनिधी शामिल थे।

# महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की आगमन आज, सारी तैयारियां पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेने मंगलवार को चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के करमा पंचायत सचिवालय आएंगे। महामहिम की जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चतरा जिला का पूरा अधिकारी कुनबा पिछले 2 दिनों से हर एक छोटी और बड़ी बिंदु पर है काम कर रही है।महामहिम राज्यपाल की सुरक्षा और कार्यक्रम को सफल बनाने में किसी भी तरह की चूक ना हो इसके लिए पूरा प्रशासनिक अमला प्रत्येक बिंदु पर बारीकी से काम कर रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में आमजनों भारी भीड़ के संकेत मिलने के बाद प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर है। पंचायत सचिवालय परिसर को बांस के बल्लियों से घेराबंदी किया जा रहा है। आमजनों को कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान किसी भी तरह की असुविधा ना हो इसका भी प्रशासनिक अमला पूरा ध्यान रखते हुए कार्य योजना पर काम कर रही है।सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि महामहिम राज्यपाल का जनसंवाद कार्यक्रम राज्य के कोडरमा जिले और चतरा जिला में सुनिश्चित किया गया है।चतरा जिला प्रशासन ने महामहिम राज्यपाल की जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग और चतरा जिले के सीमावर्ती पंचायत सचिवालय करमा को बेहतर बताते हुए इस स्थल का चयन किया गया है।महामहिम राज्यपाल के करमा आगमन पर अपने विचार रखते हुए पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव ने कहा कि करमा का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा यह पहला मौका है जब राज्य का कोई महामहिम राज्यपाल का पग जनसंवाद के माध्यम से करमा पंचायत सचिवालय के साथ-साथ करमा की धरती पर स्पर्श करेगा। वहीं पंचायत समिति सदस्या प्रतिनिधि नीरज महतो उर्फ मनोज दांगी ने कहा कि पिछले 20 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई राज्य का पहला सर्वोपरि, सिरमौर महामहिम राज्यपाल अपना कदम करमा की धरा पर रखेंगे। पंसस प्रतिनिधि ने कहा करमा की धरा पर उनका हार्दिक अभिनन्दन है।महामहिम की आगमन और जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर सोमवार की सुबह से ही एसपी राकेश रंजन डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अली, डीएसपी केदार राम, मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज पासवान, जेई उमेश उरांव, जेई राजीवरंजन दास, ग्राम पंचायत रोजगार सेवक सुनील दास पंचायत सचिव राणा योगेंद्र प्रताप सिंह, बीएफटी उमेश दांगी व प्रखंड और अंचल के सभी कर्मी, पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव अपनी पूरी टीम के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

# मेराल के जेहरा में बना उप स्वास्थ केंद्र का किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत के जेहरा गांव में। उप स्वास्थ्य केंद्र के सालो से चल रहे निर्माण कार्य पूरा आज दिन सोमवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का जिला परिषद उपाध्यक्ष वृजकिशोर तिवारी जी द्वारा फीता काट कर शुभ उद्घाटन किया गया मौके पर पत्थलगड़ा जिला परिषद रामसेवक दांगी ऊर्फ भगत जी भी उपस्थित थे साथ में गौरी शंकर धाम ग्राम जेहरा में पंच दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण महायज्ञ के पांचवें और अंतिम दिन माननीय जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री बिरजू तिवारी शामिल हुए उनके आगमन पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्री डेगन प्रजापति एवं यज्ञ नियंत्रक श्री रवीन्द्र प्रसाद जी के द्वारा अंग वस्त्र व स्वस्तिवाचन दे कर भव्य स्वागत किया गया। श्री रवीन्द्र प्रसाद जी ने श्री बिरजू तिवारी जी को अभिनन्दन पत्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया वहीं आए सभी अतिथियों को यज्ञ समिति की ओर से सम्मान पत्र नारियल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य श्री रामसेवक दांगी जी, यज्ञ अध्यक्ष श्री डेगन प्रजापति जी, यज्ञ नियंत्रक श्री रवीन्द्र प्रसाद जी, मुख्य आचार्य श्री संजय कुमार पाण्डेय जी, आचार्य श्री सुरेन्द्र नाथ शर्मा जी,आचार्य श्री देवकुमार शर्मा जी,आचार्य श्री सुधांशु शर्मा जी, उत्तर प्रदेश लखनऊ से आए आचार्य श्री सुधीर त्रिपाठी जी, दुआरी के पूर्व मुखिया जवाहर लाल जी, मेराल पंचायत के पूर्व मुखिया हीरा सिंह, भेखलाल गंझू, कोषाध्यक्ष सुखदेव सिंह भोक्ता जी समेत सैकड़ों भक्त जन आदि की उपस्थिति थे।



## संक्षिप्त खबरें

### अदाणी फॉउंडेशन के प्याऊ से लोगों को मिल रही राहत

**बड़कागांव :** अदाणी फॉउंडेशन ने तपती गर्मी में आम लोगों की सुविधा के लिए बड़कागांव में तीन जगहों पर प्याऊ लगाया है। तीनों जगहों पर प्याऊ के साथ एक-एक व्यक्ति को भी आम जनों को पानी पिलाने के लिए तैनात किया गया है। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से ब्लॉक परिसर के समीप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और बड़कागांव थाना गेट के पास दो-दो घड़े वाला प्याऊ लगाया गया है। प्याऊ लग जाने से आम लोगों को गर्मी में काफी सहूलियत मिली है।

### अरगड्डा स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को गुजरते देख युवकों ने मोबाइल में उतारी तस्वीरें

**सिरका :** रेलवे स्टेशन अरगड्डा-कोडरमा लाईन से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन ट्रायल को देखने के लिए सोमवार को युवकों का जमावड़ा स्टेशन परिसर में पहुंचा। तकरीबन दोपहर एक बजे कोडरमा की ओर से सायरन बजाते हुए तेज रफ्तार में ट्रेन अरगड्डा प्लेटफार्म से होते हुए बरकाकाना की ओर निकल गई। जिसे देखने पहुंचे युवको के समूह ने मोबाइल रिकॉर्डिंग कर उत्साहवर्धक आवाज निकालकर इस क्षण को ऊर्जावान यादगार बनाया। युवकों ने बताया कि आधुनिक रेलगाड़ी को अपने अरगड्डा स्टेशन से गुजरता देखना अविश्वसनीय कल्पना पूरी होती दिखी हैं।इस दौरान अरगड्डा-सिरका समेत आस पास के गांव हेसला, महुआडांड़, कानाटाड़ आदि क्षेत्रो से दर्जनों युवक अरगड्डा प्लेटफार्म आये थे।

### बेलकप्पी के बेटा का भारतीय नौसेना में चयन ,खुशी का माहौल

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी निवासी उमन साव एवं लीलावती देवी के पुत्र पिन्टू कुमार का चयन भारतीय सेना (नेवी) में हुवा है।बेलकप्पी के बेटा का सरकारी नौकरी में चयन होने पर खुशी का माहौल है।पिन्टू कुमार ने आर्मी टेक्निकल में पास किया है। समाजसेवी सी के पाण्डेय ने बताया कि पिन्टू कुमार मेरा विद्यार्थी भी रहा है एवं शुरू से मेधावी विद्यार्थी रहा है।मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रतिनिधि व समाजसेवी सी के पाण्डेय,पूर्व उप मुखिया सुरेश कुमार पाण्डेय,नरेंद्र पाण्डेय, मुकेश कुमार तिवारी,रिंकू माली,अनिल मोदी एवं दिनेश पासवान ने घर पहुँच कर पिन्टू कुमार को घर पहुँच कर सम्मानित किया।

### पटना से रांची के बीच वंदे भारत ट्रेन का किया गया सफल ट्रायल रन

**रामगढ़ :** हज़ारीबाग समेत पूरे झारखण्ड के लिए 12 जून 2023 का दिन ऐतिहासिक रहा। पटना से लेकर रांची तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया। रांची-कोडरमा रेलखंड का निर्माण पूरा होने से यह संभव हो पाया है। सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने इस विशाल सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस ट्रेन के शुरू होने से लाखों यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। पटना से रांची आने में जहाँ पहले 12 घंटे लगते थे, वो सफर अब सिर्फ 6 घंटों में पूरा कर लिया जायेगा। जयंत सिन्हा के प्रयासों को बहुत बड़ी सफलता मिली है। हज़ारीबाग से लम्बी दूरी की ट्रेनों की शुरुआत के लिए वे काफी समय से प्रयासरत थे। वे राँची-कोडरमा रेलखंड का लगातार निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी लेते रहते थे। साथ ही वे रेल मंत्री जी से समय-समय पर मुलाकात कर चर्चा भी करते रहे। वे अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाये रखते हुए उन्हें कार्य संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी देते रहते हैं। उनका प्रयास यात्रियों के लिए हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना है।

# जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रीमैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में उपायुक्त ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## अवैध खनन व बालू के उठाव को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने चलाया जांच अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा एनजीटी द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर रोक के मद्देनजर जारी निर्देश के अनुपालन को लेकर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा गोला, दुलमी, चितरपुर एवं पतरातू प्रखंड में औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान गोला प्रखंड अंतर्गत 2 ट्रैक्टर बालू, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर, पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर बालू एवं दुलमी प्रखंड अंतर्गत 2 दो-पहिया वाहनों को अवैध रूप से कोयले का परिवहन करने पर जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## विष्णुगढ़ प्रेस क्लब की अहम बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रेस क्लब हजारीबाग,विष्णुगढ़ इकाई की अहम बैठक की गई,बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार दुबे ने की तथा संचालन प्रेस क्लब हजारीबाग जिला कार्य समिति सदस्य अमूल्य चंद्र पाण्डेय के द्वारा की गई। प्रेस क्लब हज़ारीबाग द्वारा विष्णुगढ़ इकाई में राजेंद्र कुमार दुबे को सदस्यता प्रभारी बनाया गया था,सदस्यता ग्रहण करने की आज अंतिम तिथि थी। सदस्यता प्राप्त कुल 21 पत्रकारों की सूची प्रभारी के द्वारा सबके सामने प्रस्तुत करते हुए, प्रेस क्लब हजारीबाग की विष्णुगढ़ इकाई में होने वाले प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए विष्णुगढ़ प्रेस क्लब के सभी पदों पर एकमत से सहमति नही बनी जिसको देखते हुए चुनाव के तहत पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। चुनाव को सम्पन्न कराने को लेकर निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जून दिन (शनिवार) को पुनः बैठक कर होने वाले चुनाव के नॉमिनेशन की तिथि एवं चुनाव की तिथि की चर्चा की जाएगी । इस बैठक में मुख्य रुप से राजेंद्र कुमार दुबे,बंटी मिश्रा, मिथलेश कुमार बर्मन, प्रसाद सोनी, अजीत कुमार मिश्रा,राजेश्वर महतो, ललित कुमार मिश्रा, रंजीत कुमार पाठक, राजेश कुमार दुबे, जीवन सोनी आदि थे ।

## एनटीपीसी द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर के शत-प्रतिशत बच्चों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर रंग ला रही है। बड़कागांव प्रखंड के जुगरा गांव में स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले दसवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से पास कर एक नया कीर्तिमान रचा है। 88.40त्न के साथ गौरव कुमार कोचिंग संस्थान में प्रथम स्थान पर रहे, वहीं सुजीत कुमार 85.40त्न के साथ में दूसरे स्थान पर रहे जबकि अर्जुन कुमार 85त्न हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे। कुल 19 छात्र-छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी और सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

# वंदे भारत एक्सप्रेस का हुआ ट्रायल रन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पटना- रांची नई रेल रूट पर वंदे बहुप्रतीक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन हुआ। बिहार और झारखंड के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायोगिक परिचालन हुआ। पटना से वंदे भारत एक्सप्रेस 11¬25 पर बरकाकाना पहुंची। जहां जंक्शन पर ट्रेन देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पांच मिनट ठहराव के दौरान ट्रेन का पूजन हुआ और लोगों के बीच मिठाई भी बांटी गई। लोग अपने मोबाईल में ट्रेन की तस्वीर और ट्रेन के साथ सेल्फी लेने में मशगूल रहे। 11¬30 बजे ट्रेन रांची के लिए रवाना हुई।वहीं हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा वंदे भारत एक्सप्रेस पर हजारीबाग से बरकाकाना पहुंचे। जहां भाजपाईयों ने बुके देकर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और सांसद जयंत सिन्हा जिंदाबाद के नारे से स्टेशन परिसर गूंजायमान रहा।इस मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। वंदे भारत ट्रेन से यात्रा का एहसास काफी सुखद रहे। रांची-पटना वाया हजारीबाग नई रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित हैं। ट्रायल रन के बाद परिचालन जल्द शुरू हो जाएगा।

## मांडू प्रखंड मे मध्यस्था आधारित मन का मिलन में पखवाड़ा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के मांडू प्रखंड में मध्यस्था आधारित मन का मिलन पकवाड़ा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत 29 मई से 14 जून तक चलने वाले मन का मिलन पकवाड़ा के तहत लोगों को अपनी लंबित पुराने एवं नए मामलों तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्था के माध्यम से कराने के प्रति जागरूक किया गया इसमें कहा गया है कि मध्यस्था से निकाला गया समाधान विवाद को जड़ से समाप्त कर देता है इससे धन और समय का बचत होती है और दोनों पक्षों को मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। मन का मिलन पकवाड़ा अभियान में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर मामलों को निशुल्क एवं त्वरित निष्पादन कराएं और मन की दूरी को मिटाएं।

## हजारों लीटर पीने का स्वच्छ पानी हो रहा है बर्बाद, प्रशासन मौन : सीटू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** इस भीषण गर्मी में जब लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं तब हजारीबाग का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का उदारता देखिए कि प्रतिदिन हजारों लीटर पीने का स्वच्छ पानी रोड पर बह रहा है और बह कर नाली में चला जा रहा है लेकिन विभाग अभी तक कान में तेल डालकर सोया हुआ है. शहर के हजारों लोगों को पानी देने के लिए एकमात्र छड़वा डैम ही है और उस डैम का पानी इस तरह बर्बाद करना जघन्य अपराध है. इस संबंध में सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, तपेश्वर राम ने संयुक्त रूप से हजारीबाग उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है . शहर के मुख्य चौक में से एक इंद्रपुरी चौक के पास छड़वा डैम से जो पाइप आई है वह लिख कर गई है जिसके चलते प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पीने का पानी बाकर नाली में चला जा रहा है. इस संबंध में कई बार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को मौखिक जानकारी दी गई पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई. सनद रहे कि इस पाइप का मरम्मत रामनवमी के पहले मेरे ही मौखिक शिकायत पर किया गया था पर मरम्मत का कार्य इतना घटिया था कि 2 महीने में ही फिर से पानी लिक करने लगा है. जिसके कारण पानी तो बर्बाद हो ही रहा है और सड़क भी खराब हो रही है।इसलिए हजारीबाग शहर वासियों के हित में पार्टी जिला कमेटी मांग करती है कि इस लीकेज पाइप को तत्काल ठीक करते हुए इसके लिए जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी पर सख्त कारवाई किया जाए।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई।इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी, विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में राज्यसभा सदस्य, विधायक, उपायुक्त सहित अन्य को विस्तार से जानकारी दी।बैठक के दौरान राज्यसभा सदस्य, विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में चारदीवारी निर्माण योजना, सरकारी विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण, विभिन्न सड़क योजनाओं, मोबाइल ब्लड कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन वैन योजना, 586 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत बर्तनों की आपूर्ति, डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं तथा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग योजना, डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं के छात्र छात्राओं के लिए प्री रिक्रायरमेंट ट्रेनिंग योजना, रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 113 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत किचन व स्टोर कक्ष निर्माण कार्य योजना, प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की अनुशंसा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ एवं मांडू में रसोईघर निर्माण योजना, पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकी में मगरदहा नदी पर पुल निर्माण योजना, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुशंसाओं सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वही उनके द्वारा योजनाओं को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## हजारीबाग एथलेटिक संघ के द्वारा एक दिवसीय प्रदर्शनी, फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** ओरिया फुटबॉल मैदान में रविवार को देर शाम हजारीबाग एथलेटिक संघ एवं ओरिया फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रदर्शनी, फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।जिसमें बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। एथलेटिक संघ के पदाधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जिसके बाद राष्ट्रीय गान के साथ मैच विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। मैच में हजारीबाग ब्लू एवं ओरिया फुटबॉल क्लब के बीच प्रदर्शन हुआ। दोनों टीमों की बेहतर प्रदर्शन के बीच हजारीबाग ब्लू को 4ङ्क3 से ओरिया की टीम ने हराया। जिसके पश्चात विजेता एवं उप विजेता को मुख्य अतिथि सहित उपस्थित गणमान्य लोगों के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बीते वर्ष जो खिलाड़ियों ने जिला का प्रतिनिधित्व किया था उन खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सहित गणमान्य लोगों के द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर ऐसे मैच को आयोजित करनी चाहिए।

**विधायक अंबा प्रसाद ने सांसद जयंत सिन्हा को मिठाई खिलाकर दी बधाई**

# केंद्र व राज्य सरकार के सहभागिता से पूरा हुआ महत्वकांक्षी रेल परियोजना : अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का सफल ट्रायल सोमवार को किया गया। झारखंड राज्य के लिए यह ऐतिहासिक पल है। बरकाकाना जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस के पहुंचने पर विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधायक ने कहा कि यह महत्वकांक्षी रेल परियोजना राज्य व केंद्र सरकार के सहभागिता से पूरा किया गया है। राज्य सरकार ने रेल परियोजना के निर्माण में केंद्र से ज्यादा पैसा लगाया है। साथ ही कानून व्यवस्था, भूमि अधिग्रहण तथा वन क्षेत्र के एनओसी आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कोडरमा-हजारीबाग-रांची वाया बरकाकाना नई रेल लाइन में ट्रेन परिचलन शुरू होने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के दर्जनों गांव के लाखों लोगों को परोक्ष रूप से फायदा होगा। उन्हें अपने सब्जी बिक्री के लिए रांची का बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। इससे उनकी तरक्की होगी। विधायक ने क्षेत्र वासियों को। भी मिठाई खिलाकर बधाई दी। कहा कि पटना रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन शुरू होने से झारखंड वासियों को पटना से रांची और रांची से पटना आने जाने में काफी सहूलियत होगी।

## नरेंद्र मोदी की सफलतम नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मोटरसाइकिल रैली निकाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा रामगढ़ कैंट मंडल के द्वारा स्थानीय सुभाष चौक से थाना चौक होते हुए सिद्धू कान्हू मैदान तक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के सफलतम नौ वर्ष सुशासन के पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उसके बाद मोटरसाइकिल रैली निकाली गई । इस मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व रामगढ़ कैंट मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष तरुण कुमार साव ने किया। इस मोटरसाइकिल रैली में मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक सोनकर, भाजपा रामगढ़ जिला के मंत्री वसुध तिवारी, भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल उपाध्यक्ष संतोष शाह ,भाजयुमो रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह, मंत्री नीतीश कुमार, धीरेंद्र कुमार साव, भाजयुमो रामगढ़ कैंट मंडल महामंत्री अमित ठाकुर, आईटी सेल प्रभारी शशि शेखर सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी सौरव कुमार, शुभम कुमार इत्यादि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फिट इण्डिया योजना के तहत् आवासीय छात्राओ के लिए अधिष्ठापित जिम का किया गया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कर्जन स्टेडियम अवस्थित बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम भवन में खेल विभाग द्वारा अधिष्ठापित जिम का जिला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग उमेश कुमार सिन्हा द्वारा उद्घाटन किया गया। जिम का अधिष्ठापन आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणरत कुल 50 प्रशिक्षुओं (25 एथलेटिक्स एवं 25 फुटबॉल) के खिलाड़ियों के फिटनेस को ध्यान में रखते हुए किया गया है। ज्ञातव्य है कि इस प्रशिक्षण केन्द्र की खिलाड़ी अस्तम उराँव अंडर-17 वर्ल्डकप टीम की कैप्टन रह चुकी है, तथा प्रीति लकड़ा राष्ट्रीय स्तर पर ट्रीपल जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है। इस जिम में अत्याधुनिक उपकरण की सुविधा उपलब्ध है। जिम के उद्घाटन के क्रम में इस प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणरत बालिकाएं काफ़ी उत्साहित नजर आई। जिम अधिष्ठापन हेतु खेल विभाग ने वर्ष 2021-22 में पंद्रह लाख रूपय की राशि उपलब्ध कराई थी। उद्घाटन कार्यक्रम में जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, हॉकी प्रशिक्षक, कोलेश्वर गोप, संदीप खलखो, कुन्दन कुजूर, संगणक संचालक विकास कुमार एवं खिलाड़ी गण आदि लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से होकर गुजरी पटना- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस, विधायक ने जताया हर्ष, हजारीबाग वासियों को दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** वर्षो की इंतजार के बाद अंततः हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से होकर सोमवार को निर्धारित समय पर पटना- हजारीबाग- रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल परिचालन सफल हुआ। हजारीबाग से लंबी दूरी की ट्रेन की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत रहे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रायल होने पर हर्ष जताया और हजारीबाग वासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इंतजार लम्बा जरूर रहा लेकिन इसकी शुरुआत एक अच्छे सफर से होने जा रही है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस हिंदुस्तान में अपने कई विशेषताओं के कारण जानी जाती है और हजारीबाग से एक बड़ा तबका पटना के लिए सफ़र करता है। ऐसे में स्वदेशी रूप से डिजाइन की गई सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत भारतीय रेलवे के लिए यात्रा तकनीक में एक नए युग को चिन्हित कराने के साथ एक अति महत्वपूर्ण रूट को कवर्ड करेगी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल तो बस एक शुरुआत है, यह शुरूआत जल्द ही बहुत सारे ट्रेनों के परिचालन का राह प्रशस्त कर नई ट्रेन खुलने का द्वार खोलेगी।

## आदिवासी जन परिषद को रैयत ने 42 डीसमील जमीन पर अवैध कब्जा बचाने संबंधी मांग पत्र सौंपा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** आदिवासी जन परिषद के अरगड्डा क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में रविवार को आजप केन्द्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, आजप जिलाध्यक्ष रामगढ़ हीरालाल बेदिया को चुटूपालू के रैयत रंजीत कुमार महली ने अपने खतियानी जमीन करीब 42 डीसमील पर अवैध कब्जा रोकने सबंधी मांग पत्र सौंपा हैं। पत्र में रैयत रंजीत कुमार महली ने कहां है कि हमारे जमीन खाता नंबर 42, प्लॉट नंबर 1329, करीब 42 डीसमील जमीन पर बीते 6 वर्ष 12/ 5 /2017 से हरिप्रसाद यादव नामक व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया हैं। जिसमें अवैध मकान निर्माण का भी कार्य किया जा रहा हैं। इसे रोकने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा हूं। बीते समय अंचल अधिकारी से 01/07/ 2017, मुख्यमंत्री सचिवालय से 20/11/ 2018, उपायुक्त को 3/3/2020 को अपनी जमीन बचाने, अवैध निर्माण रोकने संबंधी पत्र सौंपा। लेकिन फायदा नहीं हुआ। जमीन कब्जा स्थल पर जाने पर दूसरे पक्ष के द्वारा अभद्र व्यवहार, धक्का-मुक्की और जान से मारने की धमकी दी जाती हैं। इससे परिवार काफी भयभीत हैं। रैयत परिवार ने आदिवासी जन परिषद से अपने जमीन की रक्षा और न्याय दिलाने की मांग की हैं। वहीं आदिवासी जन परिषद प्रतिनिधियों ने इस मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया हैं। मौके पर आजप केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, आजप जिला अध्यक्ष हीरालाल बेदिया, रैयत रंजीत कुमार महली, अनिल बेदिया आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जनता मजदूर संघ की 36 सूत्री मांग पत्र का स्ट्रक्चरल बैठक प्रबंधन के साथ किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल उत्तरी करणपुरा क्षेत्र के सभागार में जनता मजदूर संघ की 36 सूत्री मांग पत्र का स्ट्रक्चरल बैठक प्रबंधन के साथ संपन्न हुआ। बैठक में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक एनके क्षेत्र के सभी स्टाफ अधिकारी क्षेत्र के सभी परियोजना पदाधिकारी कार्मिक पदाधिकारी श्रमिक सीसीएल संघ अध्यक्ष व सदस्य कमलेश कुमार सिंह, केंद्रीय सचिव सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्र नाथ सिंहउपस्थित थे। बैठक में कामगारों के बीच विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। चर्चा में कॉलोनी की सफाई,बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करना, कामगारों के आवास का रिपेयरिंग का कार्य कराना, कामगारों का समय पर पदोन्नति देना, समय पर एसएलपी देना, खदान के अंदर हॉल रोड को दुरुस्त करना, उत्पादन में लगे हुए मशीनों को दुरुस्त करना,कामगारों को कालोनियों में शुद्ध पेयजल को मुहैया कराना सहित अन्य विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। प्रबंधन ने सभी समस्याओं पर समय पर समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से क्षत्रिय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव,क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह, टोपा महतो,चंद्र भूषण सिंह,भूटान चौहान,अजय सिंह,तपेश्वर यादव,गुल्फी देवी,शंकर चौहान,अजय चौहान,कंचन महतो, प्रभु गंझू, इंसान गंझू,नागेश्वर दुसाद,राजू शर्मा,गणेश ठाकुर शर्मा,टेकलाल महतो, आनंद पांडे,मंतोष कुमार सिंह,अनिल लोहराजितेंद्र कुमार, वीरेंद्र पासवान सहित अन्य कामगार उपस्थित थे।



## बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बनता पावर हाउस में कर्मचारी संग वार्तालाप की

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार को सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो के नेतृत्व में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव निशिकांत गोंझू के उपस्थिति में सिल्ली प्रखंड के बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस के मनीराम दास, देवाशीष दत्ता, गुहि राम महतो, मंजूर मोमिन, पावर हाऊस में जाकर बनता फिडर, सिल्ली फिडर, रामपुर फिडर, किता फिडर की बिजली की अत्यधिक समस्या की जानकारी पावर हाउस में उपस्थित लाइन मेन को दी एवं दूरभाष में कनिय अभियंता से बात कर बिजली समस्या की जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि भीषण गर्मी में भी बिजली की समस्या से उपभोक्ता काफी परेशान हैं।

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा नें मंत्री को ज्ञापन देकर की कार्यवाही की मांग

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा राज्य-प्रदेश अध्यक्ष अजय कृष्ण ने मंत्री अल्पसंख्यक, कल्याण, निबंधन, पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग , झारखंड सरकार सह प्रभारी मंत्री,बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति हफिजुल हसन को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने कि मांग किया गया.श्री कृष्ण ने आवेदन में कहा है कि झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा राज्य-झारखंड के बैनर तले कोडरमा समाहरणालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम दिनांक 10/04/2023 से किया गया और दिनांक 18/04/2023 को कोडरमा उपायुक्त के निर्देश दिए लिखित आश्वासन दिया गया परंतु , अभी तक किसी भी तरह से कार्रवाई नहीं किया गया । उन्होंने आवेदन में कहा है कि डोमचांच अंचल अधिकारी मां देवप्रिया , कामेश्वर पांडे , पंकज कुमार सिंह , रविंद्र कुमार पर कार्रवाई नहीं होने से अंचल अधिकारी मां देवप्रिया का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है । और मनगढ़ंत कहानी बनाकर मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से डोमचांच थाना कांड संख्या –-69/2023 , दर्ज किया गया है ।जो सरासर पद का नाजायज दुरुपयोग किया गया है । अंचल अधिकारी पर कार्रवाई करते हुए नौकरी से बर्खास्त करने हेतु प्रपत्र-?क गठित किया जाने की मांग किया गया है ।

## अवैध शराब को लेकर विभिन्न जगहों पर चला छापेमारी अभियान, 11 गिरफ्तार

**डोमचांच(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत विभिन्न स्थानों में होटल एवं ढाबा में अवैध शराब के विरुद्ध कुमार गौरव के निर्देश पर डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां के नेतृत्व में छापेमारी किया गया जिसमें मनोज यादव पिता स्वर्गीय भादू यादव ग्राम लंगड़ापिपर शंकर यादव पिता स्वर्गीय नुनू यादव ग्रामीण इंद्रवा थाना कोडरमा, इंदर यादव पिता स्वर्गीय चमन यादव ग्राम चीतरपुर थाना कोडरमा,महादेव यादव पिता स्वर्गीय हीरो यादव गोलवाढाब, दिनेश कुमार शाह पिता तुलसी साहू ग्राम दुरोडीह, सनी कुमार मेहता पिता कार्तिक मेहता ग्राम काली मंडा, राजेंद्र कुमार शर्मा पिता केदार शर्मा ग्राम ढाबरोड डोमचांच,सचिन मेहता पिता सुभाष मेहता ग्राम काली मंडा डोमचांच, किशोर प्रसाद पिता देव देगलाल सुंडी ग्राम महेशपुर डोमचांच,राजेश यादव पिता ईश्वर यादव ग्राम सिमरिया डोमचांच, पिंटू कुमार मेहता पिता बबलू मेहता ग्राम शिवसागर डोमचांच को, सुखदेव यादव चैनपुर को गिरफ्तार कर सभी को उत्पाद विभाग सौंप दिया वहीं जप्त अवैध शराब (1.) 8पीएम -180एमएल × 6 (2) गोडफदर कैन बियर × 4 (3) किंगफ़िशर बॉटल बियर ×09 (4) रॉयल स्टेज 750एमएल ङ्ग1 (5) स्टेर्लिंग रिजर्वेद 750 एमएल ङ्ग1 (6) देसी महुआ शराब - 55 लीटर के साथ थाना लाया गया आगे की कार्यवाही की जा रही है। छापेमारी अभियान में डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां एस आई चंद्रदेव सिंह नगेशनाथ कुजूर आदि लोग मौजूद थे।

## पेयजल समस्या के समाधान के लिए उपायुक्त ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने आज जिले में पेयजल समस्या के समाधान के लिए माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में धनबाद नगर निगम के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी पहुंचाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। जिसमें धैया, मटकुरिया, कुसुम बिहार, नूतनडीह, सिमलडीह, भूदा इत्यादि क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर पानी की टंकी बनाने पर विचार किया गया। पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया की प्रतिदिन लगभग 55 से 56 एमएलडी पानी शहरों में दिया जा रहा है बिजली की समस्याओं के कारण पानी की भी समस्या हो रही है इसे समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। साथ ही झमाडा में अलग लाइन करने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। जिससे केंदुआ, करकेंद, गोधर सहित अन्य झमाडा प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा सके। इसके अलावा झमाडा में तकनीकी कर्मचारी की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

## टायर ब्लास्ट होने से पेट्रोल पंप कर्मचारी घायल

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत अर्न्तगत दरहाटांड़ पेट्रोल पंप के पास सोमवार की शाम टायर ब्लास्ट होने से पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारी घायल हो गया। घायल कर्मचारी की पहचान 19 वर्षीय रमेश महतो पिता खीरालाल महतो ग्राम बचरा बस्ती थाना पिपरवार के रूप में की गई है।घटना के संबंध में बताया गया कि उक्त कर्मचारी पेट्रोल पंप के बाहर खड़ा था,इसी बीच बगल में बीकेबी कंपनी के हाईवा डंपर का टायर अचानक जोरदार आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया।टायर ब्लास्ट होने से अगल-बगल रखें पत्थर के टुकड़े से कर्मचारी को चोट लगी, जिसके बाद आनन-फानन में पेट्रोल पंप के संचालक के द्वारा घायल को राय स्थित साई सेवा सदन मे पहुंचाया गया,जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।फिलहाल चिकित्सकों ने उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया है।वहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि आवाज इतनी जोरदार थी काफी दूर तक सुनाई पड़ी।घायल रमेश महतो बचरा बस्ती के पूर्व मुखिया स्वर्गीय मनकु महतो का पोता बताया गया है।

बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न, विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का किये समीक्षा

## पर्याप्त मात्रा में करें पेयजल आपूर्ति और बिजली आपूर्ति : हफीजुल हसन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** आज समाहरणालय सभागार में मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड राँची -सह- अध्यक्ष, बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति हफीजुल हसन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा किये। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं टीसीबी, डोभा, फील्ड बंड आदि योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त द्वारा मंत्री को बताया गया कि मनरेगा अंतर्गत योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है और सभी प्रखंडों में मनरेगा पार्क भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने पथ व ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत योजनाओं यथा सड़क निर्माण कार्य की जानकारी ली और कहा कि योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करें। जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने का निर्देश दिये। साथ ही कल्याण विभाग को कब्रिस्तान के चारदीवारी के साथ साथ सौंदर्यीकरण की योजनाओं को लें। मंत्री ने पेयजल व स्वच्छता विभाग की समीक्षा कर जलापूर्ति योजना को लेकर कई दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त से हो, ख्याल रखेंगे। साथ ही बिजली संकट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। माननीय मंत्री ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कोडरमा जिला में लीजधारक की जानकारी ली। उन्होंने चालान काटने से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

## रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा जोनल बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** रामेश्वरम होटल में रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा एक जोनल मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें जोन 12 से झारखंड बिहार के रोटरी के पदाधिकारी अध्यक्ष सेक्रेटरी सदस्य शामिल हुए आने वाले रोटरी के सत्र 23- 24 मे सभी क्लब के द्वारा किए जाने वाले सेवा के कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई इस. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन एसपी बगड़िया ज्वाइंट सेक्रेट्री पीयूष मुसद्दी गिरिडीह मौजूद थे. आज के कार्यक्रम का मंच संचालन सम्मानीय समाजसेवी एजी रोटेरियन कुमार पुजारा ने किया. उनकी अथक प्रयास से ही यह कार्यक्रम कोडरमा में आयोजित किया गया बाहर से आए सभी रोटेरियन को कोडरमा रोटरी के पदाधिकारी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया.इस मौके पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मंडल अध्यक्ष एसपी बगड़िया ने कहा कि रोटरी राष्ट्र निर्माण और जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा कार्य करती है सेवा क्षेत्र में किए जाने वाले पूरे भारतवर्ष में शिक्षा स्वास्थ्य खेलकूद प्रकृति को संतुलित बनाने का कार्य करती है, समाज मेअंतिम पायदान पर बैठे लोगों को मदद पहुंचाने का कार्य करती है और इस कार्य के लिए सभी रोटरी के सदस्य इसमें तन-मन-धन लगाकर अपना योगदान देते हैं कार्यक्रम के होस्ट एजी रोटेरियन कुमार पुजारा ने इस मौके पर कहां की हमें रोटेरियन होने पर गर्व है समाज सेवा में अधिक से अधिक कार्य सभी रोटेरियन करें इसलिए ही यह जोनल मीटिंग बुलाई गई है जोन12के सभी सदस्यों को जुलाई महीने से समाज सेवा मानव सेवा के कार्यों में तीव्र गति से लग जाना है और अपना योगदान देना है इस भीषण गर्मी में भी आप सभी लोग समाज सेवा राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेने के लिए यहां पहुंचे हैं।

## गैरमजरूआ जमीन की लगान रसीद निर्गत करने व खरीद बिक्री पर लगी रोक को हटाने की मांग को लेकर. मंत्री को ज्ञापन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह कोडरमा जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य मनोज सहाय पिंकू ने जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक में उपस्थित झारखंड सरकार के मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, खेलकूद विभाग हाफिजुल हसन को कोडरमा जिला वासियों की ओर से मांग पत्र सौंपकर जिले के गैरमजरूआ जमीन की लगान रसीद निर्गत करने एवं खरीद बिक्री पर लगी रोक को हटाने का मांग किया। श्री सहाय ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि कोडरमा जिला के अंतर्गत अधिकांश भूमि गैरमजरूआ प्रकृति की है जिस पर पूर्व में तत्कालीन उपायुक्त कोडरमा कार्यालय के ज्ञापांक संख्या 2620 दिनांक 29 सितंबर 2011 के आदेश के आलोक में निबंधन पर रोक लगा दी गई है। जांच के 12 वर्षों बाद भी उक्त प्रकृति के जमीन पर से निबंधन पर लगी रोक एवं दाखिल खारिज का आदेश पारित नहीं हुआ। जबकि झारखंड सरकार ने संबंधित संकल्प जारी कर राज्य के सभी डीसी को वैसे सभी जमीन जिसका विक्रय पत्र पट्टा या हुकुमनामा वर्षों पूर्व निर्गत है एवं रजिस्टर टू में गैरमजरूआ भूमि के रूप में दर्ज उसकी अंचल अधिकारी स्तर पर अभिलेख का जांच कर एवं स्थल का भौतिक सत्यापन कर रसीद निर्गत करने की बात कही गई है।

### उपायुक्त, कार्यालय, लातेहार
### (एन०आर०ई०पी०, शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05, वर्षः 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–22.06.2023 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय कक्ष में।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–23.06.2023, 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक–23.06.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड–गारू के पंचायत– धांगर टोला, ग्राम– समोध टोला के दिकदार सिंह के घर के पास पुलिया निर्माण। | 2035000.00 | 41000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखण्ड–गारू के पंचायत–बारेसाड़ के ग्राम +पंचायत–बारेसाड़ डेढगॉव के टोला झुमरी मे डुमर नाला के पास पुलिया निर्माण। | 2021100.00 | 41000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखण्ड–गारू के पंचायत कोटाम के ग्राम साल्वे में चुटवाग आहर के पास कल्भर्ट निर्माण। | 2099300.00 | 42000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | प्रखण्ड–हेरहंज ग्राम–मारी में सूर्य राम के घर से आनन्द गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (500 फीट) | 1822500.00 | 37000.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 299834 District(23-24).D

### Government of Jharkhand
### Directorate of Industries

**Notice Inviting Tender**

**Tender reference No. 1443** **Dated: 12.06.2023**

The Directorate of Industries invites technical and financial proposals for 'Selection of a Chartered Accountant Consulting firm for Scrutiny of Financial Incentive Proposals under various industrial policies and providing technical support in other financial/ facilitation council related works. The important dates and information are mentioned below:

| S.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Publishing of RFP/ Tender on website | June 13, 2023 |
| 2 | Period of downloading and Submission of tender | Start date: June 13, 2023 to End date June 28, 2023, 3:00 PM |
| 3 | Last date for receiving queries | June 19, 2023 |
| 4 | Response to queries | June 23, 2023 |
| 5 | Technical proposal opening | July 03, 2023, 3.30 PM |
| 6 | Presentation on approach & methodology | July 04, 2023 |
| 7 | Financial Bid Opening | To be notified |
| 8 | Cost of Tender | INR 5,000/- in Form of Demand Draft in favour of Director- Industries, Ranchi (to be submitted physically latest by 3.00 PM on June 28, 2023) |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 1,00,000/- (Rupees one lakhs only) in form of Bank Guarantee in favour of Director- Industries, Ranchi by 3.00 PM on June 28, 2023) |
| 10 | Website for downloading Tender Documents | https://www.jharkhand.gov.in/industries |
| 11 | Mode of submission of Tender | Offline |
| 12 | Contact Details | Directorate of Industries, Nepal House, Doranda, Ranchi, Jharkhand 834002 Mobile: +91 9431361695 Website:https://www.jharkhand.gov.in/industries Email: jhr-doi@nic.in |

- The directorate of industries reserves the right to change any schedule of bidding process. Please visit https://www.jharkhand.gov.in/industries website mentioned in document regularly for the same.
- Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered in this procurement process.

PR 299842 Industries(23-24)#D **Director- Industries**

## 108 एंबुलेंस के ऑपरेशन टेंडर में विवाद : सरकार की मनमानियों के आगे घुटने टेक रही स्वास्थ्य सेवाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड में एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी का कार्यकाल पूरा हो चुका है और सरकार इसे टेंडर के माध्यम से अब बदलने की योजना बना रही है। हालांकि, इस मुद्दे पर अब विवाद हो गया है क्योंकि सरकार टेंडर देने के लिए पक्षपात कर रही है।इस मामले पर सुनवाई के लिए कोर्ट में एक मामला चल रहा है, लेकिन सरकार ने फैसले का इंतजार नहीं करते हुए पहले ही टेंडर देने की कोशिश की है। यह स्थिति राज्य की न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करते हुए एक विवाद का विषय बन गई है। दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरकार ने टेंडर देने से पहले ही दूसरी कंपनी के पक्ष में निर्धारित कर दिया है, जो न्यायालय में पेंडिंग मामले में शामिल है। इसके अलावा, कम्पनी द्वारा इस विवाद में टेंडर जारी करने के लिए कोर्ट से जल्दी फैसला आने की मांग की जा रही है।यह विवादित नीलामी प्रक्रिया भी इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास और सरकारी नीतियों को लेकर प्रश्नचिन्ह हो रही है। विपक्ष के द्वारा इस मामले पर सरकार को नीतिगत त्रुटि करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि सरकार इसका उत्तर देते हुए कह रही है कि टेंडर नीतियों के आधार पर ही दिया जाएगा।यह स्थिति अब उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय लेने की प्रतीक्षा कर रही है और आगामी सप्ताह में सुनवाई की जानी है। जनता और सरकारी अधिकारियों द्वारा इस मामले पर बड़ी चर्चा हो रही है और इसके परिणामस्वरूप एम्बुलेंस सेवा प्रदाताओं की वित्तीय और सामाजिक स्थिति पर भी गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

**क्या है मामला?**

दरअसल 108 सेवा के तहत एडवांस लाइफ सेविंग और बेसिक लाइफ सेविंग की सुविधाओं से लैश 337 एंबुलेंस के ड्राइवरों का कांट्रैक 15 नवंबर 2022 को ही समाप्त हो गया था.लेकिन अब तक इन्हें सेवा विस्तार नहीं दिया गया है. 108 एंबुलेंस की सेवा झारखंड की लाइफ लाइन कही जाती थी. इसकी शुरुआत 15 नवंबर 2017 को की गयी थी सरकार ने एमओयू में कहा था कि सरकार और कंपनी के बीच परस्पर समन्वय स्थापित होने के साथ यदि कंपनी का काम बेहतर होता है तो सेवा का विस्तार किया जाएगा. वर्तमान कम्पनी 1.15 लाख प्रति एम्बुलेंस की राशी तय थी पर नई कम्पनी ने यह कीमत 1.35 लाख बताई।

### कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू।

पत्रांक– .......... दिनांक–..........

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कुडू के अन्तर्गत खाता सं0 422 प्लॉट सं0 444, 446 रकबा क्रमशः 7.58 ए0 एवं 0.17 ए0 कुल रकबा 7.75 ए0 (हाल सर्वे में अनावाद बिहार सरकार दर्ज है) की भूमि जिसे सरकारी अभिरक्षा में ली गई भूमि में अवस्थित आम के बगीचा के अन्दर वृक्षों की कुल संख्या 382 है, जिसमें आम के फल लगे हुए है। कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 646 / दिनांक 30.05.2023 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में वृक्षों में लगे आम के फलों का अनुमाति मूल्य 1,40,100.00 (एक लाख चालीस हजार एक सौ रूपये) निर्धारित की गई है। वर्ष 2023–24 के लिए नीलामी दिनांक 13.06.2023 के दोपहर 12:00 बजे से की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अंचल नजारत में पूर्वाहन 11:00 बजे तक जमानत राशि के रूप में मो0 5000.00(पांच हजार) रूपये का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो अंचल अधिकारी, कुडू के पदनाम एवं भारतीय स्टेट बैंक, बड़ा तालाब, लोहरदगा से भुगतेय होगा और 5000.00 हजार रूपये नकद जमा करना होगा। किसी भी कार्य दिवस में प्रश्नगत् मौजा कुडू में अवस्थित आम के वृक्षों में लगे फलों का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी को पूर्व सूचना देकर की जा सकती है। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। अपरिहार्य कारणवश तय तिथि को नीलामी नहीं होने की स्थिति में यह कार्य दिनांक 14.06.2023 को पूर्व निर्धारित समय एवं शर्तो के आधार पर की जायेगी। नीलामी में सम्मिलित होने के लिए आधार कार्ड / पैन कार्ड एवं अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा। क्रय मूल्य के अलावे संबंधित सभी कर (TAX) जो झारखण्ड सरकार के नियामानुसार होगा जो क्रेता द्वारा दिया जायेगा।

अंचल अधिकारी, कुडू।

PR 299823 Lohardaga(23-24)D

### न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
### (विधि शाखा)

एस०ए०आर० अपील वाद संख्या **86R15/2022-23**

लाली कच्छप ................................ अपीलकर्ता

बनाम्

मदन साव वगैरह ................................ विपक्षी

(1) राजकिशोर साहु, पिता–स्व० ब्रज किशोर साहु सा0–साहु कॉलोनी, जलान रोड, अपर बाजार, थाना–कोतवाली जिला–राँची
(2) बालकृष्णा साहु पिता–स्व० ब्रज किशोर साहु सा0–साहु कॉलोनी, जलान रोड, अपर बाजार, थाना–कोतवाली जिला–राँची
(3) श्रीकान्त साहु पिता–स्व० ब्रज किशोर साहु सा0–साहु कॉलोनी, जलान रोड, अपर बाजार, थाना–कोतवाली जिला–राँची
(4)अरूण कुमार साहु पिता–स्व० ब्रज किशोर साहु सा0–साहु कॉलोनी, जलान रोड, अपर बाजार, थाना–कोतवाली जिला–राँची
(5)संजय कुमार साहु, पिता–स्व० ब्रज किशोर साहु सा0–साहु कॉलोनी, जलान रोड, अपर बाजार, थाना–कोतवाली जिला –राँची।

एदत् द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि विशेष विनियमन पदाधिकारी, राँची के द्वारा दिनांक 11.03.2022 को एस०ए०आर० वाद सं० 268/2005-06 दिनांक–11.03.2022 में पारित आदेश के विरूद्ध लाली कच्छप ने ओर उपायुक्त, राँची न्यायालय में अपील दायर किया है, जिसमें उपायुक्त महोदय के द्वारा उक्त अपील वाद को दिनांक 14.02.2023 को अंगीकृत किया गया है। विपक्षी सं०–5 ब्रज किशोर साहु के मृत्यु के उपरान्त इस वाद में आप सभी को Substitute कर पक्षकार बनाया गया है। नोटिस तामिला आपलोगो के बाहर जाने या रहने के कारण नहीं हो सका है। फलस्वरूप दिनांक–09.06.2023 को सुनवाई के क्रम में अनुपस्थित पाये गये हैं।

अतः आप को सूचित किया जाता है कि कथित अपील की सुनवाई हेतु उपायुक्त, राँची के न्यायालय में दिनांक 16.06.2023 को 10:30 बजे सभी कागजात / साक्ष्य साहित स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना अपना कारण पृच्छा (Show cause) दाखिल करे। यदि आप उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होगें तो समझा जायगा कि इस संबध में आपको कुछ नही कहना है, तथा अभिलेख में उपलब्ध कागजात / साक्ष्य के आधार पर कथित अपील को सुनवाई कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

यह अपील नोटिस स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु उपायुक्त, राँची के निदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

PR.NO.299778 District(23-24):D प्रभारी उप समाहर्त्ता, विधि शाखा, राँची।

### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त सुखदेवनगर थाना काण्ड सं0–238 / 22, दिनांक–30.05.2022, धारा–302 / 120 बी / 34 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए / 26 / 27 / 35 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर, पे0–स्व0 बंधन कुजूर, सा0–देवी मंडप रोड, हेसल, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची, (झारखण्ड) का द0प्र0स0 की धारा–82 के विरूद्व माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी, J.M III, राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Kumar Saurabh Tripathi,**
**J.M III, Ranchi**

Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]

PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974] **SUKHDEVNAGAR, PS CASE NO-238/22**

(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

एक मतहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर, पे0–स्व0 बंधन कुजूर, सा0– देवी मंडप रोड, हेसल, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची (झारखण्ड)

2 किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)3. नाम और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) अभियुक्त छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर जब

4. मोकाम।

**U/S-** 302 / 120 बी / 34 भा0द0वि0 एवं 25(1–बी)ए / 26 / 27 / 35 आर्म्स एक्ट मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन सा0– देवी मंडप रोड, हेसल, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची (झारखण्ड)

ब–मोकाम(5)

6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)

ब–तारीख 03 माह 08 नालिश–मजकुर 2023
करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 08 माह 06 सन 2023

**s/d- Sri Kumar Saurabh Tripathi,**
**J.M III, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त, छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर, कहीं मिलते / दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक / **Court of Sri Kumar Saurabh Tripathi, J.M III, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक,कोतवाली, राँची। –9431770077
थाना प्रभारी, सुखदेवनगर, राँची। –9431788800

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.299840 Police(23-24):D

## 38वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विशाल पंडित ने स्वर्ण पदक जीत कर बढ़ाया झारखंड का मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** 38वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो की देहरादून उत्तराखंड में 8 से 11 जून 2023 को आयोजित की गई थी , जिसमें विशाल पंडित ने अंडर - 65 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी के द्वारा विशाल पंडित को स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया गया । विशाल की इस स्वर्णिम सफलता के लिए ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड संघ के महासचिव संजय शर्मा, श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता भानु खत्री, भाजपा नेता रमेश पांडे धनबाद ताइक्वांडो संघ संयुक्त सचिव सुमीर शर्मा ताइक्वांडो संघ के रेफरी चीफ अमर बाउरी, विजय विश्वकर्मा भारतीय ताइक्वांडो संघ से अश्विनी शर्मा, कोच अमित रवानी, यमुना पासवान, आकाश विश्वकर्मा ने बहुत बहुत बधाई दी, विशाल की इस सफलता पर झारखंड के प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को भी काफी उत्साह और गर्व है ।

# आगलगी की घटना से एक बार फिर दहला धनबाद

## स्क्रैप व टायरों में लगी आग से मचा हडकंप





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद में आग की घटना सामने आई है। धनुडीह ऑफिस क्षेत्र के बीसीसीएल की ओल्ड क्वारी धनुडीह स्थित बिजली घर के सामने पड़े स्क्रैप व पुराने टायरों में अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे भयावह रूप ले लिया। आग की लपटें ऊपर तक उठने लगी और धुएं का काला गुबार तेजी के साथ चारों ओर फैलने लगा। आग लगने के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गई। बीसीसीएल की दमकल वाहन मौके पर पहुंची। दमकल वाहन के कर्मियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद चारों और धुआं ही धुआं फैल गया। धुआं के कारण होने वाले प्रदूषण के प्रति लोग काफी चिंतित दिखे। आगलगी की घटना से बीसीसीएल के वाहनों के पार्ट पुर्जे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। किन कारणों से आग लगी है, इस बात का खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। फिलहाल बीसीसीएल की दमकल वाहन आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी है। यहां काम करने वाले कर्मियो ने कहा कि वाहनों के स्क्रैप में किसी बच्चे के द्वारा आग लगा दी गई जिस कारण टायर में आग पकड़ ली। टायर में आग पकड़ने के बाद यह धीरे-धीरे बढ़ता चला गया और चारों ओर अफरा तफरी का माहौल हो गया।

खबर लिखे जाने तक जान माल का कितना नुक्सान हुआ, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। फिलहाल आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग कड़ी मशक्कत कर रही है।

## धनबाद बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष को दी बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते दिनों हुए धनबाद बार



एसोसिएशन के चुनाव मे अमरेंद्र कुमार सहाय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राधेश्याम गोस्वामी को एक बड़े अंतर से हरा दुबारा अध्यक्ष पद पर काबिज हुए। इसी उपलक्ष्य मे ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं ऑल इंडिया उलमा बोर्ड झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ज़मीर आरिफ ने नव निर्वाचित अध्यक्ष से उनके कार्यालय मे भेंट की तथा बूके देकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस सम्मान के लिये अमरेंद्र कुमार सहाय ने मुख्तार खान और हाजी ज़मीर आरिफ का आभार प्रकट किया। मौके पर अधिवक्ता कुमार कृष्णा सहित बड़ी संख्या मे अधिवक्तागण मौजुद थे।

## कैंप लगाकर बनाया गया आयुष्मान कार्ड

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया प्रखंड केअमनारी पंचायत में



स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाया गया जिसमें लगभग 160 लाभार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रज्ञा केन्द्र में किया गया। बताते चले की आयुष्मान कार्ड से सरकार के द्वारा चिन्हित बीमारियों का 5 लाख तक का इलाज में लाभ लिया जा सकता है एवं आभा कार्ड के माध्यम से पुराने रोगी जो काफी लम्बे समय से अलग अलग डॉक्टरों से इलाज करवा रहे हैं, किसी डॉक्टर का इलाज रिपोर्ट या दवा का चिठा भूल जाता था ।

## रानी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण : विधायक की उपस्थिति मे ड्रोन कैमरे से हुआ निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** निरसा प्रखंड अंतर्गत पोद्दारडीह स्थित रानी तालाब का जीर्णोद्धार के लिए लघु सिचाई विभाग के कनीय अभियंता हाफ़िज़ अंसारी एवं निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता की उपस्थिति मे सोमवार को ड्रोन कैमरे से निरीक्षण किया गया। वही निरीक्षण करने पहुंचे लघु सिचाई विभाग के कनीय अभियंता हाफ़िज़ अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएमएफटी फंड के तहत रानी तालाब सौंदर्यीकरण एवं जीणोद्धार कार्य अति शीघ्र प्रारंभ होने वाली है जिसके तहत आज ड्रोन कैमरे के माध्यम से पुरी तालाब की निरिक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा इस तालाब का जीणोद्धार के लिए 17 मार्च 2021 को शून्यकाल के माध्यम से एवं इसके पूर्व भी सभी सत्र में और हाल मे ही 23 मार्च 2023 को झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से निरसा पोद्दारडीह रानी तालाब का सफाई, गहरीकरण तथा सौंदर्यीकरण जीणोद्धार करने की मांग सरकार से की थी। उन्होने कहा कि निरीक्षण प्रक्रिया के बाद मुझे सिर्फ आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की जल्द से जल्द इस रानी तालाब का जीणोद्धार कार्य प्रारंभ होगा।

## पाठशाला के संस्थापक देव कुमार वर्मा उत्कर्ष सम्मान से सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** निःशुल्क बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाए कोयला अधिकारी देव कुमार वर्मा को उत्कर्ष सम्मान से कोलकाता में सम्मानित किया गया। यह सम्मान पश्चिम बंगाल ट्राईबल सोसायटी वेलफेयर के तत्वाधान में रखा गया था। जिसमें ओलंपिक कमेटी की सदस्य और वर्ल्ड चैंपियन आर्चरी डोला बनर्जी, पद्मश्री मौमा दास अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, अभिनेता वरुण चंद्रा और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुदेशना रॉय के हाथो देव कुमार वर्मा को अवार्ड मिला। उत्कर्ष सम्मान मुख्य रूप से



आदिवासी और मूलनिवासी लोगों के लिए कार्य करने वाले लोगों को मिला जिनमें झारखंड की आयरन लेडी के नाम से जानने वाली दयामणि बरला, नंदलाल मुर्मू और और पत्रकार सुरेंद्र सोरेन शामिल रहे। यह सम्मान मिलने के बाद देव कुमार वर्मा ने बताया कि इस सम्मान के बाद उनकी जिम्मेवारी समाज के प्रति और बढ़ जाती है। उन्होंने इस सम्मान को पाठशाला से जुड़े सभी लोगों और पाठशाला एजुकेशन ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ. प्रियंका कुमारी को समर्पित किया है।

## मन का मिलन पखवाड़ा में 9 पारिवारिक वाद का निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में 29 मई से दो सप्ताह के लिए मन का मिलन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा में सोमवार को 9 पारिवारिक वाद का निपटारा सुलह और समझौते के आधार पर किया गया।

## सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी सफल अभ्यर्थीयों में खुशी की लहर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूपीएससी ने सोमवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए। नतीजे जारी होने के बाद चाणक्य आईएएस एकेडमी के अभ्यर्थियों में खुशी की लहर है। बता दें कि झारखंड के रांची, हजारीबाग और धनबाद शाखा से संस्थान से अच्छी संख्या में अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर पहला पड़ाव पार कर लिया है। इस मौके सफल अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन, विषय विशेषज्ञ शिक्षकों, डिजिटल बोर्ड युक्त स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक लाइब्रेरी, पढ़ाई को लेकर अनुकूल वातावरण, स्पेशल डाउट क्लासेज के साथ साथ तमाम आधुनिक और जरूरी सुविधाएं चाणक्य आईएएस एकेडमी में प्राप्त हुई, जो हमलोगों के सफलता का आधार बना। साथ ही सफल अभ्यर्थियों ने चाणक्य आईएएस एकेडमी में उपाध्यक्ष विनय मिश्रा सर समेत संस्थान के पूरे मैनेजमेंट का धन्यवाद किया। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि मेंस की तैयारी के लिए भी चाणक्य आईएएस एकेडमी के धनबाद, हजारीबाग व रांची के शाखाओं में राजधानी दिल्ली में पढ़ाने वाले विषय विशेषज्ञों से ही कक्षाएं संचालित कराई जाएगी।

## मोटरसाइकिल की लूट छानबीन में जटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी थाना क्षेत्र के बरवाटांड पंचायत निवासी मनोज महतो की मोटरसाइकिल रविवार देर रात करीब दस बजे पहाड़पुर के पास पांच की संख्या में अज्ञात अपराधियों द्वारा पिटाई करते हुए चाकू मारकर घायल करने के बाद लूट लिया। मनोज ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि मैं लोधरिया बहादुरपुर से बाईक से अपने निवास लौट रहा था तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने मुझे रोड़ किनारे पेड़ में बांध दिया और पिटाई करने लगा। मेरे पास कुछ नगदी नहीं मिला तो मेरे शरीर में चाकू से कई वार किए गए उसके बाद लुटेरे मेरे मोटरसाइकिल लेकर भाग गए उसके बाद मैंने दूरभाष पर अपने घर वालों को ख़बर किया जानकारी मिलते ही परिजनों के साथ कुछ ग्रामीण भी आये फिर मुझे टुंडी थाना लेकर गये जहां मैंने पुलिस को आपबीती सुनाई फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिकी उपचार कराया गया और बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया टुंडी थाना के ए एस आई गरीबन बाखला ने संवाददाता से कहा कि घटना की सूचना पर अज्ञात अपराधियों की खोजबीन की जा रही है।

## बिपरजॉय चक्रवर्ती तुफान के कारण पश्चिम रेलवे का समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** बिपरजॉय चक्रवर्ती तुफान के कारण पश्चिम रेलवे पर यात्रा समाप्त करने/खुलने वाली कुछ ट्रेनों का आंशिक समापन/प्रारंभ तथा रद्द किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. दिनांक 12.06.2023 को गुवाहाटी से खुल कर ओखा जाने वाली गाड़ी सं. 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस का आंशिक समापन अहमदाबाद में किया जायेगा ।

2. दिनांक 16.06.2023 को ओखा से खुलने वाली गाड़ी सं. 15635 ओखा-गुवाहाटी एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ अहमदाबाद से किया जायेगा ।

3. दिनांक 11.06.2023 एवं 12.06.2023 को मुजफ्फरपुर से खुल कर पोरबंदर जाने वाली गाड़ी सं. 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस का आंशिक समापन विरमगाम जं. पर किया जायेगा ।

4. दिनांक 13.06.2023 को मुजफ्फरपुर से खुल कर पोरबंदर जाने वाली गाड़ी सं. 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस का आंशिक समापन राजकोट में समाप्त किया जाना है ।

5. दिनांक 15.06.2023 को पोरबंदर से खुल कर मुजफ्फरपुर जाने वाली गाड़ी सं. 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा ।

## अल्पसंख्यक छात्रावास में एक महीने से जल की आपूर्ति नहीं, विधायक को सौपा गया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत शहरी क्षेत्र के चैताडीह स्थित अल्पसंख्यक छात्रावास में पिछले 1 महीने से जल की आपूर्ति नहीं होने के कारण छात्रावास में पढ़ रहे छात्रों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है । इसी कड़ी में सोमवार को गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली ने छात्रों के साथ सदर विधायक के आवास पहुंचकर मुलाकात की और लिखित आवेदन देकर छात्रावास में हो रहे विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर माननीय विधायक सुदिव्य कुमार ने संज्ञान लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया दो दिनों के अंदर अल्पसंख्यक छात्रावास बच्चों को जल की आपूर्ति पहुंचाया जाए। वही मौके पर जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली ने कहा कि छात्रों की पेयजल की किल्लत की शिकायत पर कल छात्रावास पहुंच कर समस्याओं को समझा और इसी क्रम में सदर विधायक से उनके आवास पर मुलाकात की और लिखित आवेदन देकर समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर एआईएम अचीवर के डायरेक्टर मो0 अजहर, बायलॉजिकल वर्ल्ड के डायरेक्टर आसिफ, मो0 हैदर, समेत दर्जनों छात्र मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर में कई अधिकारियों व आमजनों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया

## सभी को स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग, गिरिडीह के तत्वाधान में समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाहरणालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 43 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान शिविर में उपायुक्त समेत वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजनों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस संबंध में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि किसी के जीवन को बचाने के लिये रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। इसलिए जो लोग रक्तदान करने में सक्षम हैं और स्वस्थ हैं उन्हें रक्तदान अवश्य करना चाहिए।



उन्होंने आमजनों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान काम है और हमारी समृद्ध संस्कृति और सेवा और सहयोग की परंपरा का हिस्सा है। रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है बल्कि यह समाज एवं मानवता प्रति एक बड़ी सेवा भी है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया।

## बाल मजदूरी निषेध दिवस पर कसमार में निकली प्रभात फेरी

**कसमार में प्रभात फेरी में शामिल स्कूली बच्चे व संस्था के लोग।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस के अवसर पर सोमवार को कसमार प्रखंड मुख्यालय में सहयोगिनी संस्था द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल मजदूरी से मुक्ति तथा बाल विवाह की रोकथाम पर प्रतिभागियों ने नारे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि इस आधुनिक युग में भी बाल मजदूरी समाज के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के आह्वान पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, बचपन बचाओ आंदोलन एवं चाइल्ड लाइन के संयुक्त तत्वावधान में सहयोगिनी द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके तहत धधकिया मोड़ मोचरो से कसमार शिवाजी चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रभात फेरी का समापन किया गया।

## विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड सभागार में विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के तत्वावधान में सोमवार को जगन्नाथडीह पंचायत मुखिया सह प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम एवम क्रियान्वयन समिति सदस्य रंजित कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंच संचालन जमुआ प्रखंड विधिक सहायता केंद्र पारा लीगल वोलेंटियर सुबोध कुमार साव ने किया। एन एच आर सी सी बी जिलाध्यक्ष योगेश कुमार पाण्डेय ने बाल श्रम निषेध अधिनियम, बाल अधिकार, बाल श्रम के कारण, रोकथाम की




विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की निजी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ही नही घर में भी 14 साल तक के बच्चों का शारीरिक, मानसिक से शोषण किया जाना अक्षम्य अपराध है। बचपन बचाओ पढ़ाओ लिखाओ आगे बढ़ाओ। मुखिया रंजीत कुमार, पी एल वी सुबोध कुमार साव, संकुल साधनसेवी रघुनाथ महतो, संदीप कुमार राय, समाजसेवी बासुदेव यादव, कृषक मित्र छोटन कुमार सिंह, वार्ड सदस्य दिलीप कुमार पासवान ने भी विचार व्यक्त किए।

## तीन पहिया वाहन पलटी, कोई हताहत नहीं



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग छोटकी खरगाडीहा चौक के पास सोमवार को दोपहर बेंगाबाद की ओर से आ रही तीन पहिया वाहन पलटी हो गया वही कोई हताहत नहीं। स्थानीय ग्रामीण एवं दुकानदारों ने कहा रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण आयदिन दुर्घटना होती रहती है विभागीय से शीघ्र मरम्मत करें नहीं तो कोई बड़ी घटना की संकेत दे रही है। इसके साथ बेंगाबाद प्रखंड के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने कहा मुख्य चौक पर नली ना होने के कारण सारा पानी रोड पर बहता है जिस कारण रोड मैं छोटे-छोटे गड्ढा एवं क्षतिग्रस्त हो रहा है संबंधित अधिकारी से रोड के किनारे नली की मांग करता हूं।

# नगर भवन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

## बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ करना ही इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 12 जून 2023 को सदर प्रखंड स्थित नया नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह बहुत ही अच्छी पहल है। बच्चों को बहुत आसान तरीकों से शिक्षा दी जाएगी जो बहुत ही अच्छी बात है। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों को इसमें बताए जाने वाले तरीकों को अच्छी तरह सीखना चाहिए ताकि काम आसान हो सके। इसके माध्यम से अब बच्चे समय से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यायुक्त का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। ज्ञात हो कि भारत की अध्यक्षता में पुणे में आयोजित होनेवाले त्र-20 की बैठक में स्नरह्र (Foundational Literacy & Numeracy) को इस बार थीम के रूप में चयनित किया गया है। उपायुक्त महोदय द्वारा वर्ग 1 से 3 तक के नए निपुण भारत के तहत एफ एल एन द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उसकी उपयोगिता और सार्थकता की भी जानकारी सभी शिक्षकों को बुनियादी स्तर पर दिए जाने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर द्वारा एफ0एल0एन0 और निपुण भारत मिशन की जानकारी देते हुए विषय प्रवेश कराते हुए सभी शिक्षकों की महती भूमिका और उनके विद्यालय स्तर पर उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। सभी शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के तहत वर्ग 1 से 3 के छात्रों को 2026-27 तक उनके बुनियादी शिक्षा एवं उनमें संख्यात्मक ज्ञान (एफ एल एन) लक्ष्य की प्राप्ति की भी जानकारी दी गई। साथ ही उक्त कार्यक्रम में आप सभी शिक्षकों/प्रखण्ड और संकुल स्तर के कर्मियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है, की भी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि स्नरह्र में बच्चे समय से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यायुक्त का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। समुदाय का सहभागिता इस कार्यक्रम की अमूल्य कड़ी है। विद्यालय स्तर पर सामुदायिक फोरम को सशक्त किया जाना आवश्यक है। कार्यशाला में एपीओ अशोक कुमार पांडेय और एसीपी श्याम चौधरी के द्वारा पीपीटी और स्लाइड के माध्यम से निपुण भारत मिशन एवं एफ एल एन कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया,जिसके अनुसार वर्ष 2026-27 तक कक्षा 1 से 3 के बच्चों में शत प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान विकसित किया जाना है।एफ एल एन किट के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया विशेषकर पैरेंटल,कैलेंडर एवं नूपुर रेडिसनेश,बिग बुक आदि पाठ्य पुस्तिका के बारे में सहित एफ एल एन किट एवं सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना से बच्चों के विकास के लिए बहुत कारगर साबित होगी।निपुण भारत का संचालन शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा किया जाएगा। यह योजना स्कूली शिक्षा कार्यक्रम समग्र शिक्षा का एक हिस्सा होगी। इस योजना को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आरंभ किया गया है। आज के कार्यक्रम में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुजया पांडेय, प्रमुख; पेशरार, कूडु, राज्य से एफ एल एन प्रतिनिधि सीमा, विश्वदीपक झा, सरिता एक्का, सपना सिंह, एसीपी श्याम कुमार चौधरी,एफएलएन केआरपी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,सभी बीआरपी, सीआरपी, जिले के सभी प्रखण्ड के सभी विद्यालयों (1-8) के शिक्षक, पिरामल फाउंडेशन, सिनी टाटा ट्रस्ट आदि के प्रतिनिधि और प्रतिभागी उपस्थित थे।

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना कैम्प में 133 बालिकाओं से किया आवेदन प्राप्त



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का कैम्प आयोजित कर आवेदन प्रपत्र लिया गया। सरकार द्वारा बालिकाओं का विकास और पढ़ाई लिखाई के लिये सहयोग करने के उद्देश्य से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना संचालित किया गया है। उसी निमित सेन्हा व पेशरार प्रखंड के लिये सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का कैम्प आयोजित कर 133 बालिकाओं से आवेदन प्राप्त किया गया। साथ ही जानकारी देते हुए पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने बताया कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 8 वीं से 9 वीं कक्षा की छात्रओं को 2500 10 वीं से 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रओं को 5000 और 18 से 19 वर्ष की छात्राओं को 25000 हजार सरकार की ओर से छात्रओं को पढ़ाई व विकास के लिये सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही कहा कि सेन्हा प्रखंड के सभी 11 पंचायत और पेशरार प्रखंड के दो पंचायत तुईमु और हेसाग से विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली 3000 छत्राओ से आवेदन लेना है। मौके पर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंजनी बेक के अलावे आंगनबाड़ी सेविका व सैकड़ो छात्राएँ उपस्थित थे।

## ग्राम जल स्वच्छता समिति द्वारा संचालित ग्रामीण जलापूर्ति योजना शीघ्र पुनःहोगी चालू : मुखिया



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल ग्राम जल स्वच्छता समिति के द्वारा संचालित कैरो ग्रामीण जलापूर्ति योजना तकनीकी खराबियाँ के कारण आम लोंगो को नहीं बुझा पा रहा है प्यास। बिदित है कि उक्त योजना से कैरो, उतका, नयाटोली, विराजपुर, जामुनटोली, एवं कुडु प्रखंड क्षेत्र के सिन्जो, बारडीह, एवं उमरी को मिलती थी पेयजल की सुविधा, परंतु इन दिनों आफिस मे लगे मशीन एवं मोटर मे तकनिकी गड़बड़ीयों के कारण लोगो नही बुझ पा रही है प्यास। जहाँ एक ओर भीषण गर्मी की तपिश से पानी के बिना लोगों का जीवन त्रस्त है,वही बिजली की आंख मिचौनी से भी लोग त्रस्त हैं। ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पुनः चालू किये जाने को लेकर संवाददाता ने मुखिया बीरेन्द्र महली से पुछताछ के क्रम में मुखिया ने बताया की योजना की मोटर की तकनीकि खराबियाँ की जानकारी पेयजल स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा विभाग को सूचना दे दी गई है, मोटर के तकनिकी गड़बड़ीयों को शीघ्र दुरूस्त कर पोषक क्षेत्रो मे पानी की व्यवस्था पुर्व की तरह ही बहाल कर दी जायेगी।

# डिजिटल युग में युवा निभा सकता है बड़ी जिम्मेदारी : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के बासेन पंचायत के किनकेल पारिस के ढिंगुरपानी लोंगोटोली मण्डली में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यि अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि किसी भी देश व समाज को बनाने या बिगाडने में उस देश की युवा पीढ़ी की मुख्य भूमिका होती है। युवा पीढ़ी में न केवल जोश व उत्साह होता है। बल्कि उनमें नए विचारों की सृजनात्मक व परिवर्तन लाने वाली दक्षता भी होती है। विधायक ने कहा कि यदि युवा अपने मन में कुछ करने की ठान लें तो उनके लिए कुछ भी असम्भव नहीं है। आज के डिजिटल युग में युवा वर्ग एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभा सकता है। बुरी संगत को त्याग कर अच्छी संगत का साथ देना चाहिए। याद रखें कि यदि लोहे को खुली हवा में बाहर रख दिया जाए तो उसे जंग लग जाता है। मगर उसी लोहे को यदि आग से गुजारा जाए तो वह एक बहुमूल्य स्टील का रूप धारण कर लेता है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, पसस प्रमिला कुजूर, मो. अच्छण, वार्ड गणेश प्रसाद, प्रा. प्रमोद किंडो, सुबोध एक्का, प्रबल मिंज, ऑलिभा केरकेट्टा, रजनी केरकेट्टा, जीवन मसीह केरकेट्टा, जोसेफा केरकेट्टा, इनोसेंट केरकेट्टा, आदि युवा युवती और मसीही विश्वासी शामिल थे।

# विशेष धावा दल ने गढ़वाल निर्माण ईट भट्ठा में बाल श्रमिकों के रेस्क्यू हेतु किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर श्रम विभाग की ओर से आज ग्राम स्वराज संस्थान (एनजीओ) लोहरदगा के सहयोग से जिला के चिन्हित स्थानों में शिकायत के आधार पर गठित विशेष धावा दल के द्वारा आज लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के छेछ्रा नावाडीह, दुलरू, शाहेदा आदि स्थानों में गढ़वाल निर्माण ईट भट्ठा में बाल श्रमिकों के रेस्क्यू हेतु निरीक्षण किया गया एवं सत्यापन किया गया एक भी बाल मजदूर प्राप्त नहीं हुए। आज 12 जून जहां पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मना रहा है लोहरदगा जिले में भी बाल श्रमिकों के रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। उपरोक्त अभियान में कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, संरक्षण पदाधिकारी-संस्थानिक देखरेख अनुरंजन कुमार, बाल कल्याण समिति की सदस्य मनोरमा मिंज, एलजीएसएस के विक्रम कुमार, धीरेंद्र कुमार यादव, चाइल्डलाइन के मुकेश कुमार साहू, टीम मेंबर के अलावे बनारसी प्रसाद पुलिस निरीक्षक, किस्को थाना प्रभारी पॉलकार्प टोप्पो एवं पुलिस बल सम्मिलित रहे।

## जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले लगातार किया जा रहा है हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा प्रखंड के बीरू पंचायत के कुम्हार बांध गांव एवं जपकाकोना गांव में जन भावना फाउंडेशन (NGO) के बैनर तले बीरू पंचायत हेड द्रौपदी कुमारी के अगुवाई में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार को विशेष रूप से उपस्थित होकर कहा कि जनभावना फाउंडेशन वर्तमान में जिस तरह से काम कर रही है आने वाले दिनों में पूरे पंचायत के लोगों तक सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुँचा कर लाभ दिया जाएगा।साथ ही साथ बाल विवाह में रोक थाम का कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो।जनभावना फाउंडेशन का उद्देश्य है हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार। अभी वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं।वर्तमान में जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में दोनों गांव मिलाकर कुल 166 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 107 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 59 लोगों ने पंजीकरण कराया। मौके पर गरजा पंचायत हेड संदीप बड़ाईक एवं पंचायत हेड तामड़ा विल्सन मांझी सहित काफी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा किया उर्जा रथ को रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा आज उर्जा विभाग, लोहरदगा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में समाहरणालय परिसर से उर्जा रथ को सभी प्रखण्डों में जागरूकता के लिए रवाना किया गया। राज्य सरकार के वन टाईम सेटलमेंट योजना के अंतर्गत उर्जा रथ द्वारा सभी प्रखण्डों में 30 जून 2023 तक लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके योजना के तहत वैसे उपभोक्ता जिनके पास 5 केवी से कम लोड का घरेलू या कृषि कनेक्शन है और बिजली बिल का लंबा बकाया है वैसे उपभोक्ताओं का बकाये बिजली बिल में दिनांक 31.12.2022 तक लगनेवाला ब्याज माफ हो जाएगा। वैसे उपभोक्ता विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में 10 बजे पूर्वाहन से 3 बजे अपराह्न तक के बीच संपर्क कर अपने बकाये बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

## नियोजनालय कार्यालय में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला नियोजन कार्यालय लोहरदगा में आज प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में नियोक्ता कंपनियों;परम स्किल्ल्स, होंडा, हिण्डालको, कल्याण गुरूकुल द्वारा कुल 163 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया है एवं 43 छात्रों को जॉब ऑफर लेटर भी दिया गया। मेला का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल द्वारा किया गया। उन्होंने इस अप्रेंटिस मेला का भरपूर लाभ उठाने की अपील की और कहा कि विभाग द्वारा यह सराहनीय प्रयास है। जिला के जो भी युवक-युवतियां जो छूटे हुए हैं, अपना निबंधन जिला नियोजन कार्यालय में कराएं ताकि जॉब फेयर में प्राथमिकता मिले। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, प्रवीर कुमार एवं केंद्रीय समन्वयक अवनीश विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आज मंत्री सह विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव जनसुनवाई कार्यक्रम में होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कल दिनांक 13 जून 2023 दिन मंगलवार को पेशरार प्रखंड के निम्न कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे। लोहरदगा परिसदन से पेशरार के लिए प्रस्थान। आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का शुभ उद्धघाटन करेंगे। आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का शिलान्यास करेंगे। प्रखंड मुख्यालय पेशरार में समय 11:00 बजे से माननीय मंत्री जी के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी पेशरार के सभी पदाधिकारीगण, पेशरार प्रखंड प्रमुख पेशरार प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

## मोटरसाईकिल दुर्घटना में घटनास्थल पर ही हुई एक की मौत

**बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय के सरसलोंगरी मोड़ के पास मोटरसाईकिल दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार समसेरा डेराटोली निवासी राजकिशोर बड़ाईक, पिता स्व. रामु बड़ाईक उम्र करीब 22 वर्ष किसी परिचित को मोटरसाईकिल से छोड़ने के लिए कुरडेग गया हुआ था। लौटने के क्रम में बोलबा प्रखण्ड के सरसलोंगरी मोड़ के पास इसकी मोटरसाईकिल असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर एम्बुलेंस के साथ थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ पहुंचे।आनन फानन में युवक को अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने सांस नहीं चलने की बात कही लेकिन परिजनों ने आस नहीं छोड़ी तथा सदर अस्पताल रेफर करवाया जहां डॉक्टरों ने राजकिशोर बड़ाईक को मृत घोषित कर दिया।

# निष्ठा केंद्र में युवतियों को जॉब ऑफर एवं प्रमाण पत्र निर्गत कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**➲युवतियां व महिलाएं अच्छे मुकाम प्राप्त कर आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर : अभिनव कुमार**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** निष्ठा संस्थान द्वारा सेन्हा प्रशिक्षण केंद्र में कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों को प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात जॉब ऑफर की दी गई जानकारी 113 युवती का हुआ सेलेक्शन लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा थाना के समीप संचालित सक्ष्म झारखंड कौशल विकास केंद्र के तत्वधान में संचालित निष्ठा संस्था केंद्र में कार्यशाला का आयोजन कर सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों को विभिन्न कम्पनियों में जॉब ऑफर की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। तथा 113 युवतियों को विभिन्न कम्पनी में जॉब के लिए चयन किया गया। कार्यशाला कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों को बुके प्रदान कर अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रम अधीक्षक सह कौशल पदाधिकारी के आदेशनुसार प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों को नौकरी विभिन्न कम्पनी में दिलाने एवं प्रमाण पत्र वितरण करने को लेकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों को एवं जो प्रशिक्षण ले चुकी है उन सभी युवतियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा गया कि आज के समय में युवतियां एवं महिलाएं समय के साथ चल रही है। और अच्छे मुकाम को प्राप्त कर आत्मनिर्भर के साथ स्वालंबी बन रही है। बताते हुए उन्होंने कहा देश के किसी क्षेत्र में अपना कार्य का अच्छा प्रदर्शन कर गांव समाज में जगरुक्ता फैलाने पर जोर दिया गया। वहीं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 200 युवतियों को नौकरी कैसे मिलेगा और किस क्षेत्र में मिलेगा तथा इस प्रशिक्षण से कैसे आगे बढ़ेंगे सहित आत्मनिर्भर को लेकर विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर शुभम मिश्रा पेलेसमेन्ट मैनेजर प्रिया कौमल सेंटर मैनेजर सुमित कुमार सहित अविभावक एवं युवतियां शामिल थी।

## ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत कोरोमिया महतोटोली में जनता से रुबरु हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी

# आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ाकर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, हमे सजग रहने की जरूरत है : विधायक कोंगाड़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत कोरोमियां पंचायत के कोरोमिया महतोटोली ग्रामीणों द्वारा आहूत बैठक में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपने सम्मानित विधायक एवं उनके सहयोगियों को नाच गान करते हुए मंच तक ले गए। साथ ही मंच पर माननीय विधायक का स्वागत हाथ धुलाई कर एवं फूल गुच्छा देकर अभिवादन किया। कार्यक्रम स्थल पर ईसाई उरांव के लोगों के द्वारा अपने उरांव भाषा संस्कृति परम्परा को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उक्त बैठक में वहां के ग्रामीणों द्वारा अपने समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। सड़क, पानी, बिजली, आवास बृध्दा पेंशन योजना आदि के लिए अवगत कराया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सबसे पहले मैं आप सभी लोगों को मेरी ओर से बहुत बहुत बधाई, क्योंकि आपलोगों ने बहुत ही अच्छे ढंग से हमलोगों का स्वागत फूल माला देकर किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्तमान में केन्द्र और भाजपा के लोगों के द्वारा आदिवासी विरोधी वक्तव्य देकर आदिवासी एकता को समाप्त करने के लिए ईसाई आदिवासियों को आदिवासी सूचि से बाहर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। ईसाई विरोधी लोगों के माध्यम से बयान दिया जाता है कि ये लोग धर्म परिवर्तन करने के कारण ये लोग अपने मूल अपने भाषा संस्कृति परम्परा को भूल गए हैं।जो आरोप पूर्णतः निराधार और झूठा है। ईसाई आदिवासी अपने भाषा संस्कृति परम्परा को आज भी जानते हैं जानते ही नहीं बल्कि निभाते हैं। आज इसी परम्परा को प्रदर्शित करने के लिए ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत कोरोमियां पंचायत महतो पाहन टोली ग्राम में उरांव जनजाति के पांच गांव के लिए अपने भाषा संस्कृति एवं परम्पराओं को को प्रदर्शित करना का काम किया।इसका सीधा जवाब उन लोगों के लिए संदेश है कि उन लोगों के लगाए आरोप झूठा है और वो ईसाई आदिवासी विरोधी है। क्यों कि आपलोगों ने उसका करारा जबाब है। विरोधियों का मंशा सिर्फ और सिर्फ आदिवासी अधिकार और कब्जे वाली जल जंगल जमीन को हथियाना है। चूंकि देश में सबसे कीमती सबसे सुंदर और सबसे अनूकूल वातावरण वाला भूखण्ड है जिसे छिनने के नियत से आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ाकर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है और हमारी जमीन को छीनने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। यही कारण है कि देश बिखण्डित करने वाले लोग डीलिस्टिंग का मांग कर रहे हैं। इसलिए हमें सजग रहने की आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि जब भारत देश को आजादी मिली और कांग्रेस की सरकार बनी, सरकार बनते ही हमारे देश के सरकार ने गरीबों का उत्थान कैसे हो, तो सर्व प्रथम जमींदारी प्रथा को समाप्त करते हुए, उन जमींदारों से जमीन छीन कर गरीबों के बीच बांटने का कार्य किया। आदिवासियों की जमीन बचे और सुरक्षित रखने के लिए सी एन टी एस पी टी कानून बनाकर आदिवासियों को अधिकार दिया, जिससे आदिवासी की जमीन कोई दूसरा नहीं ले पाए। साथ ही साथ माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी की ओर से पुरुत्साहन के रूप में माँदर दिया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## चलते चलते एक नजर

### शिक्षा न्यायाधिकरण से शुरू हुआ हाईकोर्ट का पहला दिन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)।** सोमवार 12 मई को झारखंड के नए हाईकोर्ट भवन में सुनवाई शुरू हुई। बता दें कि 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से इसका उद्घाटन किया था। देश के सबसे बड़े इस हाईकोर्ट में पहले दिन मुख्य न्यायाधीश की अदालत में शिक्षा न्यायाधिकरण से जुड़े मामले में पहली सुनवाई दोपहर दो बजे से हुई। हाईकोर्ट में इंट्री को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गये थे। यहां पहले पुलिस जांच और फिर हाईकोर्ट के द्वारा जारी पास की चेकिंग के बाद ही अंदर इंट्री दी जाती है। हाईकोर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां जज के लिए आलीशान चैम्बर, कोर्ट रूम के साथ वकीलों के लिए भी चैबंर और बैठने की पूरी व्यवस्था की गई है। परिसर में वाई-फाई, सोलर सिस्टम, चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी का बंदोबस्त भी किया गया है। पहले दिन भीड़ू भी देखने को मिली।

### शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुड़मू थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ कारोबारी संजय यादव को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को बताया कि बुड़मू थाना क्षेत्र के मुन्ना नवाटोली में अवैध शराब को कारोबार होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद थाना प्रभारी कमलेश राय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुन्ना नावाटोली में छापेमारी संजय यादव को गिरफ्तार किया गया। इसके घर से 18 पेटी रॉयल प्लेयर शराब बरामद किया गया।

### साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस से तीन हजार लोगों को रोजगार मिलेगा : बन्ना गुप्ता



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सोमवार को लालपुर स्थित होटल रॉयलसेन में साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य में सुव्यवस्थित तरीके से साफ-सुथरा खानपान के लिए साक्ष्य फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को चुना गया है। इससे 3000 लोगों को रोजगार दिया जाएगा। फूड सेफ्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के झारखंड कॉर्डिनेटर रितेश पासवान ने कहा कि लोगों के बीच जागरूकता अभियान में बताया जा रहा है कि लोगों को साफ-सुथरा खानपान दिया जाए। दुकानों में किसी तरह से भंडारण न किया जाए। साथ ही लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रमाण पत्र मुहैया कराया जाये।

# रोजगार मेले में 70 हजार नियुक्ति-पत्र आज बाटेंगे पीएम



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में सरकारी विभागों में नव-नियुक्तों को 70 हजार नियुक्ति-पत्र प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर इन नव-नियुक्तियों को संबोधित भी करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 43 स्थानों पर किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व संघ शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। देशभर से चयनित नव-नियुक्तों को वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखापरीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न विभागों में शामिल होंगी।रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। नव-नियुक्तों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर मिलेगा। यह विभिन्न सरकारी विभागों में नये नियुक्त होने वालों के लिये कामकाज से परिचित होने का ऑनलाइन पाठ्यक्रम है। इस पोर्टल पर 400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

## उपायुक्त ने की भू-राजस्व से संबंधित समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को भू-राजस्व से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, भारत सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न एजेंसियों एवं अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के संबंध में पूरी जानकारी ली। म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने के निर्देश दिये। लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन-म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री की ओर से 15-16 जून को किये जानेवाली समीक्षात्मक बैठक को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निदेश भी पदाधिकारियों को दिया गया।

## झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के परिसर में किया गया पौधरोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के धुर्वा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में सोमवार को कामकाज शुरू हो गया। पहले कामकाजी दिन को यादगार बनाने के मकसद से नया भवन परिसर में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत अन्य प्रबुद्ध लोगों ने पौधरोपण किया। हाई कोर्ट के नए भवन में सुबह 9:30 बजे पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ।

मौके पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने कहा कि आज का दिन काफी शुभ है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मावकाश के तीन सप्ताह में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सहित कर्मियों ने छुट्टी नहीं ली, ताकि शिफ्टिंग का काम पूरा हो सके।

अब शिफ्टिंग का काम पूरा हो गया है। आज से हाई कोर्ट अपने नए भवन में शुरू हो रहा है। इस शुभ दिन को यादगार बनाए रखने के लिए हम लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया है।

पौधरोपण कार्यक्रम में हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट के प्रेसिडेंट ऋतु कुमार और स्टेट बार कार्उसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, एसोसिएशन के धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## लैंड स्कैम: पूर्व डीसी छवि रंजन सहित दस के खिलाफ ईडी ने दायर किया आरोप पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित दस के खिलाफ सोमवार को आरोप पत्र दायर किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में ईडी के अधिकारी कागजात लेकर पहुंचे और कोर्ट में जमा किया।

साथ ही ईडी ने कई साक्ष्य और अब तक की जांच में आरोपितों के खिलाफ जो तथ्य सामने आए हैं, उसकी पूरी जानकारी दी है। जमीन घोटाले के अब तक की जांच में अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से पहले ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है।

उल्लेखनीय है कि मामले में 13 अप्रैल को ईडी ने जमीन कारोबारी और खुद को सेना के कब्जे वाले भूखंड का कथित रैयत बताने वाले प्रदीप बागची, राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को चार अप्रैल को गिरफ्तार किया था। जबकि सात जून को अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था।


# शिक्षा से ही समाज को बेहतर बनाया जा सकता है : एसएसपी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को कांटा टोली स्थित कनाया बैंक्विट हॉल में सामाजिक संस्था शेपिंग लाइफ फाउंडेशन व विद्यार्थ अकेडमी संस्था के सौजन्य से कांटा टोली क्षेत्र के मैट्रिक तथा इंटर 2023 के परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले करीब 40 छात्र-छात्राओं को वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे और उन्होंने मौके पर छात्र- छात्राओं को सकारात्मक रूप से लगातार प्रयास करने की सलाह देते हैं कहा कि शिक्षा से ही समाज को बेहतर बनाया जा सकता है, शिक्षा के बगैर समाज और राज्य का विकास संभव नहीं है। उन्होंने छात्रों को सफल नागरिक बनने के गुण भी बताएं और भविष्य में बेहतर करने का आशीर्वाद दिया। वहीं रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार मुकुल चंद्र मेहता ने छात्रों को सफलता की बधाई देते हुए बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया । एस एम कंप्यूटर के निदेशक मंजर इमाम ने कहा कि हर जमाने में सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट ही सफलता अर्जित करता है अन्त छात्र अपने आप को बेहतर बनाने का प्रयास करें । छात्र नेता एस अली ने सी यू ई टी में में स्थानीय छात्रों को होने वाली समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया।आई आई सी सी के निदेशक महबूब आलम ने निर्धारित प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी है ।कार्यक्रम का संचालन शेपिंग लाइफ फाउंडेशन के निदेशक औरंगजेब खान ने किया और धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी शहजाद आलम ने किया । इस अवसर पर डॉक्टर असलम परवेज, नेहाल अहमद, नवाजिश हुसैन, पूर्व क्रिकेटर एसएम सिद्दीकी, शहाब आर्यन, परवाज खान, एच एम पब्लिक स्कूल के निदेशक अरविंद कुमार, इलियास मजीद, सोहेल अख्तर, इश्तियाक, शहाबुद्दीन, शाहनवाज शाह एवं छात्र-छात्राओं के गार्जियन आदि उपस्थित थे ।

### सांसद सरोज पांडेय 13 जून को आएंगी रांची



**रांची :** भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं महा जनसंपर्क अभियान की झारखंड प्रभारी सांसद सरोज पांडेय मंगलवार को सेवा विमान से अपराह्न तीन बजे रांची आएंगी। यह जानकारी सोमवार को अभियान के प्रांत संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद पांडेय वाईबीएन स्कूल धुर्वा में हटिया विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को चार बजे अपराह्न संबोधित करेंगी। वे शाम पांच बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान की प्रदेश समिति की बैठक में भाग लेंगी। शाम सात बजे सेवा विमान द्वारा दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

## मोदी-योगी के नेतृत्व में ऊर्जा निर्यातक बनेगा भारत : गडकरी



एजेंसी

**देवरिया :** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि ऊर्जा के विकल्पों पर जिस तरह से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रयास हो रहे हैं, उससे आने वाले वर्षों में देश ऊर्जा का निर्यातक बनेगा। गडकरी सोमवार को देवरिया में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की 05 बड़ी सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि अन्नदाता की तकदीर तब बदलेगी जब वह उर्जादाता भी बनेगा। इस देश को दुनिया का इकोनॉमिक सुपर पावर बनाने का सपना किसान ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का लगातार विकास कर रहे योगी, इसी सोच के साथ दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए एथेनाल उत्पादन पर अधिक जोर देने की जरूरत है। देश 16 लाख करोड़ रुपये का डीजल-पेट्रोल, गैस का आयात करता है। यदि एथेनॉल का उत्पादन बढ़ेगा तो आयात कम होगा और विदेश जाने वाला रुपया किसानों के घर जाएगा। उन्होंने कहा कि देश मे 1000 करोड़ लीटर एथेनाल की जरूरत है जबकि उत्पादन 500 करोड़ लीटर का ही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हाइड्रोजन ऊर्जा क्षेत्र का भविष्य है। उनकी मंशा है कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश हाइड्रोजन ऊर्जा बनाने वाला पहला राज्य बने क्योंकि योगी वेस्ट से वेल्थ बनाना जानते हैं। कचरे से, गंदे पानी से, बगास से हाइड्रोजन बन सकता है। उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है कि उसके पास जमीन और पानी की कोई कमी नहीं है।

## विदेश मंत्री जयशंकर की अध्यक्षता में शुरू हुई जी-20 के विकास मंत्रियों की बैठक




एजेंसी

**वाराणसी।** जी-20 के विकास मंत्रियों की बैठक सोमवार को यहां के बड़ालालपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल सभागार में शुरू हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में जी-20 के सभी सदस्यों के अलावा नौ अतिथि देश और 10 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि सहित 200 लोग भाग ले रहे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के बाद डॉ. जयशंकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वैश्विक आर्थिक सुधार की धीमी गति व अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुटता के साथ वैश्विक स्तर पर कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबा कर्ज संकट और ऊर्जा, खाद्य एवं उर्वरक सुरक्षा पर दबाव, श्रृंखला में बाधा के चलते वैश्विक सुधार की गति धीमी है। ऐसे में भारत ने टिकाऊ विकास लक्ष्यों की प्रगति को गति प्रदान करने के लिए महत्वाकांक्षी सात वर्षीय कार्य योजना तैयार की है। इसमें जी-20 गतिविधियों के लिए समन्वित एवं समावेशी खाका पेश किया गया है। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस खाका में डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत ढांचा, विकास के लिए डाटा को मजबूत करने, महिला नीत विकास के लिए निवेश और पृथ्वी की सुरक्षा के लिए ऊर्जा संसाधनों के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया गया है. डॉ. जयशंकर ने कहा कि दुनिया आज अभूतपूर्व एवं विविध संकटों का सामना कर रही है। हमारा युग दिन प्रतिदिन अधिक परिवर्तनशील और अनिश्चित होता जा रहा है। इससे कई देशों पर बढ़ती महंगाई, बढ़ती ब्याज दर और सिकुड़ते राजकोष का प्रभाव पड़ा है। हमेशा की तरह, ऐसे समय में कमजोर और कमजोर लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है विकास के लिए डेटा एवं डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए साहसिक, निर्णायक कार्रवाई की, जो दुनियाभर में ज़मीनी स्तर पर नवाचारों को तुरत प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक है। इन नवाचारों के साथ भारत के अपने अनुभव ने आधे दशक से भी कम समय में हमारे समाज और शासन को बदल दिया है।

# मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में आर्ट्स व कॉमर्स के सफल छात्रों को किया गया सम्मानित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में कला एवं वणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज मे कला एवं वणिज्य संकाय के बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कला संकाय मे सत्कार कुमार 394 अंक लाकर प्रथम स्थान,अश्विनी कुमार सिंह ने 382 अंक लाकर द्वितीय स्थान एवं ज्योति कुमारी गुप्ता ने 372 अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही सूरज प्रकाश 371, रौशन कुमार 369, अर्चना कुमारी 366, पूजा कुमारी 360, अदिति कुमारी 346, पुष्प सिंह 341, गगन कुमार 333 अंक लाकर उत्तीर्ण हुए। वही वणिज्य संकाय मे शिम्पी कुमारी 381, रानी रंगोली 380, हर्षित अग्रवाल ने 378 अंक लाकर अव्वल रहे। कॉलेज के प्राचार्या डा. स्वेता कुमारी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और आगे अच्छी शिक्षा व समाज मे अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्राचार्या ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिभा सम्मान समारोह का समापन किया।

### इंटर आर्ट्स में होगा निःशुल्क नामांकन

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. श्वेता कुमारी ने बताया कि आर्ट्स में बच्चों का निःशुल्क नामांकन होगा। नामांकन में बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज में क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं किया जाता है। यहां सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रबंधन क्वालिटी एजुकेशन में विश्वास रखता है। गौरतलब है कि पलामू का मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज का रिजल्ट हर वर्ष शानदार होता है। इस कॉलेज में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे राज्य और जिला स्तर पर टॉप करते हैं। कॉलेज के साइंस,आर्ट्स और कॉमर्स के छात्रों के कैरियर को लेकर भी कॉलेज प्रबंधन पूरी तरह से सचेत रहता है।